राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 21 मई 2026
वर्ष 07, अंक 225, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

दर्जनों गांवों में तैनात सफाई कर्मियों का स्थानांतरण करना DPRO के लिए बना चुनौती..02

डीसीपी यातायात ने दी बस स्टैंड के बाहर खड़ी बसों के ड्राइवरों को चेतावनी, अतिक्रमण हटवाया...11

# जूस के पैक में वोदका! क्या बच्चों की पहुंच में आ गई शराब? सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**» सुप्रीम कोर्ट में शराब की टेट्रा पैक और पाउच पैकेजिंग पर प्रतिबंध की मांग को लेकर जनहित याचिका दाखिल की गयी है. याचिका में जूस जैसी पैकेजिंग से होने वाले भ्रम और युवाओं पर खतरे का जिक्र है. चीफ जस्टिस की बेंच ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है**




वोदका या शराब की पैकिंग अब जूस के जैसी हो गई है? चौकिए मत, टेट्रा पैक और पाउच में बिकने वाली शराब को लेकर इन दिनों चर्चा गर्म है और अब देश की सबसे बड़ी अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट में एक कानूनी लड़ाई शुरू हो चुकी है. क्या वाकई टेट्रा पैक में शराब की बिक्री हमेशा के लिए बंद होने वाली है? आइए इस पूरे मामले को बिल्कुल साफ-साफ समझते हैं। भारत में शराब की बिक्री और उसकी पैकेजिंग के तरीकों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक बहुत ही अहम जनहित याचिका दायर की गई है. इस याचिका में मांग की गई है कि टेट्रा पैक, सैशे और छोटे पाउच जैसी पैकेजिंग में शराब बेचने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

मामला इतना गंभीर है कि देश के मुख्य न्यायाधीश यानी चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की तीन जजों की विशेष बेंच ने इस पर न सिर्फ सुनवाई की सहमति दी है, बल्कि केंद्र सरकार समेत कई बड़े पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया है. आज हम समझेंगे कि आखिर इस आधुनिक पैकेजिंग से देश को क्या खतरा है?

**जूस और शराब का खतरनाक भ्रम**

इस पूरे मामले की शुरुआत एक सामाजिक संगठन 'कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग' की याचिका से हुई है. अदालत में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील विपिन नायर ने जो तर्क दिए, उन्होंने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सामने साफ शब्दों में कहा कि आजकल बाजार में फलों के जूस और शराब की पैकेजिंग में जानबूझकर एक ऐसा भ्रम यानी कन्फ्यूजन पैदा किया जा रहा है, जो बेहद खतरनाक है।

कंपनियां अपने टेट्रा पैक पर सेब और दूसरे रसीले फलों की तस्वीरें लगा रही हैं, जबकि हकीकत में उस पैक के अंदर वोदका जैसी तेज शराब भरी होती है. अब जरा उस स्थिति की कल्पना कीजिए जहाँ एक आम नागरिक या कोई मासूम बच्चा सिर्फ बाहर छपी तस्वीर को देखकर उसे फलों का जूस समझ बैठे।

वकील विपिन नायर का कहना है कि इस तरह की चालाकी भरी पैकेजिंग सीधे तौर पर हमारे युवाओं और बच्चों को गुमराह कर रही है. कानूनन, देश के नागरिकों के स्वास्थ्य और उनके जीवन की रक्षा करना राज्य का पहला संवैधानिक कर्तव्य है और इस तरह की पैकेजिंग उस कर्तव्य का सीधा उल्लंघन है।

**आबकारी नियमों की खामियां और 'बोतल' का खेल**

अब सवाल यह उठता है कि शराब बनाने वाली कंपनियां आखिर ऐसा कर कैसे पा रही हैं? इसके पीछे हमारे पुराने और अस्पष्ट कानूनों की एक बहुत बड़ी खामी है. याचिका में यह मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया गया है कि हमारे मौजूदा आबकारी नियमों यानी एक्साइज कानूनों में 'बोतल' (Bottle) शब्द की कोई स्पष्ट और सटीक परिभाषा तय ही नहीं है. कानून में मौजूद इसी ढिलाई का फायदा उठाकर शराब कंपनियां कांच की पारंपरिक बोतलों को छोड़कर टेट्रा पैक, पाउच और छोटे-छोटे प्लास्टिक सैशे में शराब भरकर धड़ल्ले से बाजार में बेच रही हैं।

चूंकि ये पैक दिखने में बिल्कुल आम मैंगो जूस या एप्पल जूस जैसे लगते हैं, इसलिए इन्हें आसानी से छिपाया जा सकता है, कहीं भी ले जाया जा सकता है और कोई भी इन्हें देखकर पहली नजर में यह अंदाजा नहीं लगा सकता कि इसके भीतर कोई नशीला पदार्थ है. याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि जब तक कानून में बॉटलिंग के कड़े मानक तय नहीं होंगे, तब तक यह भ्रम और इससे जुड़े खतरे समाज में लगातार बढ़ते रहेंगे।

**क्या भारत में टेट्रा पैक शराब की बिक्री बंद होगी?**

इस खतरे को देखते हुए जनहित याचिका में देश की सर्वोच्च अदालत से बहुत ही सख्त और स्पष्ट कदम उठाने की मांग की गई है. याचिकाकर्ताओं ने मुख्य रूप से केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की मांग की है कि वह देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक समान राष्ट्रीय नीति यानी 'यूनिफॉर्म पॉलिसी' तैयार करे. इसके तहत जूस के डिब्बों जैसे दिखने वाले तमाम टेट्रा पैक, प्लास्टिक सैशे और छोटे पाउच में शराब की बिक्री पर तुरंत और पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

इसके साथ ही याचिका में यह भी कहा गया है कि राज्यों को अपने-अपने एक्साइज कानूनों और नियमों में जल्द से जल्द संशोधन करना चाहिए. कानून में सुधार करके बॉटलिंग की एक ऐसी परिभाषा तय हो, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि शराब केवल और केवल कांच की बोतलों या फिर ऐसे पारदर्शी कंटेनरों में ही बेची जाए जो साफ तौर पर अलग दिखाई दें. जब शराब सिर्फ कांच की पारंपरिक बोतलों में मिलेगी, तो उपभोक्ताओं या बच्चों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की कोई गुंजाइश बाकी नहीं रहेगी।

**टेट्रा पैक में शराब पर कानूनी लड़ाई**

तो इस पूरे मामले का निष्कर्ष क्या है? पहली बात तो यह कि पैकेजिंग का आधुनिक होना अच्छा है, लेकिन जब वह आधुनिकता समाज के सबसे संवेदनशील हिस्से यानी बच्चों और युवाओं के लिए एक अदृश्य जाल बन जाए, तो कानून को हस्तक्षेप करना ही पड़ता है. सुप्रीम कोर्ट का इस मामले पर सुनवाई के लिए तैयार होना और केंद्र सरकार को नोटिस भेजना यह दिखाता है कि न्यायपालिका भी इस खतरे की गंभीरता को समझ रही है। समाधान बहुत सीधा है - शराब और फलों के जूस जैसे स्वास्थ्यवर्धक पेयों के बीच एक बहुत बड़ी और स्पष्ट विभाजन रेखा होनी चाहिए. चाहे वह रंग हो, आकार हो या पैकेजिंग का माध्यम - अंतर ऐसा होना चाहिए जिसे एक बच्चा भी दूर से पहचान सके. अब देखना यह होगा कि केंद्र सरकार इस नोटिस पर अदालत में क्या जवाब दाखिल करती है और क्या वाकई आने वाले दिनों में भारत के ठेकों से टेट्रा पैक वाले ब्रांड पूरी तरह गायब हो जाएंगे।

# आधार पर सुप्रीम कोर्ट में पीआई एल... सिर्फ पहचान प्रमाण के तौर पर इस्तेमाल की मांग

**● BJP ने लगाए आरोप**

**● भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें यह निर्देश देने की मांग की गई है कि आधार कार्ड का इस्तेमाल केवल पहचान के प्रमाण के तौर पर ही किया जाए. याचिका में आरोप लगाया गया है कि विभिन्न सरकारी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में, आधार का इस्तेमाल फिलहाल नागरिकता, निवास स्थान, आवासीय पता और जन्म तिथि के प्रमाण के तौर पर किया जा रहा है, जो कि कानून के अनुरूप नहीं है**




भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें यह निर्देश देने की मांग की गई है कि आधार कार्ड का इस्तेमाल केवल पहचान के प्रमाण के तौर पर ही किया जाए. याचिका में केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों और भारत के चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है कि आधार का इस्तेमाल सख्ती से केवल पहचान के सत्यापन तक ही सीमित रहे।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि विभिन्न सरकारी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में, आधार का इस्तेमाल फिलहाल नागरिकता, निवास स्थान, आवासीय पता और जन्म तिथि के प्रमाण के तौर पर किया जा रहा है, जो कि कानून के अनुरूप नहीं है. वकील अश्विनी उपाध्याय ने जोर देकर कहा है कि आधार अधिनियम, 2016 की धारा 9 के अनुसार, आधार को नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं माना जा सकता है. इस कानूनी प्रावधान के बावजूद, नए मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान आधार को फिलहाल जन्म तिथि और निवास के प्रमाण के तौर पर स्वीकार किया जा रहा है.

याचिका में आगे यह भी अनुरोध किया गया है कि नए मतदाता पंजीकरण के आवेदनों में जन्म तिथि और निवास के प्रमाण के तौर पर आधार के इस्तेमाल की वैधता की जांच की जाए. इसमें तर्क दिया गया है कि यह प्रथा आधार अधिनियम, 2016; लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4); और संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती है. इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की मांग की गई है।

**उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार**

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई को भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआई एल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था. इस याचिका में देश भर के सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारियों, सेवादारों और मंदिर कर्मचारियों के वेतन और सेवा शर्तों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति के गठन की मांग की गई थी. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने अश्विनी उपाध्याय को एक सलाह भी दी, जिसमें उनसे कहा गया कि वे मंदिर के पुजारियों से जुड़े मामलों में शामिल न हों।

**अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका पर विचार नहीं**

सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वे संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका पर विचार नहीं कर सकते. हालांकि, उन्होंने टिप्पणी की कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति सीधे अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है. जब पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, तो उपाध्याय को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी गई, साथ ही कानून के तहत उपलब्ध अन्य उपायों को अपनाने की स्वतंत्रता भी दी गई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के दो मैनेजरों की हुई मौत, अलीगढ़ में हुआ तेज रफ्तार में कार हादसा



**अलीगढ़।** गांधी पार्क क्षेत्र में अली नगर के पास बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के दो अधिकारियों की मृत्यु हो गई। कार को असिस्टेंट मैनेजर चला रहीं थीं। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे का कारण तेज रफ्तार माना जा रहा है। इसके चलते कार अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की हरदुआगंज ब्रांच के मैनेजर विवेक चंद्रा और बन्नादेवी ब्रांच की असिस्टेंट मैनेजर तान्या शर्मा के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, दोनों अपने कार्यस्थल से लौटकर फ्लैट पर पहुंचे थे। रात करीब 7 बजे उनकी अपने परिजनों से आखिरी बातचीत हुई थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षित पहुंचने की सूचना दी थी। इसके बाद मंगलवार देर रात यह हादसा हो गया। सूचना बुधवार सुबह पुलिस के माध्यम से परिजनों तक पहुंची। विवेक चंद्रा भरथना (इटावा) के निवासी थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। जबकि तान्या शर्मा देहरादून की रहने वाली थीं।

### अलीगढ़: ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बाजार बंद का मिला-जुला असर



**अलीगढ़।** ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बुधवार को भारतबंद का मिला-जुला असर दिखा। संगठन दो फाड़ नजर आए। जिला अलीगढ़ कैंडी स्टैंड रेगिस्तान संगठन की अपील पर फफाला में व्यापारियों ने दुकान बंद रखीं। जबकि शहर में कुछ दुकानें खुली रही तो कुछ बंद। **रामघाट रोड पर खुली रहीं दुकानें** मेडिकल रोड रामघाट रोड पर तमाम दुकानें खुली हुई नजर आई। केमिस्ट स्टोन ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को ज्ञापन भी दिया।

## महंगाई का झटका झेलने को रहें तैयार, डीजल की कीमत चढ़ी तो ट्रांसपोर्टर्स ने बढ़ा दिया भाड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अलीगढ़।** ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने ट्रक का 10 रुपये प्रति किलोमीटर भाड़ा बढ़ाने का एलान किया है। इसका सीधा प्रभाव ताला-हार्डवेयर व अन्य उत्पादों पर पड़ेगा। इस वृद्धि के मूल में डीजल की बढ़ोत्तरी व अन्य खर्चा बताए गए हैं। देश के विभिन्न राज्यों में ट्रांसपोर्टर अलीगढ़ निर्मित उत्पादों की आपूर्ति करते हैं। शहर से 200 से अधिक ट्रक प्रतिदिन नेपाल, विभिन्न प्रांतों में स्थित बंदरगाहों तक माल की आपूर्ति करते है। शहर में करीब पांच बड़े उद्योगपतियों के पास कंटेनर डिपो का लाइसेंस भी है। इसके अलावा आयतित पीतल, एल्यूमीनियर, जस्ता, जिंक व आयरन स्क्रेप भी आती है। मेल्टिंग स्क्रेप के शहर में छोटे बड़े मिलाकर 500 गोदाम हैं। इसके अलावा ऑटो व्हीकल कंपनियों की नीलामी वाली स्क्रेप भी आती है। दिल्ली, मुंबई, जयपुर, कोलकता व लुधियाना से रेडीमेड गारमेंट्स व साड़ियां भी आती हैं। भाड़ा बढ़ने की कीमतों का असर कारोबार पर पड़ेगा। महंगा ट्रांसपोर्ट होने का बोझ भी ग्राहकों पर पड़ेगा।

**ट्रांसपोर्टर ने 20 से 30 प्रतिशत बढ़ाया भाड़ा**

ताला-हार्डवेयर, आर्टवेयर व यहां निर्मित उत्पादों की विभिन्न प्रदेशों के शहरों में ट्रांसपोर्टर मुख्य कड़ी है। कारोबारियों के अनुसार गत चार वर्षों से भाड़ा नहीं बढ़ाया है,जबकि रोड टैक्स, ट्रक की फिटनेसर, टायर व अन्य कई गुणा महंगा हो गया है। अब डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं।

ट्रांसपोर्टर ने 20 से 30 प्रतिशत तक भाड़ा बढ़ाने की सूचनाएं मैन्युफैक्चरर व ट्रेडर्स को दे दी हैं। अलीगढ़ ट्रांसपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन के किरन प्रताप सिंह ने बताया है कि भाड़े की सूची व्यापारियों के पास पहुंचा दी है। कुछ ट्रांसपोर्टर ने भाड़ा बढ़ा भी दिया है।



लंबी दूरी के राज्य व शहरों के व्यापारियों को रेट लिस्ट भेज दी है। ट्रांसपोर्ट कंपनी के फ्रंचाइजी कारोबारियों ने कंपनियों के उच्चस्तरीय प्रबंधन से नए भाड़ा बढ़ाने के लिए अनुमति मांग है।

बिना बिल व विल्टी के माल भेजने वाले कथित ट्रांसपोर्टर ने इस कारोबार को बुरी तरह प्रभावित किया है। वहुत से ओवर विलिंग माल भी ले जा रहे हैं।

## पीएनजी लाइन से गैस चोरी कर बना रहा था चाऊमीन-नूडल, आगरा में मुकदमा दर्ज

**आगरा।** जगदीशपुरा के अमरपुरा क्षेत्र में पीएनी गैस की लाइन में सेंध लगाने का मामला सामने आया है। आरोपित गैस लाइन से अवैध तरीके से पाइप जोड़ कर चाऊमीन बना रहा था। ग्रीन गैस की पेट्रोलिंग टीम ने आरोपित को रंगे हाथों पकड़ लिया। गैस रिसाव से बड़ा हादसा हो सकता था। मामले में आरोपित के विरुद्ध जगदीशपुरा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला अमरपुरा स्थित जंगी विहार का है। ग्रीन गैस लिमिटेड के प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 12 मई की दोपहर जंगी विहार में टीम नियमित पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान एक मकान में अनाधिकृत तरीके से गैस की चोरी पकड़ी गई। मकान मालिक बसंत कुमार ने गैस की पाइप लाइन में रबर पाइप जोड़ रखा था। वह चोरी की गैस से नूडल्स और चाऊमीन बना रहा था। टीम ने इसकी 112 नंबर पर इसक सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच में गैस चोरी की पुष्टि की। सुरक्षा के चलते टीम ने पुलिस की मौजूदगी में गैस की आपूर्ति बंद कर दी।

## संस्कृति और लोककला को सहेजने की पहल, 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय एवं 'पंख एक पहल फाउंडेशन, उत्तर प्रदेश' की ओर से आयोजित 10 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यशाला का आयोजन सिंधी गर्ल्स इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यशाला की अंतिम प्रस्तुति 19 मई को कॉलेज परिसर में की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया कार्यशाला में लगभग 50 प्रतिभागियों ने वरिष्ठ नृत्यांगना एवं गुरु निधि श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ गायिका नीरजा श्रीवास्तव के निर्देशन में लोकगीत एवं लोकनृत्य की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें देवी गीत 'जगदंबा भवानी आई मोरे अंगना', झूला नृत्य 'हिंडोला झूलन आई सखिया', कजरी 'अरे रामा रिमझिम पड़त फुहार' और मेहंदी गीत 'रुचि रुचि पिसे मेंहदिया' जैसी प्रस्तुतियों का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने भावपूर्ण गायन और नृत्य के माध्यम से इन लोक विधाओं को मंच पर जीवंत किया।

नृत्य में सह-निर्देशन अनामिका यादव, दीपा श्रीवास्तव एवं अभय सिंह ने किया, जबकि गायन में रेनू श्रीवास्तव और शिवानी मौर्य ने सहयोग प्रदान किया। वहीं ढोलक पर अंश भारती, हारमोनियम पर प्रेम तथा साइड रिदम पर अशोक कुमार ने संगत देकर प्रस्तुतियों को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। संस्था की ओर से नवांकुर कलाकारों को विलुप्त होती लोक कलाओं को सीखने, समझने और उन्हें संरक्षित करने के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य अनीता मैडम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अविनाश सैनी, उपाध्यक्ष भरत मेहता, दीपक सोनकर, अर्श श्रीवास्तव, अरविंद, पुनीत चित्रांशी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## बस्ती जिलें में परिवहन विभाग की आंखों धूल झोंककर चल रहे




**● अवैध ढाबा रुक रही रोड बेज बस घंटों यात्री परेशान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलें में परिवहन विभाग की आंखोंधूल झोंककर चल रहे रोड बेज बसको रोका जा रहा है इसमें पुलिस की मिली भगत से अवैध बस स्टाप सरकारी रोडवेज बसोंको रोका जा रहा है के रुकने से आम जनतापरेशान हरैया थाना क्षेत्र में फर्जी रोडवेज बसस्टैंडों का भर मार हादसा बढ़ लेकिन परिवहन विभाग और हरैया पुलिस विभाग की लापरवाही से जगह-जगह हरैया बाजार में जगह जगह होटलों पर बसों के रुकने से आम जनमानस त्रस्त दुर्घटना होने बनी हुई। हरैया थाना अध्यक्ष की लापरवाही से बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

पुलिस खतरा हरैया थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे रोडवेज बस स्टैंड लोगों के लिए बड़ी मुसीबतबनी सड़क किनारे मनमाने ढंग से बनाए गए बस स्टापो पर यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना स्थानीय लोगों का आरोप इन अवैध बस स्टैंडों की वजह से सड़क पर हर समय दुर्घटना बना रहता विभाग द्वारा बसों चालक पर चालक पर सिकंजा कसा जाय नही तो जिले में बड़ी घटनाहो सकती।

सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसी स्थिति हरैया थाना क्षेत्र में लगातार देखने को मिल रहाथाना क्षेत्र से 1किलोमीटर के अंदर भी अवैध रूप से रोडवेज बस स्टैंड संचालित किए जा रहे जहां बसों के अचानक रुकने सवारियां भरने के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे.. स्थानीय लोगों का कहना प्रतिदिन दुर्घटनाएं बढ़ रही लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए.. कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद परिवहन विभाग और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई क्षेत्र में बड़ी घटनाएं घट सकती है।

# बस्ती जिले के भ्रष्टाचार के महारथी अंगद की तरह पाव जमाए

**» संदीप पर विनय कुमार द्विवेदी कार्रवाई यों नहीं कर रहे**
**» आखिर निलंबन के बाद भी संदीप चौधरी पर इतनी मेहरबानी यों बहाल होते ही दे दिए 10 ग्राम पंचायतों का प्रभार.. बड़ा सवाल**
**» या सचिव संदीप चौधरी के रसूख के आगे बेबस हैं BDO हरैया विनय कुमार द्विवेदी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में आजकल अनोखा कार्य विकास के लिए हो रहा है जिसको ना तो जिले की जिम्मेदार अधिकारी अमल कर रहे हैं और ना खंड विकास अधिकारी द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर कर रहे हैं विकास विभाग में मैं महीने में दुबौलिया विकासखंड में जेसीबी और टैक्टर से कार्य हो रहे हैं सबसे मजे की बात तो यह है कप्तानगंज विकासखंड में बिना कार्य कराए ही भुगतान लिया जा रहा है खंड विकास अधिकारी अपने ए सी रूम से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं सचिन फार्मर रजिस्ट्री के नाम पर अपने कार्य पूरा कर रहे हैं विकास के नाम पर मची लूट रुकने का नाम नहीं ले रहा है तालाब सफाई के नाम पर कई लाखों रुपए बर्बाद हो रहे हैं विकास जीरो और सरकारी धन की खपत करोड़ों में हो रही है मुख्यमंत्री के आदेशों को जिले के अधिकारी दरकिनार करके या तो लूटमची है और पुलिस विभाग द्वारा तो सरकार को बदनाम किया जा रहा है विकास के नाम पर लूट राजस्व विभाग द्वारा मनमानी कार्य करने से आम जनमानस परेशान है हरैया ब्लाक में नहीं चलता है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फरमान यहां पर सचिन मनमानी करते हुए बिना कार्य कराए बिना मजदूर लगाएं 80 से 50 से मजदूर लगाए जा रहे हैं लेकिन धरातल पर कार्य कोई नहीं हो रहा है कैसे होगा जिले का विकास लूट मचाने में कोई अधिकारी कसर नहीं छोड़ रहा है कैसे होगा जिले का विकास विकास के नाम पर लूट मची हुई है चलता है फरमान तो सिर्फ हरैया ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत सचिवों काहरैया ब्लॉक में 88 ग्राम पंचायतों में बना मिनी सचिवालय सचिवों की मनमानी से हुआ बदहाल जनता सचिवों का इंतजार करते-करते दिन बीत जा रहा है लेकिन सचिवालय पर जिले के किसी विकासखंड में सचिन नहीं बैठ रहे हैं कैसे जनता की समस्याओं का हाल होगा खंड विकास अधिकारी अपने ए सी रूम से बाहर नहीं निकलते हैं मनमानी मजदूर लग रहे हैं जो की धरातल पर कुछ नहीं दिखाई दे रहा है ना तो किसी तालाब की सफाई हो रही है और ना ही मजदूर दिखाई दे रहे हैं कागज में 80 से 85 मजदूरों का मास्टर रोल जारी हो रहा है BDO विनय कुमार द्विवेदी सचिवों की मनमानी के आगे है घुटने टेक दिए हैं




क्योंकि भ्रष्टाचार का हिस्सा 40% इनको भी जाता है इसीलिए सचिव मनमानी करके और प्रधान की मिली भगत हो रही है लुट और लुट के हिस्से में खंड विकास अधिकारी हिस्सा लेते हैं कप्तानगंज के खंड विकास अधिकारी के कारनामे अजीबोगरीब है सचिन पर शिकंजा कसने में नाकाम साबित होते हैं दबंग सचिव रजनी दुबे का भ्रष्टाचार पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन उपाध्याय जी खंड विकास अधिकारी 15 20 दिनों के मेहमान बचे हुए हैं लेकिन भ्रष्टाचार छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं वही हरैया ब्लाक के कई सालों से जमीन सचिव सबसे भ्रष्ट सचिव संदीप चौधरी लगभग 7 सालों से एक ही प्लांट पर लूट मचाई हैं इन पर कार्रवाई न तो जिलाधिकारी कर पा रहे हैं ना मुख्य विकास अधिकारी कर पा रहे हैं ना खंड विकास अधिकारी कोई कार्रवाई कर पाए ऐसे भ्रष्ट सचिव को तो बर्खास्त कर देना चाहिए निलंबित की बात तो दूर की

हरैया ब्लाक के 88 ग्राम पंचायतों में कहीं नहीं संचालित हो रहा असली मिनी सचिवालय.सभी सचिव ब्लॉक मुख्यालय पर प्राइवेट मुंशी रखकर चला रहे कार्यालय..

ग्रामीणों को काम के लिए लगाना पड़ रहा है प्राइवेट ऑफिसों का चक्कर.प्राइवेट मुंशी ग्रामीणों से काम के बदले धन मांगने के आरोप- ग्रामीण। संदीप चौधरी जैसे 5 सालों से अंगद की तरह पांव जमा कर बैठे सचिवों पर आखिर BDO विनय कुमार द्विवेदी इतने क्यों है मेहरबान क्योंकि सबसे ज्यादा हिस्सा संदीप चौधरी विनय कुमार द्विवेदी को देते हैं इसलिए उनका ट्रांसफर हरैया ब्लाक से नहीं जाने दे रहे हैंआखिर निलंबन के बाद भी संदीप चौधरी पर इतनी मेहरबानी क्यों बहाल होते ही दे दिए 10 ग्राम पंचायतों का प्रभार.. बड़ा सवाल क्या सचिव संदीप चौधरी के रसूख के आगे बेबस हैं BDO हरैया विनय कुमार द्विवेदी इन अधिकारियों की आज से अधिक संपत जांच की जाए तो जिले में अच्छे-अच्छे अधिकारी धराशाई हो जाएंगे और इस भ्रष्टाचार के रूप से बनी कोठी और गाड़ियां सब सरकार द्वारा नीलाम कर दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप, एक आरोपी गिरफ्तार



**कोतवाली महरौनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भेजा जेल**

**महरौनी।** सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध कथित अभद्र टिप्पणी एवं गाली-गलौज का मामला सामने आने के बाद महरौनी क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया। मामले को लेकर युवा ब्राह्मण महामंडल महरौनी के पदाधिकारी द्वारा कोतवाली महरौनी में शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवा ब्राह्मण महामंडल महरौनी के कोषाध्यक्ष पीयूष शुक्ला पुत्र सुरेश कुमार शुक्ला निवासी मलैयापुरा, थाना महरौनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 मई 2026 को फेसबुक पर अपलोड किए गए एक वीडियो में किशोरी पुत्र बचू एवं खेमचंद पुत्र अज्ञात निवासी पठा विजयपुरा, तहसील महरौनी द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति आपत्तिजनक एवं अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि जब उक्त वीडियो को लेकर दोनों युवकों से बात की गई तो वे आक्रोशित हो गए तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। घटना के बाद ब्राह्मण समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया और पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली महरौनी पुलिस ने प्रार्थी की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 353(2), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पौधरोपण और खिलाड़ियों के बीच सादगी से मनाया जन्मदिन

**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एवं जिला कोषागार ज्ञानपुर में कार्यरत लेखाकार मथुरा प्रसाद यादव का जन्मदिन बुधवार को सामाजिक एवं पर्यावरणीय संदेश के साथ सादगीपूर्ण वातावरण में मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर काशी नरेश विश्व विद्यालय भदोही की कुलपति प्रो. उमा श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजेश सिंह ने कोषागार परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मथुरा प्रसाद यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कृष्णा यादव, सर्वेश यादव एडवोकेट, राकेश यादव एडवोकेट सहित कोषागार विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं मथुरा प्रसाद यादव ने प्रत्येक वर्ष की भांति अपना जन्मदिन आजाद स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों के बीच भी मनाया। उन्होंने केक काटकर बच्चों में वितरित किया और कहा कि बच्चों के साथ जन्मदिन मनाना अत्यंत आनंददायक होता है। यही बच्चे भविष्य में देश के निर्माता बनेंगे। इस अवसर पर अमर सिंह, राजकुमार यादव, जेपी सिंह, कृष्णानंद बिंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### जिलाधिकारी की कुशल मॉनिटरिंग का असर, स्वगणना अभियान में भदोही प्रदेश के टॉप-10 में शामिल

**84 हजार से अधिक नागरिकों ने पूर्ण की स्वगणना, भदोही को मिली उल्लेखनीय उपलब्धि**

**भदोही:** जनपद भदोही में संचालित स्वगणना अभियान को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हो रही है। जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन, सतत समीक्षा एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते जनपद ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश के टॉप-10 जनपदों में स्थान प्राप्त किया है। बुधवार सायं 5 बजे तक कुल 84 हजार अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों द्वारा स्वगणना पूर्ण की जा चुकी है। जिलाधिकारी द्वारा अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा कार्य में शिथिलता बरतने वाले विभागों के प्रति सख्त रुख अपनाया गया है। प्रशासनिक सक्रियता एवं निरंतर निगरानी का सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अभियान को और गति देने के लिए सभी विभागों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वगणना अभियान में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जिसकी जिलाधिकारी ने सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ कार्य करें, जिससे भदोही को प्रदेश स्तर पर और बेहतर स्थान प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि 21 मई स्वयं जनगणना अभियान का अंतिम दिन है, इसलिए सभी नागरिक बढ़-चढ़कर इसमें भागीदारी करें तथा अपनी स्वगणना अवश्य पूर्ण करें।

## शासनादेश के खिलाफ दर्जनों गांवों में तैनात सफाई कर्मियों का स्थानांतरण करना DPRO के लिए बना चुनौती

**»,छह पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव की मनमानी से सफाई कर्मियों के तैनाती में की गई है बड़ी गड़बड़ीदो दर्जन से अधिक सफाई कर्मी ग्राम पंचायतों में सफाई कर छोड़ संभाल रहे सरकारी कार्यालयों का कार्यभार सफाई कर्मियों के अव्यवस्थित तैनाती के कारण ग्राम पंचायतों में साफ सफाई की व्यवस्था हो चुकी है पूरी तरह ध्वस्त**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले में शासनादेश के खिलाफ ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों का दूसरे ब्लॉक या दूसरे ग्राम पंचायतों में स्थानांतरण करना जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर के लिए चुनौती बना हुआ है। विकासखंड कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर , पोखरा समेत लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की तैनाती एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव के द्वारा मनमानी तरीके से की गई है अर्थात् जिस ग्राम पंचायत में राजस्व गांव कम है वहां सफाई कर्मियों की तैनाती अधिक है और जिस ग्राम पंचायत में राजस्व गांव अधिक है वहां सफाई कर्मियों की तैनाती कम है। सूत्रों की माने तो दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी तैनात तो ग्राम पंचायत में है और पेरोल भी ग्राम पंचायत से प्रमाणित होता है लेकिन ग्राम पंचायतों में साफ सफाई का कार्य छोड़ कर सरकारी कार्यालयों में जमे हुए हैं और मलाई काट रहे हैं।




स्थानांतरण नीति के अनुसार प्रतिवर्ष प्रत्येक विकास खण्डों दस प्रतिशत कर्मचारियों का स्थानांतरण दूसरे विकासखंड में होता है लेकिन विकासखंड कप्तानगंज में अधिकांश सफाई कर्मचारी ऐसे हैं जिनका स्थानांतरण नियुक्ति से लेकर आज तक नही हुआ है और किसी किसी सफाईकर्मियों का स्थानांतरण दो तीन बार हो चुका है । सफाई कर्मियों का अव्यवस्थित ढंग से तैनाती होने के कारण ग्राम पंचायतों में साफ सफाई व्यवस्था पूरी ध्वस्त हो चुकी है आखिर कब यह अव्यवस्थित सफाई कर्मियों का स्थानांतरण व्यवस्थित तरीके से होगा? जिसको लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है। सहायक विकास अधिकारी/ एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव ऐसे अधिकारी जो अपनी सुविधा शुल्क के अनुसार सफाई कर्मचारियों के कार्य क्षेत्र में स्थानांतरण करते हैं चाहे ग्राम पंचायत में साफ सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चले या ना चले। एडीओ पंचायत ने कई ऐसे सफाई कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है जो पहले से ही अनेकों को बार स्थानांतरित हो चुके हैं।

अब देखना यह है स्थानांतरण नीति 2026 के अनुसार ग्राम पंचायतों में शासनादेश के खिलाफ तैनात सफाई कर्मचारियों का स्थानांतरण हो पता है या नहीं? या एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव के लेन देन का खेल जारी रहेगा?

## आसमान से बरस रहे आग के गोले, 44 डिग्री तापमान ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

**महरौनी।** महरौनी सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बुधवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लोगों को ऐसा महसूस हो रहा है मानो आसमान से आग बरस रही हो। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सुबह 10 बजे के बाद ही लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। बाहर निकलने वाले लोग सिर और चेहरे को कपड़ों से ढककर चलते नजर आए। गर्मी इतनी अधिक रही कि पंखे और कूलर भी राहत देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। बढ़ती बिजली मांग के चलते कई क्षेत्रों में कटौती की समस्या भी सामने आने लगी है। भीषण गर्मी का असर पशु-पक्षियों पर भी दिखाई दे रहा है। तालाब और छोटे जलस्रोत सूखने लगे हैं, जिससे पशु-पक्षी पानी के लिए भटक रहे हैं। कई लोग पक्षियों के लिए घरों और पेड़ों पर पानी के बर्तन रख रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर के समय खेतों में कामकाज लगभग ठप हो गया है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी, ओआरएस, छाछ और तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ सकती है तथा लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

## पारस इंडिया संस्था द्वारा आकांक्षी पंचपेड़वा में उषा सिलाई स्कूल के अंतर्गत सैटेलाइट स्कूल प्रशिक्षण का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बलरामपुर** पारस इंडिया संस्था द्वारा उषा इंटरनेशनल लिमिटेड के सहयोग से जनपद बलरामपुर, ब्लॉक पंचपेड़वा में विशेषरूप से थारू जनजाति व आर्थिकरूप से कमजोर महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से उषा सिलाई स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत 19 एवं 20 मई 2026 को सैटेलाइट स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न गाँव की 30 महिलाओं एवं प्रशिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक सिलाई तकनीक, मशीन संचालन, डिजाइनिंग, गुणवत्ता सुधार, उद्यमिता विकास एवं NDTV पर प्रसारित होने वाली कुशलता के कदम एपिसोड के साथ साथ आजीविका संवर्धन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

प्रशिक्षण में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी साझा की गई, जिससे प्रतिभागियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिला। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कई प्रतिभागियों ने बताया कि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार शुरू करने तथा अपने परिवार की आय बढ़ाने के लिए प्रेरित हुई हैं। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था बलरामपुर और श्रावस्ती जिले जो नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिले के तहत चयनित है जिसमें निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण और जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए लगातार कार्य कर रही है। संस्था द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया कि आने वाले समय में महिलाओं के लिए और अधिक कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

## डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में सहदहिया में चला विशेष टीबी जांच अभियान, 3 मरीज मिले पॉजिटिव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**श्रीदत्तगंज/बलरामपुर।** जनपद को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान के अंतर्गत ब्लॉक टीबी यूनिट श्रीदत्तगंज द्वारा ग्राम पंचायत सहदहिया में व्यापक स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एमओआईसी डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने किया। उनके निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उच्च जोखिम समूह के लोगों की स्क्रीनिंग कर टीबी की जांच की। ग्राम पंचायत सहदहिया में लगाए गए विशेष स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जहां आधुनिक तकनीकों के माध्यम से लोगों की जांच की गई। शिविर में कुल 101 लोगों का डिजिटल एक्सरे, 25 लोगों की ट्रू-नाट मशीन से बलगम जांच तथा 10 लोगों की माइक्रोस्कोपी जांच की गई। जांच के दौरान 3 मरीज टीबी पॉजिटिव पाए गए, जिन्हें तत्काल उपचार प्रक्रिया से जोड़ते हुए आवश्यक दवाएं एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया गया।

अभियान के दौरान डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता टीबी जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि लगातार खांसी, वजन घटना, बुखार या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराएं, क्योंकि समय पर पहचान और नियमित उपचार से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। इस दौरान डॉ. पंकज सिंह, डॉ. करिश्मा, एक्सरे टेक्नीशियन सूर्य प्रकाश चौधरी, टीबी यूनिट के एसटीएस सौरभ यादव, आशा बहुएं एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। स्वास्थ्य टीम ने घर-घर जाकर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया और जांच कराने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर इस तरह के शिविर लगने से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिल रही है। अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग लगातार टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में जुटा हुआ है।

## सहायक अध्यापक,परिचालक की भावभीनी बिदाई समारोह




**गोपीगंज।** शिवब्रत इंटर मीडियट कॉलेज राधास्वामी धाम में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले बालगोविंद मिश्रा सहायक अध्यापक और दिनेश मिश्र परिचारक के सेवानिवृत्ति पर बुधवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों और अभिभावकों ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया। समारोह में सम्मिलित लोगों ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई।सुशील कुमार मिश्र प्रधानाध्यापक ने कहा कि बालगोविंद मिश्रा, दिनेश मिश्र ने अपने पूरे सेवाकाल में विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं दी, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान कई शिक्षकों में कृपा शंकर पांडे, सपना यादव, फूलचंद यादव, बाबूलाल गुप्ता, सत्यनारायण ने उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए। विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनसे जुड़ी स्मृतियां बताई।

## नगरपालिका प्रशासन पर भूमाफिया भारी, बेशकीमती जमीनों का चिन्हांकन करवाने मे छूट रहा पसीना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पालिका के वार्ड नम्बर 25 मोहल्ला पिकौरा बक्श मे बेशकीमती जमीनों पर भूमाफियाओं का कब्जा है। एक षडयंत्र के तहत लेखपाल व नगरपालिका की मिलीभगत से इन जमीनों को भूमाफियाओं ने अपने नाम करा लिया था। समाजसेवी उमाशंकर गुप्ता के अथक प्रयासों व लम्बे संघर्ष के बाद उक्त जमीनों को पूर्व के एसडीएम सदर गुलाब चन्द ने भमाफियाओं का नाम खारिज करने का आदेश देकर इस पर पुनः नगरपालिका का नाम दर्ज करा दिया था। हैरानी इस बात की है कि भूमाफियाओं के दबाव मे नगरपालिका प्रशासन इन जमीनों का चिन्हांकन नही करवा रहा है, जिससे आज भी यहां अवैध कब्जा बना हुआ है। पिकौरा बक्स मोहल्ले मे गाटा संख्या 105 अभिलेखों में कूड़ाघर दर्ज है जिसका चिन्हांकन किए जाने की आवश्यकता है। उक्त जमीन के पैमाइश की मांग समाजसेवी उमाशंकर गुप्ता कई वर्षो से करते आ रहे हैं। उन्होने बताया कि इस जमीन को भूमाफियाओं ने कूड़े से ढक दिया है और बेंचने की फिराक मे हैं। तमाम मौखिक शिकायत के बावजूद चिन्हांकन नहीं किया जा रहा है।

वार्ड नंबर 25 पिकौरा बक्स त्रिपाठी गली गांधी नगर बस्ती का 870 नंबर सुलभ शौचालय जो नगर पालिका परिषद बस्ती के अभिलेख में दर्ज है, अधिशाषी अधिकारी अंगद गुप्ता व वार्ड के वर्तमान लेखपाल से दसियों बार मांग की गई है कि इसका चिन्हांकन कराया जाए। लेकिन अधिकारियों का रवैया उदासीन रहा है। भूमाफियाओं ने इस पर मकान बनवा लिया है, उक्त मकान को नगर पालिका द्वारा नया नंबर भी दे दिया गया है। इसी मोहल्ले मे गाटा संख्या 105 के बगल मे अभिलेखों में सार्वजनिक कूंआ दर्ज है, इसका आधा हिस्सा बेंच दिया गया है, जि पर मकान बन चुका है और आधा हिस्सा बेंचने की तैयारी की जा रही है। अधिशाषी अधिकारी अंगद गुप्ता से बार बार शिकायत करने पर कहा जाता है कि आख्या ली जा



रही है। प्रकरण मे संवाददाता ने बात की तो उन्होने बताया कि समाधान दिवस मे उमाशंकर गुप्ता ने शिकायती पत्र दिया है। मामले की जांच की जा रही है शीघ्र ही जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जायेगा। उमाशंकर गुप्ता का कहना है कि हमारे वार्ड मे पहले प्राइमरी स्कूल हुआ करता था जो प्राइवेट बिल्डिंग मे चलता था। सरकारी जमीन न मिलने के कारण प्राइमरी स्कूल बंद हो गया। नगरपालिका उपरोक्त जमीनों को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त करा पाता तो वार्ड मे एक प्राइमरी स्कूल खोला जा सकता है जिससे नौनिहालों को अपने ही वार्ड मे स्कूल मिल जायेगा।

## बलरामपुर में दफनाया गया व्यक्ति जिंदा लौटा:'मुस्तफा केस' ने बढ़ाई पुलिस की उलझन, कब्र में दफनाए शव पर सवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के उतरौला में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पुलिस और प्रशासन को उलझन में डाल दिया है। जिस व्यक्ति को मृत मानकर परिवार ने दफना दिया था, वह कुछ घंटों बाद जीवित घर लौट आया। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि कब्र में दफनाया गया शव आखिर किसका था। देवरिया-मैनहा मार्ग किनारे शनिवार को एक गड्ढे में पांच-छह दिन पुराना सड़ा-गला शव मिला था। शव की हालत इतनी खराब थी कि उसकी पहचान करना मुश्किल था। पटेल नगर निवासी शमीम अहमद ने आशंका जताई कि यह शव उनके मानसिक रूप से अस्वस्थ भाई मुस्तफा का हो सकता है, जो कई दिनों से लापता थे। परिजनों की शिनाख्त के आधार पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम कराया। रविवार को शव परिवार को सौंप दिया गया, जिसके बाद धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

दफन प्रक्रिया पूरी होने के कुछ घंटे बाद ही मुस्तफा अचानक घर लौट आए, जिससे मामला पूरी तरह बदल गया। उन्हें जीवित देखकर परिवार और पुलिस प्रशासन दोनों हैरान रह गए। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती उस अज्ञात शव की पहचान करना है, जिसे मुस्तफा समझकर दफनाया गया था।पुलिस ने अब अज्ञात शव की तस्वीरें, कपड़े और अन्य विवरण मंडल के चार जिलों में भेजे हैं। लगभग 55 वर्ष आयु वर्ग के लापता लोगों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है, ताकि असली मृतक की पहचान हो सके। चूंकि शव पहले ही दफनाया जा चुका है, इसलिए जांच और भी जटिल हो गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मुस्तफा पहले भी कई बार घर छोड़कर वापस लौट चुके थे। ऐसे में केवल आशंका के आधार पर शव की पहचान मान लेना कई सवाल खड़े करता है। हालांकि, पुलिस ने फिलहाल किसी साजिश या आपराधिक पहलू की पुष्टि नहीं की है।

मुस्तफा के भाई शमीम अहमद ने बताया कि शव पूरी तरह क्षत-विक्षत था और चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था। परिस्थितियों और आशंका के चलते उन्होंने शव को



मुस्तफा का मान लिया था। प्रशासन के सामने अब सरकारी रिकॉर्ड को दुरुस्त करने का एक और बड़ा मुद्दा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस रिकॉर्ड में मुस्तफा को मृत दर्ज किया जा चुका था।पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग को रिपोर्ट भेज दी है और रिकॉर्ड संशोधन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पोस्टमार्टम अभिलेखों से नाम हटाया जा सकेगा। क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह के अनुसार मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है, जबकि प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिकॉर्ड में अब मृतक को 'अज्ञात' दर्ज किया गया है और वास्तविक पहचान की कोशिश जारी है।

## आम जनता को पेयजल उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाओं को दबंग खुलेआम दिखा रहे ठेंगा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** आम जनता को पेयजल उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाओं को दबंग खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। ललितपुर क्षेत्र के नई बस्ती बिहारी राशन कार्ड के पीछे कबीर मंदिर के पास एक सरकारी हैंडपंप पर कब्जा किए है। कई बार मोहल्ले बासियो ने इसकी शिकायत सम्बंधित अधिकारी से भी की है लेकिन शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कई बार मोहल्ला बासियो ने बार्ड नंबर 4 पार्षद से भी उक्त सरकारी हैंडपंप को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। सार्वजनिक जगहों पर जल निगम द्वारा सरकारी हैंडपंप लगाए जाते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि आम जनता को पेयजल मुहैया कराया जा सके। इसके लिए सरकार करोडों रुपये प्रतिवर्ष खर्च करती है। लेकिन शहर के अधिकांश जगह-जगह लगे हैंडपंप को अपने कब्जे में ले लिया है। यहां तक कि उन्होंने कई सरकारी हैंडपंप में ही अपना सबमर्सिबल पंप लगा रखा है। साथ ही सरकारी हैंडपंप को दबंगों ने अपने घरों की चारदीवारी में कैद करा लिया है। इससे सरकारी हैंडपंप निजी हैंडपंप की तरह प्रयोग हो रहे हैं। सरकारी हैंडपंप को घरों में कैद करने और उस पर सबमर्सिबल लगाने की वजह से मोहल्ले के लोगों में अक्सर झगड़े होते रहते हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि उनके मोहल्ले में भी एक दबंग किस्म के व्यक्ति ने




सरकारी हैंडपंप में सबमर्सिबल लगा रखा है। वहां अगर कोई दूसरा व्यक्ति पानी भरने जाता है तो उसके साथ मारपीट की जाती है। सरकारी हैंडपंप सार्वजनिक स्थल पर ही लगाए जाते हैं। ताकि शहर की जनता के साथ साथ मोहल्ले मे रह रहे लोग उसका फायदा उठा सकें। यदि सरकारी हैंडपंप का कोई निजी उपयोग करता है तो शिकायत मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी बनती है।

## फर्जी डिग्रियों के सहारे डाक्टर बनकर करोड़ों का लाभ लेने वाली 25 हजार की इनामिया महिला गिरफ्तार


**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने फर्जी मेडिकल डिग्रियों और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर डॉक्टर बनकर नौकरी करने एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने के मामले में 25 हजार रुपये की इनामिया महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान तालाबपुरा व हाल म.प्र. सागर के खुरई निवासी लवीना सिंह उर्फ दीपाली गुप्ता पत्नी अभिनव सिंह के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 1422/2025 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 336(4), 340(2), 61(2) बीएनएस के तहत की गई। मामले की शिकायत उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा.रामनरेश सोनी द्वारा की गई थी। आरोप था कि अभियुक्त दंपति ने अपने रिश्तेदारों की एमबीबीएस और एमडी की डिग्रियों का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उनके आधार पर विभिन्न अस्पतालों में डॉक्टर के पद पर नौकरी हासिल कर ली। आरोपियों ने स्वायत्तशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित अन्य संस्थानों में कार्डियोलॉजिस्ट और जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ बनकर नौकरी की तथा आर्थिक लाभ प्राप्त किया। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्ता और उसके पति अभिनव सिंह ने बहनोई डा.राजीव गुप्ता एवं ननद डा.दीपाली गुप्ता के मेडिकल दस्तावेजों में कूटरचना कर फर्जी पहचान के आधार पर कई वर्षों तक अलग-अलग स्थानों पर डॉक्टर बनकर कार्य किया। पुलिस के अनुसार इस दौरान उन्होंने भारी धनराशि अर्जित कर जमीन, मकान और महंगी गाडियां खरीदीं। पूछताछ में अभियुक्ता ने स्वीकार किया कि आर्थिक तंगी और पति पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज होने के बाद दोनों ने मिलकर यह षड्यंत्र रचा। वर्ष 2019 में उसके पति अभिनव सिंह को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल से छूटने के बाद दोनों ने दोबारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में डॉक्टर के रूप में कार्य किया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभियुक्त अभिनव सिंह को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब प्रकाश में आई अभियुक्ता लवीना सिंह को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी एवं निरीक्षक नरेन्द्र सिंह थाना कोतवाली ललितपुर अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

## वृहद रोजगार मेले में उमड़ा युवाओं का उत्साह, 385 अभ्यर्थियों का हुआ प्रारम्भिक चयन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** जनपद के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर में बुधवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में युवाओं का भारी उत्साह देखने को मिला, जहां विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। मेले में कुल 750 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 385 युवाओं का प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पल्टूराम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण कर रोजगार के अवसरों एवं रिक्त पदों की जानकारी ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, एनसीसी 51वीं बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ए0पी0 पटेलवाल, प्राचार्य प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय, जिला सेवायोजन अधिकारी सुश्री मीता गुप्ता, सहायक सेवायोजन अधिकारी श्री गुलाब चन्द्र मौर्य एवं श्री सचिन चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




रोजगार मेले में 13 प्रतिष्ठित कंपनियों ने इलेक्ट्रीशियन, मैनेजर, स्टोर कीपर, सुपरवाइजर, हेल्पर, एमआर, मशीन ऑपरेटर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, बीमा सखी एजेंट एवं ऑफिस ब्वाय समेत विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की। स्वरोजगार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, जिला उद्योग कार्यालय तथा इंडियन बैंक की ओर से भी स्टॉल लगाए गए, जहां युवाओं ने योजनाओं एवं पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि विधायक पल्टूराम ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र एवं ऑफर लेटर वितरित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में तकनीकी दक्षता और कौशल प्रशिक्षण रोजगार प्राप्ति का मजबूत आधार है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया तथा सेवायोजन विभाग के प्रयासों की सराहना की।

जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया कि रोजगार मेले में आईटीआई एवं डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों की मांग सर्वाधिक रही। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं बेहतर संस्थानों के माध्यम से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। कंपनीवार चयन विवरण के अनुसार सिस्का इलेक्ट्रिकल एण्ड मैनेजमेंट द्वारा 25, गुडवेल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कम्पनीज द्वारा 37, मैनपावर ग्रुप सर्विसेस इंडिया प्रा.लि. द्वारा 21, ब्राइट फ्यूचर आग्रेनिक हर्ब्स एंड आयुर्वेदिक द्वारा 26, केयर हेल्थ नर्सेज प्रा.लि. द्वारा 30, डस्की स्टैलियन एजुकेशन एण्ड ट्रेनिंग सर्विसेस द्वारा 29, यूमोजा मार्केट प्लेस टेक्नोलॉजी प्रा.लि. द्वारा 37, भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 57, पेरेग्राईन गार्डिंग प्रा.लि. द्वारा 25, आईडिजिटल प्रेन्योर प्रा.लि. द्वारा 27, अनन्या स्किल एज प्रा.लि. द्वारा 26, एशियन इलेक्ट्रॉनिक्स रिक्रूटमेंट कम्पनी द्वारा 21 तथा डिस्कन टेक्नोलॉजीज इंडिया प्रा.लि. द्वारा 24 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभ्यर्थियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### चित्रकला प्रतियोगिता में राशि ने मारी बाजी

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज में बुधवार को चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी कला और कल्पनाशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने प्रकृति, पर्यावरण, राष्ट्रभक्ति, शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक संदेशों पर आधारित आकर्षक चित्र बनाए। विद्यालय परिवार ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 8 की छात्रा राशि को प्रथम पुरस्कार मिला। इसी कक्षा की छात्रा नैना चौरसिया को द्वितीय और संध्या को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार पाने वालों में नैंसी, सुहानी, महिमा, आरोही, अंशिका, अनामिका, मन्नत बानो, अनन्या त्रिवेदी और तनु शामिल रहीं। विद्यालय के प्रबंधक कार्तिकेय शंकर बाजपेई ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां भी जरूरी हैं। प्रधानाचार्य अवनींद्र पांडे ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित करता रहेगा। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की रुचियों को प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम का आयोजन में कला शिक्षक शरदचंद् ने किया। संचालन डॉ. कमलाकांत ने किया। इस मौके पर दिलीप द्विवेदी, राकेश मिश्रा, अनुज अवस्थी, अनूप पांडे, जितेंद्र मिश्रा और सुजीत कुमार मौजूद रहे।

### ज्येष्ठ माह के मंगल पर लगवाया वाटर कूलर




**सीतापुर।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर उमा उत्थान महिला समिति के तत्वावधान में शहर के हरदोई रोड स्थित समाजसेवी नागेंद्र गुप्ता द्वारा अपने घर के बाहर राहगीरों के लिए एक वाटर कूलर की स्थापना की गई है। इससे पूर्व वहां पर हनुमान चालीसा का पाठ और वेद मंत्रोच्चार के मध्य वाटर कूलर का पूजन कर उसका शुभारंभ किया गया। समाजसेवी नागेंद्र गुप्ता द्वारा बीते एक दशक से भी अधिक समय से भंडारा का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि राहगीरों एवं आसपास के दुकानदारों को नियमित रूप से ठंडा पानी मिल सके, इसी मंशा को लेकर इस वाटर कूलर की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि समाजसेवी विनय मोहन सक्सेना द्वारा दो दिनों में यहां पर आरओ भी स्थापित किया जा रहा है। इस मौके पर आरएसएस के विभाग प्रचारक अभिषेक, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय सहाय, वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता तेजू, डॉ. प्रशांत, डॉ. सुभाष, सिंचाई संघ के अध्यक्ष विवेक मिश्रा, भोला गुप्ता, अंजनी शुक्ला, दिनेश वैश्य आदि मौजूद रहे।

### मुनाफे से ज्यादा जन स्वास्थ्य को प्राथमिकताः जीतेंद्र बाजपेयी

**सीतापुर।** सीतापुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को जिले के लगभग सभी दवा व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें समय पर खोल कर मानव स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए अपना समर्थन दिया। किसी भी मरीज को दवा के लिए परेशान न होना पड़े इसी को ध्यान में रखते हुए सीतापुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने बंदी का विरोध करते हुए सभी दवा व्यवसाईयों से अपनी-अपनी दुकानों को नियमित रूप से खोलकर दवाओं की बिक्री किए जाने की अपील की थी, इस अपील के चलते इक्का-दुक्का दुकानों को छोड़कर जिले भर की अधिकांश दुकानें खुली रहीं। एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेन्द्र बाजपेई (प्रेमू) ने कहा कि हम लोगों का व्यवसाय जीवन रक्षक वस्तुओं का है और व्यापार के साथ समाज सेवा से भी जुड़ा है, अतः हमें अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना है। उन्होंने कहा की ऑनलाइन व्यापार का विरोध हमारा संगठन भी कर रहा है किन्तु हम किसी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि एक तथाकथित संगठन की बंदी के प्रयासों के बाद भी दुकानों का खुलना यह साबित करता है कि दवा कारोबारियों की प्राथमिकता में मुनाफे से ज्यादा आमजन का स्वास्थ्य है। एसोसिएशन के संरक्षक शोभित टंडन का कहना है कि हम केंद्र सरकार से दवा के क्रय व विक्रय तथा फार्मेसी की परेशानियों को दूर करने की अपील करते हुए ई प्लेटफॉर्म पर होने वाली लूट का विरोध तो करते हैं, लेकिन यह विरोध किसी से स्वास्थ्य को प्रभावित न करें, इसलिए हम सभी ने अपनी-अपनी दुकानें खोलकर नियमित रूप से दवाओं की बिक्री की है। इसे मुहिम में एसोसिएशन के महामंत्री सहज गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुमित मिश्र, सुनील तिवारी, उपेंद्र शुक्ला, विनीत सिंह, सुधीर शुक्ला, अमित गुप्ता, विकास मिश्रा, अनिल कुमार नंद, विजेंद्र विक्रम सिंह, विजय श्रीवास्तव, राज कुमार तिवारी, दीपक गुप्ता, प्रदीप आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## मलिहाबाद में अवैध वकालत पर भड़का मलिहाबाद बार एसोसिएशन, कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** मलिहाबाद बार एसोसिएशन ने तहसील परिसर के पास स्थित एसीपी कोर्ट में कथित अवैध वकालत को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। एसोसिएशन का आरोप है कि बिना अधिवक्ता पंजीकरण और बार काउंसिल प्रमाणपत्र के कुछ लोग वकालत संबंधी कार्य कर रहे हैं, जिससे न्यायिक व्यवस्था और अधिवक्ता पेशे की गरिमा प्रभावित हो रही है। इस मामले को गंभीर बताते हुए एसीपी मलिहाबाद सुजीत दुबे को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सम्राट सिंह एडवोकेट और महामंत्री कमलेश कुमार एडवोकेट द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है कि न्यायालय में अधिवक्ताओं के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना वैध प्रमाणपत्र के मुकदमों की पैरवी, जमानत संबंधी कार्य या अन्य कानूनी गतिविधियां करना नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। एसोसिएशन का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल कानून के खिलाफ हैं, बल्कि इससे न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी असर पड़ता है। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति बिना बार काउंसिल रजिस्ट्रेशन के न्यायालय परिसर में अवैध रूप से वकालत संबंधी कार्य करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

साथ ही पुलिस प्रशासन से न्यायालय परिसर में ऐसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की गई है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ता पेशे की गरिमा बनाए रखने और न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अवैध वकालत पर तत्काल रोक लगाना आवश्यक है। इसी मुद्दे को लेकर अधिवक्ताओं ने पुलिस की कथित मनमानी और ढिलाई के विरोध में तहसील परिसर के बाहर प्रदर्शन भी किया। इस दौरान मलिहाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री राम सिंह यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह 'वीरू', अधिवक्ता रायवेंद्र सिंह 'मनु', मोहम्मद मुदस्सिर, सतीश सिंह यादव, नमन यादव, रितेश यादव, रंजीत और देवेंद्र सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध वकालत पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जा सकता है।

## इंसानियत, मोहब्बत और अमन का पैगाम देता है उर्सः शेख़ राशिद अली मीनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सण्डीला (हरदोई)।** मखदूमज़ादा हज़रत सय्यद मोहम्मद अहमद शाह सुल्तान आलम फातमी चिश्ती निज़ामी रहश्र का सालाना उर्स शेख़ राशिद अली मीनाई की अध्यक्षता में व मुईज़उद्दीन अहमद साग़री चिश्ती के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। क़स्बा के मोहल्ला अशराफ टोला मंगल बाज़ार स्थित ख़ानक़ाहे चिश्तिया साग़रिया (दरगाह हज़रत साग़र मियां) में उर्स कदीमी रवायतों के साथ सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय उर्स के समापन अवसर पर दरगाह मखदूम शाह मीना लखनऊ के सज्जादा नशीन शेख़ राशिद अली मीनाई ने कहा कि दरगाहें हमेशा से इंसानियत, मोहब्बत, भाईचारे और अमन का संदेश देती रही हैं। सूफ़ी संतों ने अपने आचरण और शिक्षाओं से समाज को जोड़ने का काम किया और लोगों को प्रेम, सहिष्णुता तथा मानव सेवा की राह दिखाई।उन्होंने कहा कि औलिया-ए-किराम की दरगाहें केवल इबादत की जगह नहीं बल्कि इंसानियत की तालीम देने वाले मरकज़ हैं। ख़ानकाह नसीरया बिलग्राम के सज्जादा नशीन सय्यद अफसर अली नसीरी ने सिलसिला साग़रिया चिश्तिया का हिंदी भाषा में प्रकाशित शज़रा पुस्तक का विमोचन करते हुए सूफी संतों की शिक्षाओं को अपनाने और समाज में अमन-चैन कायम रखने की अपील की। उर्स में मौलाना मेंहदी हसन ने जलसा को ख़िताब किया। इस दौरान गुस्ल मज़ार, चादर पोशी, गुल पोशी, लंगर और क़व्वाली जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर दरगाह के सज्जादा नशीन मुईज़उद्दीन अहमद सागरी चिश्ती निज़ामी, नूर मियां, शहर क़ाज़ी सय्यद मोहम्मद आरिफ़ अब्दुलाह, सय्यद तबस्सुम हुसैन, सय्यद क़ाशिफ नसीरी, सूफ़ी सय्यद तारिक़ मियां, सूफ़ी इस्हाक़ अली, सूफ़ी शफ़ी अहमद साबरी, अधिवक्ता समिति सण्डीला के अध्यक्ष नसीम खां, नगर पालिका अध्यक्ष रईस अंसारी, पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री, सभासद हाफ़िज सज्जाद सहित बड़ी संख्या में अक़ीदतमंद मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ सौपा ज्ञापन

**लालगंज (रायबरेली)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के विरुद्ध पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। दिए गए शिकायती पत्र में नेता प्रतिपक्ष और सांसद पर लोकतंत्र विरोधी बयान देने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस से मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रांतीय परिषद के सदस्य सुशील शुक्ला ने अपने लेटर हेड में कहा की सांसद राहुल गांधी ने नगर में आयोजित महिला संवाद के दौरान भारत के प्रधानमंत्री को देशद्रोही कहा है। इसके साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को देशद्रोही बताया गया है। कहा कि सांसद की ओर से देश के प्रधानमंत्री को अपमानित किया गया है। उनके इस बयान से कार्यकर्ता आहत हैं। उनके इन बयानों से भारत सरकार की साख को नुकसान पहुंचा है। कार्यकर्ताओं ने इस आशय का एक वीडियो भी पुलिस को सौप कर मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की गुहार लगाई है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, अनूप पांडेय, कैलाश बाजपेई, सपना देवी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। आपत्तिकर्ता कोर्ट की शरण ले सकते हैं।

## बिसवां में प्रतिभाओं का महाकुंभ : मेधावी विद्यार्थियों को मेडल देकर किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां/सीतापुर-** 19 मई जनपद सीतापुर के बिसवां क्षेत्र स्थित बीएलएसडी इण्टर कॉलेज, मंझिगवां में मंगलवार को आयोजित 'बी.एल. वर्मा क्षेत्रीय मेधावी छात्र गौरव सम्मान समारोह' शिक्षा, साहित्य और संस्कार का अनुपम संगम बन गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों का उत्साह, अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति तथा शिक्षकों का समर्पण पूरे आयोजन को प्रेरणादायी बना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार वर्मा ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. संदीप यादव की सक्रिय भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अजय वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और संस्कार ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर अध्ययन करने का आह्वान किया। समारोह में कॉलेज के प्रबंधक एवं लखनऊ शिया पीजी कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुधाकर वर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं में अपार संभावनाएँ छिपी होती हैं। यदि उन्हें उचित मंच, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिले तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकती हैं। सह-संयोजक डॉ. चन्द्रशेखर प्रजापति ने कार्यक्रम को विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रेरणा से जोड़ते हुए इसे शिक्षा जगत की सकारात्मक पहल बताया। विशिष्ट अतिथि एवं साहित्यकार डॉ. देवेन्द्र कश्यप 'निडर' ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन और प्रभावशाली काव्यपाठ से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। वहीं कवयित्री श्रीमती पिंकी प्रजापति ने साहित्यिक अभिव्यक्ति के माध्यम से विद्यार्थियों को रचनात्मकता, संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में क्षेत्रीय विद्यालयों से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते समय बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता, आत्मविश्वास और भविष्य के सपनों की चमक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। अभिभावकों ने भी विद्यालय परिवार के इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित सम्मानित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समारोह ने यह संदेश दिया कि शिक्षा, सम्मान और संस्कार के माध्यम से ही नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा प्रदान की जा सकती है तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को नई उड़ान दी जा सकती है। कार्यक्रम में डॉ. राहुल वर्मा, दिलीप मौर्य, पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. शिवांशु राठौर, प्रधानाचार्य दिवाकर वर्मा, उप प्रधानाचार्य सतीश चन्द्र वर्मा, सत्यनारायण पाण्डेय, प्रधानाचार्य दिवाकर वर्मा, उप प्रधानाचार्य सतीश चंद्र वर्मा, कमलेश कुमार भार्गव पुष्पेंद्र वर्मा राजेश वर्मा लवलेश कुमार जितेंद्र कुमार पुष्पेंद्र, सहित अनेक शिक्षाविद, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## उरई की घटना को लेकर वैश्य समाज में आक्रोश, दोषी डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां, सीतापुर।** व्यापारी नेता एवं पत्रकार मोहित जायसवाल के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता ने उरई में हुई मारपीट की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। पत्रकारों से रूबरू होते हुए डॉ. सुमंत गुप्ता ने कहा कि उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में श्री बृजकिशोर गुप्ता एवं उनके पुत्र के साथ करीब तीन सौ जूनियर एवं सीनियर डॉक्टरों द्वारा कथित रूप से की गई बर्बर मारपीट बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को समाज में भगवान का दूसरा रूप माना जाता है, लेकिन जिन हाथों में स्टेथोस्कोप होना चाहिए, उनमें यदि मारपीट और हिंसा के दृश्य दिखाई दें तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है तथा वैश्य समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। डॉ. गुप्ता ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मांग करते हुए कहा कि घटना में शामिल सभी जूनियर एवं सीनियर डॉक्टरों के खिलाफ धारा 307 सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिला प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों को चिन्हित कर सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि समाज किसी भी कीमत पर ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकित दास गुप्ता सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दवा विक्रेताओं ने अध्यक्ष के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को सौपा ज्ञापन

**बिसवां/सीतापुर।** ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आवाहन पर बुधवार को नगर क्षेत्र की दवा दुकानें दोपहर एक बजे तक बंद रहीं। दवा व्यापारियों ने स्थानीय पत्थर शिवाला परिसर में एकत्र होकर सभा की तथा ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने और सख्त नियम लागू करने की मांग उठाई। इसके बाद दवा विक्रेताओं ने मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनीत अग्रवाल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को सौंपा। जनहित को ध्यान में रखते हुए दोपहर एक बजे के बाद दवा दुकानें खोल दी गई।इस अवसर पर कमलेश वर्मा, पप्पू जमा,विजय अवस्थी रजत अग्रवाल भारी संख्या में दवा विक्रेता मौजूद रहे।

### ननिहाल आया किशोर लापता

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के बरदाही मोहल्ला में लखनऊ से अपनी ननिहाल आया किशोर बुधवार को अचानक लापता हो गया। इससे परिवारीजन चिंतित हो गए। 6 घंटे बाद वह किसी तरह लौटा तो उनके जान में जान आई। मोहल्ला निवासी इरफान का भांजा असद (13) हुसैन आलम गर्मी की छुट्टियों में ननिहाल आया था। सुबह करीब 8:00 बजे खेलते समय वह अचानक लापता हो गया। इससे इरफान और उसके परिवार के लोग घबरा गए। देर तक उसकी खोजबीन की गई। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। बालक के अचानक गायब होने की खबर सोशल मीडिया में वायरल हो गई। परिवारीजनों ने बताया कि दोपहर 2 बजे बालक घर लौट आया। बालक के मामा ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को देने ही जा रहे थे तब तक उसका भांजा वापस लौट आया।

## दबंगों का कहरः पति-पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदापुर रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे तिलक मजरे बधैल गांव में सोमवार सुबह दबंगई का मामला सामने आया, जहां एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का आरोप लगा है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित आशीष सिंह पुत्र स्वर्गीय रामबक्श सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मई 2026 की सुबह करीब 7 बजे गांव के ही कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए।आशीष सिंह ने आरोप लगाया कि जब उनकी पत्नी उन्हें बचाने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के दौरान परिवार में चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में रमेश सिंह, गुड्डू सिंह, कमलेश सिंह तथा अरुण कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने एनसीआर संख्या 0014/2026 के तहत धारा 115(2) बीएनएस में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।चंदापुर पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैम्बरों के ध्वस्तीकरण एवं लाठीचार्ज के विरोध में बिसवां बार एसोसिएशन ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)-** अवकाश के दिन लखनऊ में अधिवक्ताओं के बने चैम्बरों पर की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही और कथित लाठीचार्ज की घटना को लेकर अधिवक्ता समुदाय में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस कार्रवाई को अधिवक्ताओं ने न्यायिक संवेदनशीलता, प्रशासनिक विवेक और विधि व्यवस्था—तीनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न बताया है। बिसवा बार एसोसिएशन अध्यक्ष राज किशोर यादव एवं सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम के माध्यम से भेजा गया। बिसवा बार एसोसिएशन अध्यक्ष राज किशोर यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान को बरकरार रखना अति आवश्यक है। हम सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। बिसवा बार एसोसिएशन सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ जिस प्रकार भारी पुलिस बल की मौजूदगी में,बिना मानवीय दृष्टिकोण अपनाए यह कार्रवाई की गई,वह लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिकूल है।जो अधिवक्ता प्रतिदिन न्यायालयों में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े रहते हैं, आज वही अपने सम्मान, अस्तित्व और कार्यस्थल की सुरक्षा के लिए आवाज उठाने को विवश हैं। लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ घटित हुई घटना के विरोध में बिसवां बार एसोसिएशन बिसवा ने कड़ा रुख अपनाते हुए महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम को प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं का कहना है कि पुलिस की क्रूरता पूर्वक कार्रवाई में कई अधिवक्ताओं को गंभीर चोटें आई और आर्थिक क्षति भी हुई है।

ज्ञापन में पुलिस-प्रशासन की कठोरता,शासन की लापरवाही तथा अधिवक्ताओं के साथ संवाद व सहयोग के अभाव पर चिंता व्यक्त की गई है। बिसवा बार एसोसिएशन ने महामहिम राज्यपाल महोदया से मांग की है कि सम्पूर्ण प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए,दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई कराई जाए,तथा अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य हेतु समुचित चैम्बर व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया है कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान,अधिकार और



गरिमा के प्रश्न पर कोई भी किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। विरोध के दौरान 'अधिवक्ता एकता ज़िंदाबाद' के नारे भी गूंजे। इस अवसर पर बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा एल्डर्स कमेटी चेयरमेन ब्रजेश नारायण गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव,सूर्य प्रसाद यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया,उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी,कोषाध्यक्ष अनमोल कन्हैया,संयुक्त सचिव जितेन्द्र कुमार मिश्रा,राम किशोर वर्मा,सत्यम त्रिवेदी, रवि मौर्या,सिराज अहमद, अनुज यादव,प्रदीप कुमार गौतम,अशफाक अहमद, फूलचंद्र भार्गव,अनवर हबीब,अनुग्रह गुप्ता,दीपू गुप्ता, परमेश यादव,प्रीती श्रीवास्तव सहित काफ़ी संख्या में बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ 15वां रुद्र महायज्ञ





● आदर्श ऋषि आश्रम ऐहार मे शुरू रुद्र महायज्ञ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित आदर्श ऋषि आश्रम में बुधवार से 15वें रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। शुरुआत भव्य कलश यात्रा और शोभायात्रा के साथ हुई।श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। शोभायात्रा बाबा बाल्हेश्वर धाम से निकाली गई। यह यात्रा गांव के अलग अलग देवस्थानों से होकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान धार्मिक जयघोष गूंजते रहे। आदर्श ऋषि आश्रम के कर्ताधर्ता संत सर्वेश्वर दास व्यासजी महाराज ने बताया कि महायज्ञ का आयोजन 28 मई तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह विधि-विधान से हवन और पूजन कराया जाएगा। दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। रात आठ बजे से रामलीला मंचन भी होगा। कार्यक्रम में कई राज्यों से संत, कथावाचक और कलाकार शामिल होंगे। महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बताया कि महायज्ञ का समापन 28 मई को विशाल भंडारे के साथ होगा। भंडारा दोपहर दो बजे से शुरू किया जाएगा।

### सराफा कारीगर को पीटा, मामला दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सराफा मंडी में मगलवार को मारपीट हो गई। सराफा की दुकान के कारीगर को पड़ोसी दुकानदार ने जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया। कस्बे के शांतिनगर मोहल्ला निवासी अनुज सराफा मंडी में मोहित सोनी की दुकान में काम करता है। मंगलवार की दोपहर को पडोसी दुकानदार सचिन सोनी एक मामूली बात को लेकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। यह पूरी घटना दूकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दिखाई। पुलिस ने फौरन केस दर्ज कर कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में दवा विक्रेताओं का बंद सफल

● महमूदाबाद में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-** सीतापुर ऑनलाइन फार्मेसी के बढ़ते चलन और कॉर्पोरेट कंपनियों की कथित शोषणकारी नीतियों के खिलाफ बुधवार को स्थानीय दवा विक्रेताओं ने अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखीं। 'ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स' के केंद्रीय आह्वान पर आयोजित इस एक दिवसीय बंद का महमूदाबाद और आसपास के ग्रामीण इलाकों में व्यापक असर देखने को मिला। नगर के प्रमुख दवा बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। इस दौरान आंदोलित दवा व्यापारियों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी को प्रधानमंत्री व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। दवा विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म्स पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ये कंपनियां बिना किसी पुख्ता सत्यापन के धड़ल्ले से दवाओं की होम डिलीवरी कर रही हैं। व्यापारियों ने मुख्य रूप से नशीली व प्रतिबंधित दवाओं का दुरुपयोग करके बिना वैध और मूल डॉक्टर के पर्चे के ऑनलाइन दवाएं मंगवाई जा रही हैं। इससे युवाओं में आदत बनाने व और प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग का खतरा खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। बिना डॉक्टरी परामर्श के एंटीबायोटिक्स की आसान उपलब्धता से 'एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस' (दवाओं का बेअसर होना) का खतरा पैदा हो रहा है, जो भविष्य के लिए एक बड़ा स्वास्थ्य संकट है। इंटरनेट के माध्यम से फर्जी या पुराने पर्चों को बार-बार अपलोड करके दवाएं हासिल की जा रही हैं, जिस पर कोई कड़ा नियंत्रण नहीं है। छोटे और ग्रामीण केमिस्टों के अस्तित्व पर संकट ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के स्थानीय नेताओं ने कहा कि बड़ी कॉर्पोरेट और ऑनलाइन कंपनियां भारी-भरकम डिस्काउंट (छूट) देकर बाजार पर एकाधिकार जमाना चाहती हैं। इस अनुचित व्यापार प्रतिस्पर्धा के कारण छोटे, खुदरा और ग्रामीण क्षेत्रों के केमिस्टों का व्यवसाय पूरी तरह चौपट होने की कगार पर पहुंच गया है। दवा व्यवसाय से जुड़े लाखों परिवारों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। यह केवल हमारे व्यापार या मुनाफे की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह देश के जनस्वास्थ्य और सीधे तौर पर मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा बेहद संवेदनशील मामला है। दवाओं को सामान्य किराना या उपभोक्ता सामान की तरह नहीं बेचा जा सकता, यह बात स्थानीय पदाधिकारी, दवा विक्रेता संघ ने कही ओर सरकार से अधिसूचनाएं वापस लेने की मांग AIOCD ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह दवा क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने वाली अपनी



नीतियों पर तुरंत पुनर्विचार करे। संगठन ने विशेष रूप से कोविड-19 काल के दौरान जारी की गई GSR 220(E) और ई-फार्मेसी को विनियमित करने के नाम पर लाई गई GSR 817(E) अधिसूचनाओं को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। बुधवार को दवा दुकानें बंद रहने के कारण स्थानीय और ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों व उनके तीमारदारों को दवाइयों के लिए काफी भटकना पड़ा। हालांकि, दवा विक्रेता संगठन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि मानवीय आधार पर आपातकालीन स्थिति के लिए अस्पतालों के अंदर स्थित फार्मेसी और कुछ चुनिंदा जीवन रक्षक दवाओं की दुकानों को बंद से मुक्त रखा गया था, ताकि किसी गंभीर मरीज की जान पर न बन आए। दवा व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने ई-फार्मेसी के खिलाफ कोई ठोस और सख्त कदम नहीं उठाया, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# नौतपा और भारतीय जीवन दर्शन




भारतीय उपमहाद्वीप की जलवायु विश्व की सबसे विविध और जटिल जलवायु प्रणालियों में गिनी जाती है। यहाँ ऋतुओं का परिवर्तन केवल मौसम का बदलाव नहीं होता, बल्कि यह कृषि, अर्थव्यवस्था, समाज और मानव जीवन की गति को भी निर्धारित करता है। ग्रीष्म ऋतु के अंतिम चरण में उत्तर और मध्य भारत जिस भीषण गर्मी का सामना करते हैं, उसे लोक परंपरा में नौतपा कहा जाता है। यह वह समय होता है जब सूर्य की तपिश अपने चरम पर पहुँच जाती है और धरती का बड़ा भाग भट्ठी की तरह तपने लगता है। वर्ष 2026 में नौतपा 25 मई से 2 जून तक रहने वाला है। इन 9 दिनों को भारतीय मौसम चक्र का सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण दौर माना जाता है, क्योंकि इस समय तापमान कई क्षेत्रों में 45 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है और वातावरण में ऐसी गर्मी भर जाती है जो सामान्य जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर देती है।

नौतपा केवल एक लोक मान्यता नहीं है, बल्कि इसके पीछे स्पष्ट वैज्ञानिक और भौगोलिक कारण मौजूद हैं। पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती है और मई के अंतिम सप्ताह तक सूर्य की स्थिति कर्क रेखा के समीप पहुँच जाती है। कर्क रेखा भारत के मध्य भाग से होकर गुजरती है, इसलिए इस समय सूर्य की किरणें भारतीय भूभाग पर लगभग सीधी पड़ती हैं। जब सूर्य की किरणें सीधे धरती पर गिरती हैं तो उनकी ऊर्जा कम क्षेत्र में केंद्रित हो जाती है और तापमान तेजी से बढ़ता है। इसके विपरीत तिरछी किरणें बड़े क्षेत्र में फैल जाती हैं, जिससे गर्मी की तीव्रता कम हो जाती है। यही कारण है कि मई और जून के बीच उत्तर भारत की धरती अत्यधिक गर्म हो जाती है। भारतीय मौसम विभाग ने वर्ष 2026 के लिए कई राज्यों में सामान्य से अधिक गर्मी और लू की संभावना व्यक्त की है। राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के अनेक क्षेत्रों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुँचने की आशंका जताई गई है। कुछ मरुस्थलीय इलाकों में यह आँकड़ा 48 डिग्री सेल्सियस के पार भी जा सकता है।

नौतपा के दिनों में केवल दिन ही गर्म नहीं होते, बल्कि रातें भी असहनीय हो जाती हैं। मई और जून के इस दौर में दिन लगभग 13 से 14 घंटे लंबे हो जाते हैं। इतने लंबे समय तक सूर्य की किरणें लगातार धरती को गर्म करती रहती हैं। मिट्टी, चट्टानें, सड़कें और कंक्रीट की इमारतें दिनभर ऊष्मा को अपने भीतर सोखती रहती हैं। सूर्यास्त के बाद यही ऊष्मा धीरे धीरे वातावरण में वापस निकलती है। चूँकि रातें छोटी होती हैं, इसलिए धरती को ठंडा होने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। परिणामस्वरूप अगले दिन तापमान और अधिक बढ़ जाता है। यही संचयी प्रक्रिया नौतपा के दूसरे और तीसरे दिन के बाद गर्मी को और अधिक खतरनाक बना देती है। इस समय एक और महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिलता है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाएँ धीरे धीरे भारतीय भूभाग की ओर बढ़ने लगती हैं। जब यह नमी अत्यधिक गर्म मैदानी क्षेत्रों में पहुँचती है, तब हवा में आर्द्रता बढ़ जाती है। इसके कारण शरीर से निकलने वाला पसीना जल्दी नहीं सूखता। सामान्यतः पसीने का वाष्पीकरण शरीर को ठंडा करता है, लेकिन नमी बढ़ने पर यह प्रक्रिया बाधित हो जाती है। परिणामस्वरूप व्यक्ति को वास्तविक तापमान से कहीं अधिक गर्मी महसूस होती है। कई बार 45 डिग्री सेल्सियस का तापमान शरीर को 50 से 55 डिग्री सेल्सियस जैसा महसूस होता है। यही कारण है कि उमस भरी गर्मी शुष्क गर्मी से अधिक खतरनाक मानी जाती है।

मानव शरीर सामान्य परिस्थितियों में अपना आंतरिक तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस बनाए रखता है। जब बाहरी तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है, तब शरीर स्वयं को ठंडा रखने के लिए अधिक मात्रा में पसीना निकालता है। यदि शरीर को पर्याप्त पानी और आवश्यक लवण न मिलें, तो डिहाइड्रेशन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे चक्कर आना, कमजोरी, सिरदर्द, मांसपेशियों में ऐंठन और रक्तचाप में असंतुलन जैसी समस्याएँ शुरू हो जाती हैं। अधिक गंभीर स्थिति में व्यक्ति हीट स्ट्रोक अर्थात लू का शिकार हो सकता है। लू लगने पर शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट तक पहुँच सकता है, जिससे मस्तिष्क, हृदय और अन्य महत्वपूर्ण अंग प्रभावित हो सकते हैं। भारत में बढ़ती गर्मी और हीटवेव से होने वाली मृत्यु दर को लेकर कई वैज्ञानिक शोध चेतावनी दे चुके हैं कि आने वाले वर्षों में यह खतरा और बढ़ सकता है। नौतपा के दौरान सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक का समय सबसे अधिक संवेदनशील माना जाता है। इस दौरान बिना आवश्यकता घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो, तो सिर और चेहरे को सूती कपड़े से ढकना चाहिए। हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्र शरीर को अपेक्षाकृत ठंडा रखने में सहायता करते हैं। तेज धूप में लगातार चलने या मेहनत करने से बचना चाहिए। विशेष रूप से मजदूरों, किसानों, रिक्शा चालकों और खुले में काम करने वाले लोगों को अत्यधिक सावधानी की आवश्यकता होती है।

खानपान में भी विशेष अनुशासन आवश्यक हो जाता है। केवल प्यास लगने पर पानी पीना पर्याप्त नहीं होता। शरीर को लगातार पानी की आवश्यकता होती है। थोड़े थोड़े अंतराल पर पानी पीते रहना चाहिए। ओआरएस का घोल, नींबू पानी, छाछ, बेल का शरबत, नारियल पानी और कच्चे आम का पन्ना शरीर में पानी और लवणों का संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। तरबूज, खरबूजा, खीरा और ककड़ी जैसे फल शरीर को ठंडक पहुँचाते हैं। इसके विपरीत अत्यधिक मसालेदार, तला हुआ और भारी भोजन शरीर के तापमान को और बढ़ा सकता है, इसलिए ऐसे भोजन से बचना चाहिए। नौतपा का प्रभाव समाज के सभी वर्गों पर समान नहीं पड़ता। बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएँ सबसे अधिक संवेदनशील होती हैं। बच्चों का शरीर अभी पूरी तरह विकसित नहीं होता और बुजुर्गों की शारीरिक क्षमता उम्र के साथ कमजोर हो जाती है। इसलिए उन्हें जल्दी लू लग सकती है। परिवारों को चाहिए कि वे इन सदस्यों का विशेष ध्यान रखें और पानी की कमी के किसी भी संकेत को नजरअंदाज न करें।

यह समय पशु पक्षियों के लिए भी अत्यंत कठिन होता है। तालाब और छोटे जलस्रोत सूखने लगते हैं। पक्षियों और आवारा पशुओं को पानी के लिए भटकना पड़ता है। यदि लोग अपने घरों की छतों, बालकनियों और आँगनों में मिट्टी के बर्तनों में पानी रखें, तो हजारों जीवों को राहत मिल सकती है। यह केवल दया नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। हालाँकि नौतपा अत्यंत कष्टदायक होता है, फिर भी भारतीय मानसून के लिए इसका बहुत बड़ा महत्व है। जब उत्तर भारत की धरती अत्यधिक गर्म हो जाती है, तब वहाँ की हवा गर्म होकर ऊपर उठती है। इससे धरातल पर निम्न वायुदाब का क्षेत्र बनता है। यही निम्न दबाव दक्षिण में स्थित हिंद महासागर की ठंडी और नमी से भरी हवाओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। यही हवाएँ आगे चलकर मानसून बनती हैं। मौसम विज्ञान के अनुसार यदि नौतपा के दौरान अच्छी गर्मी पड़े, तो मानसून के मजबूत होने की संभावना बढ़ जाती है। यदि इस समय लगातार वर्षा हो जाए और पर्याप्त गर्मी न पड़े, तो मानसून कमजोर हो सकता है। इस प्रकार नौतपा केवल गर्मी का एक कठिन दौर नहीं है, बल्कि यह भारतीय प्रकृति के विशाल संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह वही तपिश है जो आने वाली वर्षा की नींव रखती है। जून के पहले सप्ताह के बाद जब मानसून केरल के तट पर पहुँचता है और धीरे धीरे पूरे देश में फैलता है, तब तपती धरती को राहत मिलती है। पहली बारिश की बूँदें केवल तापमान नहीं घटातीं, बल्कि करोड़ों लोगों के मन में नई आशा और जीवन का संचार भी करती हैं। तब तक मनुष्य को वैज्ञानिक सावधानियों, अनुशासित जीवन शैली और प्रकृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार के साथ इस कठिन समय को सुरक्षित रूप से पार करना होता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# डिजिटल अरेस्ट- साइबर ठगी का नया चेहरा

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**



डिजिटल अरेस्ट आज की साइबर ठगी का एक नया चेहरा बन चुका है, जो लोग इन ठगों की गिरफ्त में आ जाते हैं वो आसानी से अपना आर्थिक नुकसान कर बैठते हैं। कहा जाता है कि डर इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन होता है, यह वो भी करा देता है जो इंसान कभी करना ही नहीं चाहता। साइबर ठगों ने इसी डर को अपना हथियार बना लिया है। और इसका नाम है 'डिजिटल अरेस्ट '। पुलिस ने बार- बार कहा है कि पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। फिर भी लोग इन जालसाजों के झांसे में आ जाते हैं। इसमें सीधे आपके पास वीडियो कॉल आती है। सामने पुलिस की वर्दी में कोई अफसर दिखता है। बैकग्राउंड में थाने जैसा सेटअप। वो कहता हैः 'आपके आधार से मनी लॉन्ड्रिंग हुई है, ड्रग्स वाले पार्सल में आपका नाम है, या आपके बच्चे का किडनैप केस है।' फिर धमकीः 'अभी घर से बाहर नहीं निकलना, फोन मत काटना। आप डिजिटल अरेस्ट में हैं। जांच चल रही है। 'इसके बाद शुरू होता है असली खेल। 'जमानत' के नाम पर, 'वेरिफिकेशन' के नाम पर लाखों रुपये ट्रांसफर करा लिए जाते हैं। इंसान डर के मारे 3-4 दिन तक कमरे में बंद रहकर स्क्रीन शेयर करता रहता है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में डिजिटल अरेस्ट से 1200 करोड़ से ज्यादा की ठगी हुई। जनवरी से अप्रैल 2025 तक ही 1740 केस दर्ज हो चुके हैं। शिकार ज्यादातर पढ़े-लिखे रिटायर्ड लोग, डॉक्टर, प्रोफेसर हैं। ठग को पता है कि इज्जत का डर पैसे से बड़ा होता है। कानून की खामी नहीं, समझ की कमी और इसी से व्यक्ति ठग लिया जाता है। सच ये है कि भारतीय कानून में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई चीज है ही नहीं। पुलिस, छ्क्क्ष्ठ, श्च्ष्ठ या कोर्ट कभी वीडियो कॉल पर पूछताछ नहीं करते। गिरफ्तारी हमेशा फिजिकल होती है, वारंट के साथ। न कोई एजेंसी व्हाट्सऐप पर नोटिस भेजती है, न स्काइप पर बयान लेती है।

अब सवाल यह उठता है कि जब डिजिटल अरेस्ट के नाम जैसी कोई चीज नहीं है तो फिर भी लोग फंसते क्यों हैं? इसकी मुख्य तीन वजह समझ में आतीं हैं। पहला है अथॉरिटी का रोबः वर्दी, बैकग्राउंड, कानूनी धाराएं बोलकर डराना

**आइसोलेशनः** 'किसी को मत बताना, केस बिगड़ जाएगा' कहकर पीड़ित को अकेला कर दिया जाता है। टाइम प्रेशरः '2 घंटे में पैसा नहीं भेजा तो अभी अरेस्ट' कर लिया जाएगा। और लोग अपनी वर्षों से जमा पूंजी गंवा बैठते हैं। ऐसा भी नहीं है कि इसमें केवल न समझ लोग ही ठगते हों। अच्छे अच्छे पदों पर बैठे व्यक्ति, बड़े पदों से रिटायर्ड व्यक्ति उसमें शामिल हैं। इसमें बचाव का बस एक ही मंत्रः है रुको, सोचो, चेक करो। इसमें डर से पहले दिमाग चलाएंः कोई भी असली एजेंसी पैसे मांगे तो 100% फ्रॉड है।

**कॉल काटोः** सरकारी अफसर वीडियो कॉल पर धमकाए तो तुरंत फोन काट दें। असली पुलिस दोबारा कॉल करेगी तो थाने बुलाएगी। वेरिफाई करोः 1930 पर साइबर हेल्पलाइन कॉल करें। नजदीकी थाने जाकर पूछें। बात करोः परिवार को बताएं। ठग सबसे पहले यही मना करते हैं। बैंक खातों का मिसयूज रोकने के लिए सिस्टम चाहिए। टेलीकॉम कंपनियां फर्जी इंटरनेशनल कॉल्स क्यों नहीं रोक पातीं? व्हाट्सऐप पर पुलिस की छ्क्कलगाकर ठगी हो रही है, प्लेटफॉर्म की जवाबदेही कब तय होगी? पुलिस की साइबर विंग को भी स्कैम कॉल के पैटर्न पर जनता को लगातार अलर्ट करना होगा। डिजिटल इंडिया का सपना तभी पूरा होगा जब डिजिटल नागरिक समझदार होगा।

## उत्तर सेंटिनल द्वीपः भारत का वह निषिद्ध द्वीप जहाँ जाना मौत को आमंत्रित करना है

भारत के अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में स्थित उत्तर सेंटिनल द्वीप विश्व की सबसे रहस्यमयी और खतरनाक जगहों में से एक है। बंगाल की खाड़ी में फैला यह छोटा द्वीप, जो मैनहट्टन के आकार के लगभग बराबर है, हजारों वर्षों से सेंटिनली जनजाति का घर है। यह जनजाति स्वेच्छा से बाहरी दुनिया से पूर्णतः अलग-थलग रहती है और किसी भी बाहरी व्यक्ति के संपर्क को हिंसक प्रतिरोध से खारिज करती है।

**ऐतिहासिक संदर्भ और अलगाव** सेंटिनली जनजाति अंडमानी लोगों का हिस्सा मानी जाती है, जिनकी उत्पत्ति लगभग साठ हजार वर्ष पुरानी बताई जाती है। ब्रिटिश काल से लेकर आधुनिक समय तक, इस द्वीप पर संपर्क स्थापित करने के प्रयास लगभग हमेशा असफल और घातक रहे हैं। अठ्ठासी सौ अस्सी के दशक में ब्रिटिश अधिकारी मॉरिस विडल पोर्टमैन के नेतृत्व में हुई एक अभियान में कुछ सेंटिनली लोगों को पकड़ा गया, जिनमें वयस्क व्यक्ति बीमारियों से मारे गए। अठ्ठासी सौ छियानबे में एक भारतीय कैदी द्वीप पर पहुंचा तो उसकी लाश तीरों के घावों के साथ मिली। दो हजार छह में दो मछुआरे अनजाने में द्वीप के किनारे आ गए और जनजाति ने उन्हें मार डाला।

**संपर्क के दुर्लभ प्रयासः त्रिलोकनाथ पंडित की कहानी** इन घातक घटनाओं के बीच एक उल्लेखनीय अपवाद रहा भारतीय मानवशास्त्री त्रिलोकनाथ पंडित का। सन् उन्नीस सौ सड़सठ में उन्होंने अंडमान और निकोबार प्रशासन के निर्देश पर पहली बार द्वीप पर उतरने का प्रयास किया। शुरुआती दौर में जनजाति ने तीरों से हमला किया और छिपकर प्रतिरोध किया। लगभग चौबीस वर्षों तक निरंतर प्रयासों में पंडित और उनकी टीम नारियल, लोहे के उपकरण और अन्य उपहार लेकर जाती रही।

चार जनवरी उन्नीस सौ इक्यानबे को इतिहास रचा गया। पंडित के नेतृत्व वाली टीम ने पहली बार शांतिपूर्ण संपर्क स्थापित किया। नारियल पानी में फेंके गए, सेंटिनली पुरुष उन्हें लेने आए, कुछ देर जिज्ञासा दिखाई और फिर टीम सुरक्षित वापस लौट आई। यह द्वीप पर शांतिपूर्ण संपर्क का एकमात्र दर्ज उदाहरण माना जाता है। पंडित ने बाद में कहा कि जनजाति स्पष्ट रूप से बाहरी लोगों को नहीं चाहती। इस सफलता के बाद भारत सरकार ने द्वीप पर उतरने के प्रयास बंद कर दिए और अलगाव की नीति अपनाई।

**दो हजार अठारह का अमेरिकी मिशनरी मामला** सबसे चर्चित मामला दो हजार अठारह का है, जब छब्बीस वर्षीय अमेरिकी मिशनरी जॉन एलन चौ अवैध रूप से द्वीप पहुंचने की कोशिश में तीन बार प्रयास कर चुका था। स्थानीय मछुआरों को पैसे देकर वह वहां पहुंचा और जनजाति ने उसे तीरों से मार दिया। भारतीय प्रशासन ने उसके शव को निकालने का प्रयास भी नहीं किया।

**वैज्ञानिक और नैतिक दृष्टिकोण** शोधकर्ताओं और मानवविज्ञानियों के अनुसार, सेंटिनली जनजाति की आबादी मात्र पचास से एक सौ पचास के बीच अनुमानित है। इनकी प्रतिरक्षा प्रणाली बाहरी दुनिया की सामान्य बीमारियों के प्रति पूरी तरह असुरक्षित है। कोई भी संपर्क पूरे समूह के विनाश का कारण बन सकता है। भारत सरकार ने द्वीप को संरक्षित क्षेत्र घोषित कर दिया है और पांच नॉटिकल मील की परिधि में किसी भी व्यक्ति के जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है।

यह अलगाव न केवल जनजाति की सुरक्षा के लिए है, बल्कि उनकी स्वायत्तता और सांस्कृतिक अखंडता का सम्मान भी है।

**निष्कर्ष** उत्तर सेंटिनल द्वीप आधुनिक दुनिया के लिए एक चेतावनी है – कि हर जगह पहुंचने और हर रहस्य जानने की जिज्ञासा हमेशा उचित नहीं होती। त्रिलोकनाथ पंडित के धैर्यपूर्ण और सम्मानजनक प्रयास इस बात के सबूत हैं कि जहां संभव हो, शांतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है, लेकिन अंततः जनजाति की इच्छा का सम्मान सर्वोपरि है। जहां तक संभव हो, इस निषिद्ध भूमि को अछूता छोड़ देना ही सबसे बुद्धिमानी भरा और मानवीय कदम है। **लेखकः सचिन बाजपेई**

# 3-डी अभियानः बदलाव जो दिखता भी है और बदलता भी है

**[दिखावे की अर्थव्यवस्था पर सादगी का जनआंदोलन]**

**[3-डी 'अभियान' से बदलती तस्वीरः गांवों में शुरू हुआ नया संस्कार युग]**

जब उत्सव की धुनें खुशियों की जगह चिंता जगाने लगें और परंपरा अपने मूल अर्थ से दूर हो जाए, तब समाज को खुद को देखने की जरूरत होती है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों की पहचान सादगी रही है, लेकिन शादियों में डीजे का शोर, शराब और 'दापा' (दहेज़) जैसी प्रथाओं का दबाव इस गरिमा को प्रभावित कर रहा है। विवाह, जो कभी संस्कार और अपनापन का प्रतीक था, अब कई जगह आर्थिक बोझ बनता जा रहा है। ऐसे समय में जो पहल समाज को सादगी और संस्कार की ओर लौटाए, वह सुधार नहीं, सामाजिक चेतना का पुनर्जागरण बन जाती है। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले का दहेज, दारू और डीजे मुक्त '3-डी अभियान' आज उसी बदलाव की सशक्त मिसाल है।

जब कोई अधिकारी कानून से आगे बढ़कर समाज की सोच बदलने का संकल्प लेता है, तभी बदलाव इतिहास बनता है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने '3-डी अभियान' को जनआंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने वर्दी को भय नहीं, विश्वास और संवाद का माध्यम बनाया। झाबुआ से शुरू हुए इस अभियान को उन्होंने बड़वानी में सामाजिक चेतना का आधार बना दिया। वे स्वयं सादगीपूर्ण विवाहों में शामिल होकर परिवारों को सम्मानित भी करते हैं, जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती है। गांव-गांव जाकर वे समझाते हैं कि विवाह दिखावे नहीं, संस्कार और सम्मान का उत्सव है। यही कारण है कि '3-डी अभियान' आज समाज में जागरूकता और स्वाभिमान की पहचान बन चुका है।

'3ष्ठ अभियान' केवल तीन बुराइयों के विरोध की पहल नहीं, बल्कि उस विकृत सोच के खिलाफ सामाजिक जागरण है जिसने विवाह को संस्कार से अधिक बोझ बना दिया था। गरीब परिवार वर्षों तक कर्ज में डूबते रहे, जमीन गिरवी रखते रहे और कमाई दिखावे में खर्च होती रही। कई घर शादी के बाद भी कर्ज से नहीं निकल पाए। शराब ने खुशियों को विवाद और हिंसा में बदला, जबकि डीजे के शोर ने लोकसंस्कृति को दबा दिया। अब बड़वानी के कई गांवों में विवाह बिना दहेज के हो रहे हैं, बिना शराब के उत्सव सज रहे हैं और ढोल-मांदल की पारंपरिक थाप फिर से सुनाई देने लगी है।

सच्चा बदलाव केवल आदतें नहीं बदलता, वह संस्कृति को भी नया जीवन देता है। '3-डी अभियान' की ताकत यही है। आदिवासी समाज की पहचान लोकधुनों, सामूहिक उत्सवों और सादगी में रही है, लेकिन दिखावे की चकाचौंध ने इन्हें हाशिये पर धकेल दिया था। विवाहों में लोकगीतों की जगह शोर और स्थानीय कलाकारों की जगह डीजे ने ले ली थी। '3-डी अभियान' ने इस असंतुलन को चुनौती दी है। अब गांवों में ढोल-मांदल की थाप गूंज रही है, लोकधुनें लौट रही हैं और स्थानीय कलाकारों को सम्मान मिल रहा है। यह पहल केवल कुरीतियों के खिलाफ अभियान नहीं, बल्कि आदिवासी सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण का सशक्त प्रयास बन चुकी है।

समाज जब स्वयं बदलाव का प्रहरी बन जाए, तभी क्रांति जन्म लेती है। '3-डी अभियान' की सबसे बड़ी शक्ति यही जनभागीदारी है। '3-डी अभियान' अब केवल सोच नहीं बदल रहा, बल्कि समाज का व्यवहार भी बदल रहा है। जिन विवाहों में कभी शराब, विवाद और तनाव हावी रहते थे, वहां अब सादगी, अनुशासन और आत्मीयता दिखाई देने लगी है। परिवार कर्ज के बोझ से राहत महसूस कर रहे हैं और नई दुल्हनें आर्थिक दबाव नहीं, सम्मान के साथ नए जीवन में कदम रख रही हैं। लोग समझने लगे हैं कि दिखावे की चमक क्षणिक होती है, लेकिन उसके लिए लिया गया कर्ज वर्षों तक परिवारों को भीतर से तोड़ता रहता है। ऐसे में सादगीपूर्ण विवाह अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन, सम्मान और जागरूकता की नई पहचान बनते जा रहे हैं।

बड़वानी में '3-डी अभियान' ने पुलिस और समाज के रिश्तों की तस्वीर बदल दी है। यहां वर्दी केवल कानून की ताकत नहीं, सामाजिक विश्वास का प्रतीक बनी है। जिस पुलिस को अक्सर डर और दूरी से जोड़ा जाता था, वही अब गांवों की चौपालों में बैठकर कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण कर रही है। संवाद और संवेदना को आधार बनाकर पद्मविलोचन शुक्ल ने पुलिस को समाज सुधार की शक्ति में बदल दिया है।

उन्होंने साबित किया कि प्रशासन की सबसे बड़ी सफलता केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि लोगों में भरोसा, सम्मान और जागरूकता जगाना है। बड़वानी का यह मॉडल आज कम्युनिटी पुलिसिंग की प्रेरक मिसाल बन चुका है।

समाज तब मजबूत बनता है, जब उसकी परंपराएं बोझ नहीं, सम्मान का आधार बनें। बड़वानी का '3-डी अभियान' इसी बदलाव की प्रभावी शुरुआत है। यदि यह मॉडल देशभर में अपनाया जाए, तो यह केवल शादियों का स्वरूप नहीं, सामाजिक सोच भी बदल सकता है। आज भी दहेज, शराब और दिखावे की परंपरा गरीब परिवारों को कर्ज और तनाव में धकेल रही है। बेटियों के विवाह कई घरों के लिए आर्थिक संघर्ष बन जाते हैं, जबकि नशा और शोर सामाजिक वातावरण को खोखला करते हैं। ऐसे में '3-डी अभियान' केवल कुरीतियों के खिलाफ मुहिम नहीं, बल्कि सादगी, सम्मान और सामाजिक संतुलन का संदेश है। यह समाज को बताता है कि विवाह बोझ नहीं, संस्कार होना चाहिए।

गहरी जमी परंपराओं से टकराता हर बदलाव आसान नहीं होता, लेकिन वही समाज को नई दिशा देता है। आज भी समाज का एक हिस्सा दिखावे को प्रतिष्ठा और दहेज को परंपरा मानकर उसी में उलझा हुआ है। लेकिन बड़वानी ने दिखा दिया है कि संवाद, संवेदनशील नेतृत्व और जनभागीदारी से गहरी जमी सोच भी बदली जा सकती है। '3-डी अभियान' यह स्पष्ट करता है कि बदलाव बड़े साधनों से नहीं, दृढ़ संकल्प से जन्म लेता है। बड़वानी जिले के वर्तमान एसपी पद्मविलोचन शुक्ल और उनकी टीम का यह प्रयास अब एक दिशा बन चुका है। जिस दिन विवाह सादगी और सम्मान का उत्सव बनेंगे, उसी दिन समाज वास्तविक प्रगति की ओर बढ़ेगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

## दैनिक राशिफल




**मेष राशि** आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। नौकरी और व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।
**शुभ रंगः** लाल **शुभ अंकः** 9

**वृषभ राशि** आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। कार्यस्थल पर वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें और खानपान संतुलित रखें। **शुभ रंगः** सफेद **शुभ अंकः** 6

**मिथुन राशि** आज आपकी वाणी प्रभावशाली रहेगी। मित्रों से मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी पुराने विवाद से बचने की कोशिश करें। **शुभ रंगः** हरा **शुभ अंकः** 5

**कर्क राशि** भावनात्मक रूप से थोड़ा संवेदनशील महसूस कर सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।
**शुभ रंगः** सिल्वर **शुभ अंकः 2**

**सिंह राशि** आज नेतृत्व क्षमता मजबूत रहेगी। व्यापार में लाभ और नौकरी में प्रशंसा मिल सकती है। यात्रा के योग बन रहे हैं। अहंकार से बचें। **शुभ रंगः** सुनहरा **शुभ अंकः** 1

**कन्या राशि** नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा लेकिन थकान महसूस हो सकती है। **शुभ रंगः** आसमानी **शुभ अंकः** 7

**तुला राशि** दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। कला और रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। निवेश सोच-समझकर करें।
**शुभ रंगः** गुलाबी **शुभ अंकः** 6

**वृश्चिक राशि** आज साहस और ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने की संभावना है। गुस्से पर नियंत्रण रखें। **शुभ रंगः** मैरून **शुभ अंकः** 8

**धनु राशि** भाग्य का साथ मिलेगा। धार्मिक या आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए दिन शुभ है। **शुभ रंगः** पीला **शुभ अंकः** 3

**मकर राशि** कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। मेहनत का फल धीरे-धीरे मिलेगा। परिवार के बुजुर्गों का आशीर्वाद लाभ देगा।
**शुभ रंगः** नीला **शुभ अंकः** 4

**कुंभ राशि** नई पहचान और संपर्क लाभदायक साबित होंगे। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।
**शुभ रंगः** बैंगनी **शुभ अंकः** 11

**मीन राशि** मन शांत रहेगा और रचनात्मकता बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। यात्रा का योग बन सकता है।
**शुभ रंगः** समुद्री हरा **शुभ अंकः** 12

# सुप्रीम आदेश से आवारा कुत्तों से मुक्ति की उम्मीद बढ़ी



आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कार्ट द्वारा अपने पुराने आदेश को बरकरार रखने से अब लगता है कि देश को आवारा कुत्तों के आंतक से मुक्ति मिल जाएगी। लोगों को रैबीज की जान लेवा बीमारी से छुटकारा मिल सकेगा। न्यायालय ने नेशनल हाईवे अथार्टी को भी कहा कि यह मार्ग पर इस तरह बाड़ और अवरोध बनाए कि आवारा पशु सड़क पर न जा सके। न्यायालय के नेशनल हाईवे अथार्टी को दिए आदेश से आशा बनी है कि आवारा पशुओं के टकराने से होने वाली दुर्घटनाएं कम होंगी। आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में फैसला सुनाते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पुराने अपने पुराने आदेश को बरकरार रखा। कोर्ट ने 11 अगस्त के पिछले आदेशों में बदलाव करने का निर्देश देने की मांग करने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया । पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, सभी राज्य हर शहर में एनिमल सेंटर बनाएं। जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, कुत्तों के काटने की घटना लगातार जारी है और यह दिखाया है कि संबंधित अथॉरिटी की लापरवाही दिखती है। अदालत ने कहा, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों का यह दायित्व है कि लोगों के जीवन की रक्षा करें। राइट टू लाइफ की रक्षा करना राज्य और यूटी की जिम्मेदारी है। सर्वोच्च अदालत ने कहा, 'गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार सभी का अधिकार है। इसकी के तहत पब्लिक प्लेस में एक्सेस का अधिकार उनका है। बिना डर लोग कहीं जा सकें, ये उनका अधिकार है।' पीठ ने कहा, बच्चे और बुजुर्ग पर अटैक हो रहा है। कुत्तों द्वारा इंटरनेशनल ट्रैवलर को निशाना बनाया गया है। पीठ ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी करते हुए कहा, सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेश एनिमल बर्थ कंट्रोल लागू करें। राज्य तमाम सुविधाओं वाले यूटी एबीसी सेंटर हर जिले में स्थापित करें। कोर्ट ने कहा, वहां स्टेरलाइजेशन और वेक्सिनेशन प्रोग्राम वहां हो पाए।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने याचिकाकर्ताओं, प्रतिवादियों, पीड़ितों, कुत्तों के पक्ष में शामिल लोग, पशु कल्याण बोर्ड और भारत सरकार की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एएनएचएआई) की ओर से पेश हुए अधिवक्ता की दलीलें भ सुनी । इसमें सात नवंबर, 2025 के उस निर्देश के अनुपालन का जिक्र था। अदालत ने प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजमार्गों से आवारा पशुओं को हटाने और सड़कों के किनारे बाड़ लगाने के निर्देश दिये थे। न्यायालय ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) को पशु आश्रय स्थलों या पशु जन्म नियंत्रण सुविधाओं के लिए अनुमति मांगने वाले गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ)के आवेदनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।पीठ ने एडब्ल्यूबीआई का पक्ष रख रहे अधिवक्ता से कहा, 'या तो आप आवेदन स्वीकार करें या अस्वीकार करें, लेकिन इसे शीघ्रता से करें।' शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी अधिवक्ता की इस दलील पर की कि सात नवंबर के आदेश के बाद, विभिन्न संगठनों से ऐसे आवेदनों में अचानक वृद्धि हुई है।

न्यायालय ने 13 जनवरी को कहा था कि वह राज्यों से कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए भारी हर्जाना देने को कहेगी और ऐसे मामलों के लिए कुत्तों को खाना खिलाने वालों को जवाबदेह ठहराएगी। अदालत ने पिछले पांच वर्षों से आवारा पशुओं से संबंधित मानदंडों के लागू न होने पर भी चिंता जताई। अदालत ने कई मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा, 'कुत्तों के काटने का ख़तरा अब हवाई अड्डों और रिहायशी इलाक़ों समेत महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों तक फैल चुका है। 'अदालत ने कहा कि यह समस्या 'बेहद व्यापक' रूप ले चुकी है और 'ऐसी घटनाओं का लगातार दोहराया जाना' निर्देशों के पालन में कमी को दर्शाता है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि जो अधिकारी इन आदेशों को लागू करने में विफल रहेंगे, उनके ख़िलाफ़ अवमानना और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। फ़ैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा, 'गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह अधिकार भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। राज्य मूक दर्शन बनकर नही रह सकता। अदालत भी उन कठोर ज़मीनी हक़ीक़तों से आँखें नहीं मूँद सकती, जहाँ बच्चे, विदेशी यात्री और बुजुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं. संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहाँ बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताक़त या क़िस्मत के भरोसे हो। इससे पहले नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की एक बेंच ने अपने एक आदेश में सभी राज्य सरकारों से कहा था कि वो आवारा कुत्तों और मवेशियों को हाईवे, सड़कों और एक्सप्रेस-वे से हटा दें। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था, 'इसका सख़्ती से पालन करना ज़रूरी है वरना अधिकारियों को व्यक्तिगत तौर पर ज़िम्मेदार ठहराया जाएगा '। कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह भी निर्देश दिए थे कि अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक खेल परिसर, रेलवे स्टेशन जैसे सरकारी और निजी संस्थानों की पहचान कर उन्हें इस तरह घेर दें कि आवारा कुत्ते अंदर न आ सकें। कोर्ट ने यह भी कहा कि अधिकारियों को ऐसे परिसरों से मौजूद आवारा कुत्तों को हटाकर उनकी नसबंदी करानी होगी. इसके बाद उन्हें डॉग शेल्टर में भेजना होगा। कुछ वकीलों ने आदेश पर चिंता जताई थी और कोर्ट से इसे संशोधित करने के लिए सुनवाई की मांग की. हालाँकि बेंच से इसे ख़ारिज कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट की चिंता वास्तव में उचित है, क्योंकि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार, भारत में रेबीज के कारण हर साल लगभग 5,700 लोगों की जान जाती है 7 विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में रेबीज से होने वाली कुल मौतों का लगभग 36 प्रतिशत हिस्सा अकेले भारत से आता है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) और इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) की रिपोर्ट में हर साल कुत्ते के काटने के मामलों में भारी वृद्धि देखी जा रही है 7 पिछले वर्ष के दौरान भारत में कुत्ते के काटने के 37 लाख (37,15,713) से अधिक मामले दर्ज किए गए । रेबीज एक लगभग 100 प्रतिशत घातक बीमारी है। यानी लक्षण (सिंटम्स) दीखने के बाद इसे ठीक करना लगभग असंभव है 7 भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक गंभीर मुद्दा बन चुकी है। भारत में साल 2024 में कुत्ते के काटने की 37,15,713 घटना रिपोर्ट की गई। राजधानी दिल्ली की बात की जाए तो यहां साल 2025 में केवल जनवरी के महीने में 3,196 (प्रतिदिन लगभग 103) कुत्ते के काटने के मामले सामने आए। 2024 में 25,210 (प्रतिदिन लगभग 69), 2023 में 17,874 (प्रतिदिन लगभग 49), 2022 में 6,691 (प्रतिदिन लगभग 18) ये वो मामले हैं जो रिपोर्ट किए गए हैं।

कुत्ते के काटने पर दवा की चार डोज देने का प्रावधान है। पहली डोज शून्य से एक दिन के बीच,दूसरी शून्य ये तीन दिन, तीसरी शून्य से सात दिन और और चौथी शून्य से 28 दिन के बीच दी जाती है। देखने में आया है कि सरकारी अस्पतालों में एक या दो डोज देकर ही काम निपटा दिया जाता है। खुद इस पत्रकार के बेटे को कुत्ते के काटने पर जिला अस्पताल में दो डोज देकर इतिश्री कर दी गई। बाद में दो डोज बाजार से खरीदकर लगवाई गई। अब इस तरह की चिकित्सीय लापरवाही से कुत्ते के काटने के शिकार को रेबीज नही होगा। न्यायालय ने आदेश तो दे दिया किंतु इस आदेश के पालन को भी सुनिश्चित करना जरूरी होगा, क्योंकि सरकारी अमला इस कान से सुनकर दूसरे कान से निकालने का अभ्यस्त हो चुका है।

**अशोक मधुप**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांग शिविर में 25 लाभार्थियों ने किया आवेदन



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक के रतनपुर सभागार कक्ष में बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से एक दिवसीय दिव्यांग चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के दूर-दराज से आए कुल 25 दिव्यांग अभ्यर्थियों ने ट्राईसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर और कान की मशीन जैसे कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरणों के लिए अपने आवेदन जमा किए। शिविर के दौरान विभाग द्वारा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजन इनका पूरा लाभ उठा सकें। शिविर में मुख्य रूप से पहुंचे जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चिन्हांकन शिविर में उपकरण प्राप्त करने के लिए कुल 25 लोगों ने पंजीकरण कराया है। इन सभी प्राप्त आवेदनों और जरूरी दस्तावेजों की गहनता से जांच की जाएगी। पात्रता सूची फाइनल होते ही जल्द ही विकास खंड स्तर पर एक अन्य शिविर का आयोजन कर सभी पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क उपकरणों का वितरण कर दिया जाएगा। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ सहायक दिलीप कुमार गुप्ता, संरक्षण अधिकारी सुबोध, दिव्यांग सहायक रामचंद्र, मैनूद्दीन तथा सीएचसी के चिकित्सक डॉ. श्रीराम वर्मा अन्य लोग मौजूद रहे।

### सीएम आगमन की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा



**देवरिया।** आगामी 22 मई को प्रस्तावित मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। बुधवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने भीमपुर गौरा के पास पोखरभिंडा क्षेत्र में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने हेलीपैड, मंच, पार्किंग, बैरिकेडिंग, टेंट, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी की जाएं। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल और आमजन की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

### प्रशिक्षु आरक्षियों से मिले एसपी, किया पैदल गश्त



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने महुआडीह थाने का निरीक्षण कर वहां व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षियों का सम्मेलन किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, अनुशासन, अपराध नियंत्रण और जनसेवा से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग में ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा सर्वोपरि है। उन्होंने प्रशिक्षु आरक्षियों को आमजन के साथ विनम्र व्यवहार रखने, पीड़ितों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहने की सीख दी। साथ ही प्रशिक्षण अवधि में साइबर अपराध, यातायात व्यवस्था, महिला सुरक्षा और शारीरिक दक्षता जैसे विषयों का गंभीरता से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर और विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क और आगंतुक रजिस्टर आदि की जांच की गई। उन्होंने अभिलेखों और रजिस्टरों को अद्यतन रखने तथा उनके बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत एसपी ने महुआडीह थाना पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त भी किया। गश्त के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

# आदेश पर चला बुलडोजर, पोखरा हुआ अतिक्रमण मुक्त; नगर पंचायत की कार्रवाई से मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार, गोरखपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर-6 चिकनिया स्थित एक पुराने पोखरे पर किए गए कथित अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। शिकायत मिलने के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने जेसीबी मशीन लगाकर पोखरे से अतिक्रमण हटवाया और मौके पर सफाई कार्य भी कराया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जुटी रही और प्रशासनिक कदम चर्चा का विषय बना रहा। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर-6 चिकनिया के निवासी सूरज पाण्डेय, धर्मेंद्र पाण्डेय, गोलू पाण्डेय, विजय पाण्डेय, राजेश पाण्डेय समेत अन्य स्थानीय लोगों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गांव स्थित सार्वजनिक पोखरे पर कुछ लोगों द्वारा मिट्टी गिराकर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और पोखरे का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की थी कि पोखरे की पैमाइश हल्का लेखपाल के माध्यम से कराई जाए, अवैध कब्जा हटाया जाए तथा पोखरे की साफ-सफाई और खुदाई कराकर उसे मूल स्वरूप में बहाल किया जाए। शिकायत के बाद मामला प्रशासन के संज्ञान में आया और नगर पंचायत ने तत्काल जांच शुरू कराई।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी के निर्देश पर संबंधित विभागीय टीम मौके पर पहुंची। जांच के बाद जेसीबी मशीन से पोखरे पर डाली गई मिट्टी हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासनिक टीम ने मौके पर मौजूद रहकर अतिक्रमण हटवाया और सफाई अभियान भी चलवाया। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि पोखरे जैसे पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण बेहद जरूरी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो सार्वजनिक भूमि पर स्थायी कब्जे की स्थिति बन सकती थी। नगर पंचायत प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि सार्वजनिक भूमि, पोखरों और जल स्रोतों पर अवैध कब्जे के मामलों में आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## स्कूल बस की टक्कर से दूध विक्रेता गंभीर घायल, बाइक समेत सड़क पर गिरे

● जिला अस्पताल रेफर, निजी अस्पताल में जारी इलाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दूध बेचने जा रहे बाइक सवार को एक निजी स्कूल बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों की तत्परता से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल घायल का इलाज गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार गोला थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौली प्रथम निवासी राम कुंवर यादव पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ यादव रोज की तरह बुधवार सुबह दूध बेचने के लिए अपने घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि वह गांव से दूध एकत्र करने के बाद मोटरसाइकिल से खिरिया मार्ग होते हुए मुख्य सड़क पर चढ़कर बिसरा पेट्रोल पंप की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक निजी स्कूल बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि राम कुंवर यादव बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत मदद करते हुए उन्हें गोला के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला भेज दिया। सीएचसी गोला में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल की हालत चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में परिजन उन्हें गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज जारी है।

## विवाहिता की प्रताड़ना को लेकर ससुरालीजनों पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने को लेकर लालगंज पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के सराय जगत सिंह निवासी उदित नारायण पाल की पुत्री सीता पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी बीते वर्ष 2023 में 8 मई को लालगंज कोतवाली के पूरे शिवावैश्य जलेशरगंज निवासी उमेश पाल पुत्र राजाराम पाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की प्रताड़ना को लेकर पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर आरोपी ससुर राजाराम, सास लीलावती, जेठ राकेश, मुकेश तथा पति उमेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई होगी।

## सऊदी में फंसा एक युवक, वतन वापसी की लगाई गुहार

● युवक को सऊदी में न मिल रही सैलरी और न घर वापसी का कोई साधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** रोजगार के नाम पर विदेश भेजने और वहां ले जाकर धोखाधड़ी करने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेईया निवासी एक युवक सऊदी अरब में गंभीर परिस्थितियों में फंसा हुआ है। पीड़ित के भाई ने क्षेत्राधिकारी नौतनवा को शिकायती पत्र सौंपकर भाई की सकुशल वतन वापसी और आरोपी एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत महदेईया निवासी रामतिलक साहनी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपने भाई अनिरुद्ध साहनी को विदेश भेजने के लिए नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर निवासी एजेंट महबूब पुत्र अब्बास से संपर्क किया था। एजेंट को विभिन्न तिथियों में यूपीआई के माध्यम से कुल एक लाख पच्चीस हजार रुपये का भुगतान भी किया था। वहीं नोटरी शपथ पत्र के मुताबिक अनिरुद्ध को सऊदी अरब की शम्स अल खयाल ट्रेडिंग कंपनी में कार ड्राइवर के पद पर भेजा गया था।

एजेंट ने 10 घंटे की ड्यूटी के एवज में हर महीने 1800 रियाल सैलरी देने और कोई भी दिक्कत होने पर अपने खर्च पर वापस बुलाने का लिखित वादा किया था। आरोप है कि अनिरुद्ध बीते 15 जनवरी को सऊदी अरब पहुंचा और वहां करीब एक महीना 25 दिन ड्राइवर के रूप में काम किया। इस दौरान उसे एक भी महीने का वेतन नहीं दिया गया और उल्टा कंपनी ने उसका वीजा रद्द कर उसे नौकरी से बाहर निकाल दिया। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने बीते 7 अप्रैल को स्थानीय थाने में तहरीर दी थी जिस पर दोनों पक्षों के बीच 1 मई तक सैलरी दिलाने का सुलहनामा हुआ था। लेकिन एजेंट अपनी बात से मुकर गया। पीड़ित का आरोप है कि एजेंट ने साजिश रचकर उसके भाई को कंपनी से बाहर निकलवाया है। पीड़ित के भाई ने सीओ से गुहार लगाई है कि आरोपी एजेंट से सैलरी व आने-जाने का खर्च दिलवाते हुए उसके भाई को जल्द से जल्द सकुशल भारत वापस बुलाया जाए।




## बकरीद को लेकर पीस कमेटी बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न थानों पर पीस कमेटी बैठकों का आयोजन किया गया। यह बैठकें पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आयोजित हुई। थाना कोतवाली में उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी की अध्यक्षता में बैठक हुई। वहीं थाना सलेमपुर में क्षेत्राधिकारी सलेमपुर मनोज कुमार तथा थाना मदनपुर में क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सत्येन्द्र कुमार राय एवं तहसीलदार रुद्रपुर चन्द्रशेखर वर्मा की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में थाना प्रभारियों, पुलिस बल, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और शासन की गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी प्रतिबंधित रहेगी और केवल निर्धारित स्थानों पर ही इसकी अनुमति होगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर पूर्ण रोक रहेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आमजन से किसी भी समस्या की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### राजीव के बलिदान दिवस पर सभा आज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर आज गुरूवार को यहां कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर पूर्वान्ह 11 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र ने दी है।

### शिव की आराधना कल्याण का द्योतक होता है- आनन्दाश्रम जी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला के समीप जगन्नाथपुर में हो रही श्री शिवमहापुराण कथा में बुधवार को देवाधिदेव महादेव ने शिवलिंग की महिमा का वर्णन किया। कथाव्यास आनन्दाश्रम जी महराज ने बताया कि शिवलिंग की पूजा के विधान और परम्परा को समझाते हुए कहा कि शिव की आराधना कल्याण का द्योतक है। उन्होने कहा कि इस पावन कथा को सुनने से मन को शांति और जीवन से भय का क्षरण हुआ करता है। उन्होने कहा कि शिव काल के नियंत्रक हैं। उन्होने बताया कि भगवान शिव ही शाश्वत सत्य हैं। उन्होने कहा कि शिवलिंग की पूजा से जीवन के पापों का अन्त हुआ करता है और मनुष्य को आरोग्य तथा धन धान्य की प्राप्ति कराया करता है। आनंदाश्रम जी ने बताया कि शिवलिंग की पूजा अकाल मृत्यु के भय को भी दूर कर दिया करती है। कथा के संयोजक गायत्री प्रसाद त्रिपाठी व शांती देवी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक यादवेन्द्र त्रिपाठी भोला ने व्यासपीठ का सम्मान तथा अधिवक्ता शिवेन्द्र त्रिपाठी एवं राधाकृष्ण त्रिपाठी ने स्वागत किया। संचालन राघवेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर भूपेन्द्र तिवारी काजू, रामकृपाल तिवारी, पप्पू तिवारी, अनन्तराम त्रिपाठी, सौरभ शास्त्री, बृजभान सिंह, श्याम लाल मौर्य, विनोद शुक्ल, सत्येन्द्र सिंह राठौर, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, मान सिंह, सुमित त्रिपाठी आदि रहे।

## किसान दिवस में गूंजा बिजली संकट का मुद्दा




**देवरिया।** विकास भवन सभागार में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में जिले की बिजली व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। जनप्रतिनिधियों और किसानों ने बरियारपुर बिजली घर पर जल्द नए जेई की तैनाती, जर्जर तारों को बदलने और लटकते बिजली तारों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की। बैठक में कहा गया कि भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने अधिकारियों से कहा कि शाम होते ही बिजली विभाग की कटौती शुरू हो जाती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और खराब हो रही है। अधिकारियों से मांग की गई कि जनपद में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को तत्काल सुधारते हुए खराब तारों और तकनीकी खामियों को दूर कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## पुलिस ने किया मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज

● क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह के इस कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया टोला डगरपुरवा सिवान में हफ्तों से चल रहे अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने एक बड़ी कार्यवाही की है। क्षेत्राधिकारी नौतनवां बसंत सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अचानक छापेमारी की और वहां अवैध रूप से खनन कर ले जाई जा रही एक ओवरलोड मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। वहीं मौके पर चालक क्षेत्राधिकारी को वैध ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में लेकर परसामलिक थाने आई, जहां क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ओवरलोडिंग करने और अवैध खनन के मामले में मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 एमबी एक्ट के तहत मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज करने की विधिक कार्रवाई की गई। साथ ही चालक के पास वैध लाइसेंस न होने पर नियमानुसार आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया। क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह द्वारा इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध खनन और ओवरलोडिंग करने वालों में हड़कंप मच गया।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में बिना वैध लाइसेंस के ओवरलोड वाहनों का संचालन तथा अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ और भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों ने राहगीरों को पिलाई शर्बत

● छात्र-छात्राओं ने दी सच्ची शिक्षा व सेवा की मिसाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहे पर स्थित लाइफ लाइन एजुकेशन एकेडमी में बुधवार को अभिभावकों, शिक्षकों और बच्चों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मो. मोईन के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, अनुशासन और वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी व तेज धूप से उनकी सुरक्षा को लेकर रणनीति बनाना था। बैठक में वक्ताओं ने बच्चों को लू से बचाने और उनके शैक्षणिक विकास पर अपने विचार साझा किए। बैठक के समापन के बाद विद्यालय परिवार ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए एक अनूठी पहल की। भीषण तपन और चिलचिलाती धूप को देखते हुए विद्यालय के ठीक सामने नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर एक विशाल शीतल पेयजल एवं शर्बत वितरण शिविर लगाया गया। इस शिविर में स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को रोक कर बड़े ही उत्साह के साथ नींबू पानी और ठंडे शर्बत का वितरण किया। इस दौरान लगभग 1500 लोगों को शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दी गई। विद्यालय के प्रबंधक मो. मोईन ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए समाज को एक मजबूत संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान और पुस्तकों तक सीमित नहीं है बल्कि बच्चों के भीतर मानवता, आपसी प्रेम और समाज की सेवा का संस्कार विकसित करना ही सच्ची शिक्षा है। उन्होंने बच्चों द्वारा स्वेच्छा से किए गए इस कार्य पर गर्व जताया।



इस दौरान शिक्षक राम कुंडल यादव, नितेश जायसवाल, नीलम सिंह, नादरा खातून और खुशबू पटेल सहित विद्यालय के छात्र अंकित यादव, मो. फैज, सत्यम चौधरी, अरबाज और खुशबू मद्धेशिया सहित अन्य छात्र-छात्राएं व अध्यापक उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट के आदेश के साथ सीओ कार्यालय पहुंचा पीड़ित

● आरोपियों की गिरफ्तारी और बढ़ी धाराएं जोड़ने की उठाई मांग


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र के बड़हलगंज थाना में दर्ज एक चर्चित मुकदमे में कार्रवाई तेज कराने को लेकर पीड़ित पक्ष अब सीधे प्रशासनिक अधिकारियों के दरवाजे पर पहुंच गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश की प्रति लेकर पहुंचे पीड़ित सूरज यादव ने क्षेत्राधिकारी (सीओ) गोला को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष, स्वतंत्र और शीघ्र विवेचना कराने की मांग की है। साथ ही नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और मुकदमे में गंभीर धाराएं बढ़ाने की अपील भी की गई है। पीड़ित सूरज यादव का आरोप है कि थाना बड़हलगंज में 31 जनवरी 2025 को दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 69/2025 में जालसाजी, कूटरचना, धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं, लेकिन अब तक जांच में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। उनका कहना है कि लंबे समय बीतने के बावजूद न तो प्रभावी विवेचना हुई और न ही आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई, जिससे पीड़ित पक्ष लगातार परेशान है।

मामले में कार्रवाई न होने पर सूरज यादव ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने क्रिमिनल मिस रिट याचिका संख्या 6383/2026 दाखिल की थी। इस पर हाईकोर्ट ने 16 अप्रैल 2026 को आदेश पारित करते हुए कहा था कि यदि प्रार्थी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करता है तो मामले की निष्पक्ष, स्वतंत्र और शीघ्र विवेचना सुनिश्चित कराई जाए। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि मामले की प्रकृति को देखते हुए जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों से जुड़ी गंभीर धाराएं जोड़े जाने की आवश्यकता है। पीड़ित पक्ष ने बीएनएस की धारा 338, 336(4) और 340(2) जोड़ने की मांग की है, जो पूर्व में आईपीसी की धारा 467, 468 और 471 से संबंधित मानी जाती थीं। पीड़ित ने सीओ गोला से मांग की है कि नामजद आरोपी सुदर्शन यादव, मयूरेश त्रिपाठी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ बढ़ी हुई धाराएं लगाकर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और लंबित विवेचना को तेजी से पूरा कर न्यायोचित कार्रवाई की जाए। अब इस मामले में पुलिस प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण




**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की जांच की, साथ ही उन्होने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं उनकी सतत निगरानी की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय उपस्थित रहे।

# एडीजी मुथा अशोक जैन ने किया नई सड़क का लोकार्पण, पुलिस आवासीय परिसर को मिली बड़ी सौगात

● महापौर, एसएसपी और नगर आयुक्त की मौजूदगी में संपन्न हुआ कार्यक्रम, पुलिस कर्मियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर जोन कार्यालय के आवासीय परिसर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन ने नवनिर्मित सड़क का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सड़क के लोकार्पण के साथ ही पुलिस परिसर में आवागमन व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ, नगर आयुक्त अजय जैन, पुलिस अधीक्षक नगर निमिष पाटिल समेत पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। लोकार्पण के बाद सभी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नव निर्मित सड़क का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा उपयोगिता का जायजा लिया। बताया गया कि यह सड़क गोरखपुर जोन कार्यालय के आवासीय परिसर के भीतर तैयार की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य परिसर में रहने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराना है। लंबे समय से इस सड़क की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, क्योंकि पुराने मार्ग के कारण आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नई सड़क बनने से न सिर्फ दैनिक आवागमन आसान होगा, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी पुलिस वाहनों और अन्य जरूरी सेवाओं की आवाजाही तेज और सुचारु हो सकेगी। अधिकारियों का मानना है कि इससे परिसर के भीतर यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और समग्र कार्यक्षमता में भी सुधार आएगा।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इसे पुलिस आवासीय परिसर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर्मचारियों के बेहतर कार्य वातावरण और जीवन स्तर को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है। लोकार्पण समारोह में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को पुलिस परिसर में सुविधाओं के विस्तार और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ में हाईकोर्ट के गेस्ट हाउस में लगी आग, दमकल कर्मियों ने दो लोगों को बचाया



**लखनऊ।** चाइना बाजार स्थित हाईकोर्ट के गेस्ट हाउस में मंगलवार की देर रात आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। एक कमरे के अंदर दो लोग फंस गए। आसपास के लोगों ने सूचना दमकल को दी। मौके पर पहुंची दमकल ने सीढ़ी की मदद से लोगों को बाहर निकाला और हौज पाइप की मदद से एक घंटे में आग बुझाई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) अंकुश मित्तल ने बताया कि रात करीब 12 बजे आग एक कमरे के स्प्लिट एसी में लगी थी। सूचना पर हजरतगंज फायर स्टेशन से एफएसओ राम कुमार रावत दो फायर टेंडर और एक एमडीआरवी के साथ मौके पर पहुंचे।

**धुएं और लपटों के बीच फंसे दो लोग**

इस बीच सीएफओ और कैसरबाग थाना प्रभारी भी फोर्स के साथ पहुंच गए। टीम ने देखा की गेस्ट हाउस के एक कमरे में आग लगी है और धुएं और लपटों के बीच दो लोग फंसे हैं। दमकल कर्मियों ने रेस्क्यू शुरू किया। इसके बाद एक टीम ने सीढ़ियों की मदद से दोनों लोगों को कमरे से बाहर निकाला। दूसरी टीम ने हौज पाइप की मदद से आग पर काबू पाया। सीएफओ के मुताबिक एसी में शार्ट सर्किट से आग की आशंका जताई जा रही है।

### पंकज चौधरी का कांग्रेस-सपा पर तीखा प्रहार, बोले- हर राष्ट्रीय उपलब्धि में नकारात्मकता खोजते हैं राहुल और अखिलेश

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर नकारात्मक, भ्रम फैलाने वाली और अवसरवादी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि जिन दलों ने दशकों तक अर्थव्यवस्था, सामाजिक न्याय और संविधान को केवल अपने परिवार और वोटबैंक की राजनीति का माध्यम बनाया, आज वही जनता को गुमराह कर रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश दौरे से भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा ऊंचाइयों तक पहुंची है। लेकिन राहुल गांधी हर राष्ट्रीय उपलब्धि में नकारात्मकता खोजते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इटली में प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी के बीच सौहार्दपूर्ण संवाद पर राहुल गांधी की टिप्पणी उनकी हताशा है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब देश भ्रष्टाचार, घोटालों, नीति पक्षाघात और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहा था। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, डिफेंस कॉरिडोर, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे अभियान देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। राहुल गांधी लोकतांत्रिक संस्थाओं, संविधान और संवैधानिक पदों पर अनर्गल आरोप लगाकर इसे कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। जिस कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचलने का काम किया, आज वही संविधान की दुहाई दे रही है। कहा कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी को आरक्षण और सामाजिक न्याय पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। सपा सरकार के समय प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद चरम पर था।

### उत्तर प्रदेश में PWD के 394 जेई हो सकते हैं ट्रांसफर

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग ने स्थानांतरण नीति 2026-27 के क्रम में स्थानांतरण के लिए 394 अवर अभियंताओं (जेई) की अंतरिम पात्रता सूची जारी की है। इस सूची को मुख्य अभियंताओं के पास संबंधित कार्मिकों के प्रविष्टियों की जांच के लिए भेजा गया है।निर्देशित किया गया है कि यदि कोई विसंगति मिले तो उसे संशोधित किया जाए। प्रमुख अभियंता(परियोजना/नियोजन) ने अवर अभियंताओं के स्थानांतरण के लिए तैयार की गई अंतरम पात्रता सूची को सभी मुख्य अभियंताओं को भेजा है। लिखा है कि 31 मई से पहले स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की जानी है। अंतरिम पात्रता सूची मानव संपदा पोर्टल के डाटा से तैयार की गई है। सूची में शामिल जेई की प्रविष्टियों की जांच संबंधित कार्यालय व अवर अभियंताओं से कराने के क्रम में कोई विसंगति मिले तो उसे संशोधित कराते हुए इसकी सूचना मुख्यालय को दी जाए। पात्रता सूची में अवर अभियंता सिविल, विद्युत, यांत्रिक और प्राविधिक शामिल किए गए हैं। इस सूची में नवपदोन्नत अवर अभियंता, निलंबन, बहाली व प्रतिनियुक्ति से विभाग में वापसी करने वाले जेई को इस सूची में शामिल नहीं किया गया है, इनकी तैनाती अलग से किए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

# सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पेश की समाजवादी पीडीए आडिट रिपोर्ट, सरकार पर आरक्षण की लूट का आरोप

**● बुलडोजर चलाना है तो गैर-बराबरी और आरक्षण की लूट के खिलाफ चलाना चाहिए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने आरक्षण के खतरे में होने के नैरेटिव के सहारे पीडीए समीकरण को मजबूत करने का अभियान शुरू कर दिया है। सपा प्रमुख ने सरकार बनने पर 90 दिन में जातीय जनगणना कराने और 69000 शिक्षक भर्ती प्रकरण के समाधान का वादा भी किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में समाजवादी पीडीए आडिट रिपोर्ट का पहला भाग पेश किया। इसमें वर्ष 2019 से अब तक 22 भर्तियों में पीडीए के 11,514 आरक्षित पदों की लूट के आरोप लगाए गए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक भर्ती आदि अन्य परीक्षाएं शामिल हैं। सपा प्रमुख ने पार्टी मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता में कहा कि पीडीए आरक्षण में खुली लूट हुई है और यह एक बड़ा घोटाला है। भाजपा आरक्षण खत्म करने का षड्यंत्र रच रही है। अब यह लड़ाई पांच प्रतिशत बनाम 95 प्रतिशत की है। सपा प्रमुख ने कहा कि कहा कि पीडीए आरक्षण की लूट का पूरा डाटा मीडिया और जनता के सामने रखा जा रहा है। समय के साथ यह डाटा और बढ़ता जाएगा। जो सरकार पक्षपाती होती है, वह विश्वासघाती होती है। अगर उन्हें बुलडोजर चलाना है तो गैर-बराबरी और आरक्षण की लूट के खिलाफ चलाना चाहिए।

**2014 तक सुचारू रूप से चली आरक्षण की व्यवस्था**

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की थी, जो वर्ष 2014 तक सुचारू रूप से चली। वर्ष 2014 के बाद जब से ये जुमलेवादी सरकार आई, आरक्षण को मारने का इनका सपना एकदम से मुख्य हो गया। अब तक ये जो अंडरग्राउंड थे ये ओवरग्राउंड हो गए। ये चाहते हैं कि वंचित समाज हार कर बैठ जाए और पीडीए समाज मजदूर ही बनाकर रह जाए, जिससे वर्चस्ववादी लोग एक बार फिर से अपना वर्चस्व फैला सके।

**आरक्षण खत्म करने का इनडायरेक्ट रास्ता**

अखिलेश यादव ने कहा कि ये डायरेक्ट आरक्षण नहीं खत्म कर पा रहे हैं तो ये लोग इनडायरेक्ट रास्ता अपना रहे हैं। नौकरी में आरक्षण मार रहे हैं और भाजपा सत्ता का फाउल प्ले खेल रही है। भाजपा वो अंपायर है जो नियम और निर्णय में तो बेईमानी कर ही रहा है, कोर्ट रूपी थर्ड अंपायर को भी ये लोग प्रभावित करना चाहते हैं। आरक्षण भिक्षा नहीं अधिकार है। समाज पिछले पांच हजार वर्ष वर्ष से विभाजित रहा है। एक तरफ वर्चस्ववादी ताकतें हैं तो दूसरी तरफ जुल्म सहने वाले लोग।

**मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण सबसे पहला काम**

उन्होंने पार्टी नेताओं से कहा कि इस आडिट रिपोर्ट को घर-घर पहुंचा कर समाज को एकजुट करें। इस बार पीडीए इनको सत्ता से बाहर कर देगा। मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण के सवाल पर कहा कि सबसे पहले हमारा काम है कि आबादी के हिसाब से हक और अधिकार मिले। महिला आरक्षण बिल पर भी हमने सरकार से सवाल किए थे, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया।

**रट लिया एक ट्रिलियन डालर इकोनामी**

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को डालर से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें बस रटा दिया गया है कि एक ट्रिलियन डालर इकोनामी। हमारे देश की अर्थव्यवस्था नीचे जा रही है। ये सरकार न कमाने दे रही है, न खर्च करने दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विदेश कोई नहीं जाएगा, अब हम विरोधी लोग हैं तो विरोध तो करेंगे ही। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के सवाल पर कहा कि भाजपा के लोग 2024 के चुनाव की चर्चा ही नहीं करते। भाजपा का ग्राफ पीडीए और समाजवादी पार्टी नीचे ला रही है। वर्ष 2019, 2022 और 2024 के चुनाव में सपा का ग्राफ बढ़ा है। भाजपा का लगातार नीचे जा रहा है। हम हर बूथ पर पांच वोट भी बढ़वा ले जाएंगे तो भाजपा का पता नहीं चलेगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास और 50 हजार का जुर्माना



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बहराइच।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अरविंद कुमार गौतम ने आरोपित को दोष सिद्ध ठहराया। आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न अदा करने पर उसे एक वर्ष अतिरिक्त जेल में रहना पड़ेगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि मोतीपुर इलाके की अनुसूचित जाति की महिला 10 अगस्त 2024 को थाने में तहरीर दी। बताया कि शाम साढ़े छह बजे उसकी 10 वर्षीय बेटी आम की बाग में झूला झूल रही थी, तभी आरोपित सुधीर मौके पर पहुंचा और उसे झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के शोर मचाने पर गांव के तमाम लोग पहुंच गए, जिससे आरोपित भाग गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और पीड़िता का बयान अदालत के समक्ष दर्ज कराया, जिसमें पीड़िता ने दुष्कर्म होने की बात कही। पुलिस ने विवेचना पूरी करके आरोपित के खिलाफ चार्जशीट अदालत में दाखिल किया। कोर्ट ने मामले का विचारण करते हुए सभी गवाहों के बयान दर्ज किए।

मंगलवार को अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद आरोपित को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। दोषी का सजायाबी वारंट तैयार कर सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया गया।

**पीड़िता को मिलेगी प्रतिकर धनराशि**

अदालत ने पीड़िता की उम्र और अपराध की प्रकृति को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधान के तहत पीड़िता को नियमानुसार प्रतिकर धनराशि प्रदान किए जाने की संस्तुति की। आदेश की एक प्रति सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजी गई है।

# बहराइच में शादीशुदा से विवाह करने की जिद पर अड़ी किशोरी टावर पर चढ़ी

**● बहराइच में एक नाबालिग लड़की शादीशुदा युवक से शादी की जिद पर मोबाइल टावर पर चढ़ गई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बहराइच।** रूपईडीहा कस्बे में स्थित स्टेट बैंक के पास निष्प्रयोज्य मोबाइल टावर पर बुधवार सुबह नाबालिग लड़की शादीशुदा से विवाह करने की जिद को लेकर चढ़ गई। करीब दो घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद के लिए कहा कि नीचे आ जाओ...जहां कहोगी, वहां से शादी कराएंगे। इसके बाद किशोरी नीचे उतरी। रुपईडीहा थाने में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर गणेश तिवारी ने बताया कि 17 वर्षीय किशोरी गांव के ही युवक से शादी करने की जिद पर अड़ी हुई थी। पुलिस के अनुसार, युवक पहले से शादीशुदा है तथा उसके दो बच्चे भी हैं। युवती नाबालिग होने के कारण मामला संवेदनशील बना हुआ है। युवती की मां ने बताया कि उनकी सबसे छोटी बेटी पिछले लगभग एक माह से युवक के संपर्क में है। उसी से शादी करने की जिद कर रही है। परिवार द्वारा समझाने का प्रयास किया गया। परंतु वह किसी की बात मानने को तैयार नहीं थी। मुख्य आरक्षी अयोध्या प्रजापति ने लाउडस्पीकर के माध्यम से युवती को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक समझाकर और बातचीत के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस युवती और उसके परिजनों को थाने ले गई। जहां आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### दो घंटे तक नहीं मिली एंबुलेंस, बहराइच में पूर्व भाजपा नगर उपाध्यक्ष की मौत

**बहराइच।** कोतवाली नगर के बशीरगंज के रहने वाले पूर्व भाजपा नगर उपाध्यक्ष की एंबुलेंस न मिलने के चलते मौत का आरोप परिवारजन ने लगाया है। घटना से लोगों में जहां आक्रोश व्याप्त है। मामला इंटरनेट मीडिया पर भी तेजी से प्रसारित हो रहा है। मुहल्ला बशीरगंज निवासी दिनेश गुप्त व दिलीप गुप्त ने बताया कि उनके पिता ओमप्रकाश गुप्त भारतीय जनता पार्टी में पूर्व नगर उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार रात 12 बजे पिता को सीने में तेज दर्द की शिकायत होने पर उपचार के लिए उन्हें मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचाया गया। आरोप है कि यहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देख उन्हें लखनऊ लारी अस्पताल के लिए रेफर किया था, लेकिन दो घंटे तक एंबुलेंस नहीं मिल पाई। परिवारजन का कहना है कि वे लगातार एंबुलेंस के लिए प्रयास करते रहे, लेकिन टका सा जवाब मिलता रहा कि अभी एंबुलेंस खाली नहीं है। इससे उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई और इलाज के अभाव में उन्होंने दम तोड़ दिया।

# भाजपा जिला कैंप कार्यालय पर मंडल प्रभारियों का हुआ स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद** – भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं क्षेत्र नेतृत्व द्वारा जनपद फ़िरोज़ाबाद के 17 मंडल प्रभारियों की घोषणा किए जाने पर भाजपा जिला कैंप कार्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी मंडल प्रभारियों का फूलमाला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों एवं अभियानों को प्रत्येक मंडल में प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना सभी मंडल प्रभारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों को शक्ति केंद्रों और बूथ स्तर तक मजबूती के साथ पहुंचाना ही संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी मंडल प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में टूण्डला चेयरमैन चौधरी भंवर सिंह ने सभी मंडल प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान शिव शंकर शर्मा, हनुमंत बघेल, दिनेश गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, सुरेंद्र सावन झा, राजीव यादव, आकाश शर्मा, योगेंद्र प्रताप सिंह चौहान, पवन चक, विनोद कुमार सिंह बिन्नू, विष्णु तिवारी, दीपक ठेनुआ, राजीव श्रीवास्तव, जितेंद्र पंजवानी, राकेश दिवाकर, जुबिन भारद्वाज, देवांशु उपाध्याय, गिरवर निषाद, विजय शिव हरे एवं प्रशांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी के PM Modi को गद्दार कहने पर दिनेश प्रताप भड़के, बोले-इनकी पीढ़ियों ने की गद्दारी

**● दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी की पीढ़ियों पर ही गद्दारी का बड़ा आरोप लगा दिया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार में स्वतंत्र प्रभार के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और आरएसएस के खिलाफ टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। कभी राहुल गांधी के बेहद करीबी रहे दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी की पीढ़ियों पर ही गद्दारी का बड़ा आरोप लगा दिया है। लखनऊ में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ इस्तेमाल 'गद्दार' शब्द पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जिन अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है, वो अक्षम्य हैं। दिनेश प्रताप ने कहा कि वो आज रायबरेली में मौजूद नहीं थे, नहीं तो कांग्रेस के नेता को ईंट का जवाब पत्थर से देते। रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दिनेश प्रताप सिंह पहले सोनिया गांधी और फिर 2024 में राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़े थे। राहुल गांधी के गद्दार वाले बयान पर दिनेश प्रताप सिंह पलटवार किया है। उन्हें आपत्तिजनक भाषा में गांधी पर देश से गद्दारी करने का आरोप लगाया। दिनेश प्रताप सिंह ने तो राहुल गांधी को बेवकूफ तक कह डाला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को यही अक्ल नहीं है कि लोग अपने संसदीय क्षेत्र में क्या करने जाते हैं और किस रूप में जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सांसद के रूप में आये थे, नेता प्रतिपक्ष के रूप में आए थे या विदेशी दलाल के रूप में। उन्होंने कहा कि मुझे दुख इस बात का है कि अगर वो रायबरेली आएं है तो रायबरेली के लोगों का सुख-दुख पूछना चाहिए था। रायबरेली में आकर मोदी को गाली देंगे और अडाणी व अंबानी का नाम लेंगे तो इससे रायबरेली के मतदाता का क्या लेना-देना है। उन्होंने तत्काल मोदी को गाली देना शुरू कर दिया। दिनेश सिंह ने कहा कि मैं यह मानता हूं कि राहुल गांधी लोकप्रियता मोदी के सामने बहुत घटती चली जा रही है। उन्होंने राहुल गांधी पर नमक मिर्च लगाकर सस्ती लोकप्रियता पाने का आरोप लगाया और कहा कि मुझे दुख है कि मैं रायबरेली में नहीं हूं। नहीं तो राहुल गांधी के मुंह के सामने ईंट का जवाब पत्थर से देता। तुम्हारी पीढ़ियों ने भारत के साथा गद्दारी की है। गद्दार के घर गद्दार पैदा होगा। गद्दार के घर मोदी पैदा होने वाले नहीं है।

### लेखपाल भर्ती परीक्षा कल... भीड़ बढ़ने पर रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेनें, अतिरिक्त फेरे लगाएंगी रोड बसें

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा 21 मई को आयोजित लेखपाल भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे और रोडवेज ने कमर कस ली है। गुरुवार को परीक्षार्थियों की भारी भीड़ स्टेशनों पर पहुंचने की संभावना है, ऐसे में बस अड्डा व रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है। भीड़ व मांग के अनुरूप रेलवे तत्काल विशेष ट्रेन चलाएगा, जबकि रोडवेज बसें अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। प्रयागराज मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि बैकअप प्लान तैयार है। प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल और अलीगढ़ जंक्शन जैसे बड़े स्टेशनों पर अतिरिक्त रेक खड़े रहेंगे, जैसे ही किसी रूट पर परीक्षार्थियों का दबाव बढ़ेगा, तुरंत विशेष ट्रेनें रवाना कर दी जाएंगी। परीक्षार्थियों को टिकट लेने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर, हेल्प डेस्क और पूछताछ केंद्र सक्रिय कर दिए गए हैं। आरपीएफ-जीआरपी की तैनाती के साथ 24 घंटे कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। परीक्षार्थी हड़बड़ी से बचने के लिए समय से काफी पहले स्टेशन पहुंचें और वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र कुमार ने बताया कि बसें 70 अतिरिक्त फेरे लगाएंगी।

## लखनऊ में साइकिल से काम पर निकले युवक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र के कल्ली पश्चिम में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसे में साइकिल से काम पर जा रहे कारपेंटर को ट्रक ने कुचल दिया जिनकी मौके पर ही मौत हो गई मौत के बाद काफी देर तक शो सड़क पर पड़ा रहा लोग रील बनाते रहे। मोहनलालगंज के दाडा सिकंदर निवासी प्रेमचंद 59 रोज की तरह साइकिल से मजदूरी करने पीजीआई जा रहे थे। झोले में बढ़ईगिरी का सामान रखा था। रायबरेली रोड किसान पथ अंडरपास के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। आसपास के लोगों के अनुसार ट्रक प्रेमचंद के सिर पर चढ़ गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद सबसे दर्दनाक तस्वीर सामने आई। प्रेमचंद का शव काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर जुट गए, कई लोग मोबाइल से वीडियो रील और फोटो बनाते रहे, लेकिन किसी ने शव पर कपड़ा तक नहीं डाला। लोगों का कहना था कि मौके पर पुलिस पहुंचने के बाद भी काफी देर तक शव सड़क पर ही पड़ा रहा। जबकि वहीं पास में यातायात पुलिस का बूथ भी मौजूद है। इसके बावजूद शव को ढकने या तुरंत हटाने को लेकर संवेदनशीलता नहीं दिखाई दी। कार सवार महिला वहां रुकी और इस दृश्य को देखकर वह भावुक हो गई, एक गरीब मजदूर, जो सुबह घर से परिवार का पेट पालने निकला था, उसकी लाश सड़क पर पड़ी रही और लोग तमाशबीन बने रहे। कुछ देर बाद में पीजीआई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी और उनके पांच बच्चे हैं सारी जिम्मेदारी इन्हीं के ऊपर थी। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित ट्रक चालक को सीतापुर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## छह साल की बच्ची के साथ लड़के ने किया रेप, रोती-बिलखती पहुंची घर...हालत गंभीर

**● फिरोजाबाद में पतंग दिलाने के बहाने एक 14-15 वर्षीय किशोर ने छह साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** पतंग दिलाने के बहाने छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपित किशोर के चंगुल से छूटकर रोती-बिलखती घर पहुंची बच्ची ने मां को पूरी बात बताई, तो वह उसे लेकर थाने पहुंची। रसूलपुर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किशोर की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बच्ची को एसएन मेडिकल कालेज आगरा में भर्ती कराया गया है। मामला रसूलपुर थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले का है। दो बच्चों की मां पति से परेशान होकर यहां पांच वर्ष से अपने मायके में रह रही है। वह घर में ही चूड़ी सधाई का काम करके सात वर्षीय बेटे और छह वर्षीय बेटी का पालन-पोषण करती है। मंगलवार दोपहर 12.30 बजे बेटी को घर के पास स्थित दुकान से सरसों का तेल लेने भेजा था। बच्ची तेल लेकर लौट रही थी। रास्ते में 14-15 वर्ष के किशोर ने उसे रोक लिया।

पतंग दिलाने के बहाने वह उसे सुनसान स्थान पर ले गया। वहां उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। बच्ची के चिल्लाने पर वह उसे छोड़कर भाग गया। बच्ची घर पहुंची तो उसकी हालत देखकर मां हैरान रह गई। बेटी ने रोते हुए अपने साथ हुए घटना की जानकारी दी। इसके बाद वह बच्ची को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने अज्ञात में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। घर के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो किशोर की पहचान हुई। वह थाना दक्षिण क्षेत्र का रहने वाला है। उसके पिता बाइक एजेंसी पर मिस्त्री का काम करते हैं। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है। बच्ची निजी स्कूल में नर्सरी में पढ़ती है।

### भीषण गर्मी में चोरी की बिजली से चल रहे थे AC-कूलर, फिरोजाबाद में सात पर FIR




**फिरोजाबाद।** गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों में एसी, कूलर से ठंडक ले रहे हैं। साथ ही बिल का बोझ कम करने के लिए बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। विद्युत विभाग ने मंगलवार को सुबह सात बजे कोटला रोड, दखल क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सात घरों में लोगों को चोरी की बिजली से एसी, कूलर की हवा खाते हुए पकड़ा। गर्मी बढ़ने के साथ शहर में बिजली की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। विद्युत विभाग द्वारा नियमित उपकरणों की देखभाल कराई जा रही है। साथ ही बिजली चोरी रोकने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता शहर विजय मोहन खेड़ा ने बिजली चोरों के विरुद्ध सख्ती से अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। एसडीओ संजय कुमार, जेई अमर राज और मोहित सिकरवार ने कोटला रोड और दखल क्षेत्र में दो घंटे तक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सात घरों में लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। संविदा कर्मचारियों ने ऐसे घरों की खंभे से केबल जब्त कर ली।

## स्वगणना करने का आखिरी मौका, 22 मई से पूरे यूपी में घर-घर पहुंचेगी जनगणना टीम

**● उत्तर प्रदेश में ऑनलाइन स्वगणना का गुरुवार आखिरी दिन है, जिसके बाद 22 मई से घर-घर जाकर जनगणना का पहला चरण शुरू होगा। इस प्रक्रिया में मोबाइल ऐप का उपयोग कर 33 सवाल पूछे जाएंगे और अगले साल जाति गणना भी होगी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** अगर आपने अभी तक ऑनलाइन स्वगणना नहीं की है तो गुरुवार आपके पास आखिरी मौका है। पहली बार जनगणना में लोगों को खुद मोबाइल या ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी भरने की सुविधा दी गई है। इसके बाद 22 मई से प्रदेशभर में जनगणना का पहला चरण शुरू हो जाएगा, जिसमें गणनाकर्मी घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। प्रदेश में बुधवार शाम तक 4.33 लाख लोग स्वगणना कर चुके हैं। लखनऊ ने 84 हजार लोगों ने स्वगणना की है। हालांकि स्वगणना पूरी तरह ऐच्छिक है, यानी इसे अनिवार्य नहीं किया गया है। जिन्होंने पहले ही आनलाइन जानकारी भर दी है, उनके स्वगणना नंबर के आधार पर गणनाकर्मी केवल सत्यापन करेंगे। स्वगणना में आजमगढ़, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद और सोनभद्र सबसे आगे हैं, जबकि कौशांबी, हमीरपुर, संतकबीरनगर, गौतमबुद्धनगर और जालौन सबसे पीछे चल रहे हैं। 22 मई से 20 जून तक चलने वाले पहले चरण में गणनाकर्मी घर-घर जाकर मकानों की स्थिति, परिवार की सुविधाओं और संपत्तियों से जुड़े 33 सवाल पूछेंगे। पूरी प्रक्रिया मोबाइल एप के जरिये होगी। इसके लिए प्रदेश में 5.25 लाख अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा 3.90 लाख मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। जनगणना से जुड़ी जानकारी या तकनीकी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 जारी किया गया है। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष नौ फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। इसी चरण में जाति गणना भी कराई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### वार्षिक उपलब्धि एवं पुरस्कार वितरण आयोजित



**चुनार, मीरजापुर।** बुधवार को द ग्लेन हिल स्कूल में वार्षिक उपलब्धि एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को विभिन्न रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय में आयोजित समर कैंप का उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक विकास के साथ साथ उनके शारीरिक और मानसिक बेहतर बनाने का उद्देश्य होता है। कार्यक्रम मुख्य अतिथि आइआइटी बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी आशीष मिश्रा रहें। मुख्य अतिथि को विद्यालय के अध्यक्ष आफताब अहमद एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6 व 7 के छात्राओं ने गणेश वंदना पर आधारित नृत्य मंगलाचरण प्रसुति कार्यक्रम का आकर्षण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने विद्यालय के बच्चों के भविष्य की उज्वल कामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाएं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### विंध्याचल मां विंध्यवासिनी मंदिर के श्रृंगारियां शिवजी मिश्रा ने बिहार ष्टरूसम्राट चौधरी को दिया माँ का आशीर्वाद



**मिर्जापुर।** विंध्याचल धाम के प्रसिद्ध श्रृंगारियां शिव जी मिश्रा ने 19 मई को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निमंत्रण पर उनके आवास पर पहुंचकर विशेष मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने माँ विंध्यवासिनी का पवित्र प्रसाद एवं अंगवस्त्र भेंट कर मुख्यमंत्री को माँ का दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्य पुजारी शिव जी मिश्रा ने माँ विंध्यवासिनी से सम्राट चौधरी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुख-समृद्धि तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की पूर्ण सफलता की कामना की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। शिव जी मिश्रा ने बताया कि माँ विंध्यवासिनी पूरे देश के भक्तों की रक्षा करती हैं और बिहार के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास अवश्य होगा। इस शुभ अवसर पर सम्राट चौधरी ने भी मंदिर की परंपराओं एवं माँ के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। यह मुलाकात धार्मिक सद्भाव एवं राजनीतिक-सामाजिक समन्वय का सुंदर उदाहरण साबित हुई।

### हत्या का प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**मीरजापुर विंध्याचल।** थाना विन्ध्याचल में वादी संदीप पुत्र स्व0 बृजलाल निवासी कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या के प्रयास के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी । उक्त के सम्बन्ध में लिखित तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0 अ0 सं0-45/2026 धारा 110, 351(2), 352,115(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी विन्ध्याचल को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए बुधवार को उप निरीक्षक सुरेश चन्द्र दिवेदी मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 1. राहुल कुमार पुत्र स्व0 राकेश कुमार, 2. किशन पुत्र स्व0 राकेश कुमार व 3. शिवाकान्त उर्फ कुच्चु पुत्र स्व0 राकेश कुमार निवासीगण कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# ऑन लाइन दवा बिक्री के खिलाफ दवा व्यापारियों ने अभूतपूर्व बंदी की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर** के समस्त दवा व्यापारी पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अपनी प्रांतीय संस्था ओसीडी यूपी एवं राष्ट्रीय संस्था एआईओसीडी के एक दिन के बंद के समर्थन में आज 20 मई को अपनी दुकान स्वतः बंद करके प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। व्यापारियों की मुख्य चिंता का विषय अवैध ई फार्मेसी और उससे जन स्वास्थ्य के खतरा तथा शोषणकारी मूल्य8-है व्यापारियों ने मांग किया की आपातकालीन समय के नियमों का अब कोई औचित्य नहीं है। उसे वापस लिया जाए सीएसआर 220 श्आई सीएसआर 817श को तत्काल वापस लिया जाए ।उनकी यह भी मांग थी कि कॉरपोरेट सेक्टर को विशेष छूट डीप डिस्काउंटिंग दी जा रही है उस पर रोक लगाया जाए। आज सुबह 9 बजे सभी दवा व्यापारी अपनी दुकान स्वेच्छा से बंद करके घंटाघर मैदान में एकत्रित हुए। वहां से एक मोटरसाइकिल की जुलूस में हुए पूरे शहर में नारेबाजी करते हुए शांतिपूर्वक जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। रास्ते में सारी दवा की दुकान बंद थी । प्रदर्शन करते हुए आने के बाद जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और उन्होंने सभी विक्रेताओं को आश्वस्त किया कि उनकी मांगे प्रधानमंत्री तक भेजी जा रही है।इस बंदी को उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उप्र.मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन तथा कुछ फार्मेसी संगठनों का भी सहयोग रहा ।प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अध्यक्ष प्रमोद कुमार द्विवेदी, महामंत्री पंकज केशरी,सचिव संजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रणजीत मौर्य, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार ,संगठन मंत्री जयप्रकाश सेठ उपसचिव बीपी सिंह कार्यकारी सदस्य रितेश गुप्ता, धीरज कुमार गुप्ता, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शत्रुघ्न केसरी, फार्मासिस्ट नेता अखिलेश मिश्र, चंद्रेश शुक्ला, प्रदीप साहनी, दीनदयाल गुप्ता, अंकित दुबे, उमा बरनवाल, दिलीप सिंह गहरवार, अमित श्रीवास्तव, राहुल बरनवाल, शीतला प्रसाद जायसवाल राजेश यादव, आनंद गुप्ता, महेश गुप्ता, चंदन यादव, संजय मौर्य शिवम जायसवाल,राहुल श्रीवास्तव, अभिषेक शर्मा सहित भारी संख्या में दवा व्यापारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के खैरूददीन पुर गांव स्थित रेलवे लाइन पर बुधवार को दोपहर में एक बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना चुनार रेलवे स्टेशन के समीप दिल्ली बायां हावड़ा रेलमार्ग पर हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक का पहचान सुजा उद्दीन पुत्र मोतिउर्रहमान उम्र 60 वर्ष निवासी तुर्की थाना बेछहा मुजफ्फरपुर बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के जेब में रखे कागज़ के अनुसार परिजनों को सूचना देकर अवगत करा दिया है। मृतक के पुत्र ने बताया कि मेरे पिता 18 मई को बम्बई से घर के लिए रवाना हुए थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चंद्रहास को भाजपा अहरौरा मंडल प्रभारी बनाए जाने पर व्यापारियों में हर्ष

● चुनार के व्यापारियों ने चंद्रहास का किया स्वागत, अभिनंदन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** वैश्य व्यापारी नेता,निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जिला कार्य समिति सदस्य चन्द्रहास गुप्ता को भाजपा अहरौरा मंडल प्रभारी बनाए जाने पर चुनार नगर के, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। चुनार व्यापार मंडल महामंत्री संजय कुमार साहू ने कहा कि किसी भी व्यापारी नेता को राजनैतिक दलों में महत्वपूर्ण पद मिलने पर व्यापारी समूहों को शक्ति प्राप्त होती है जिससे व्यापारी अपनी बात सरकार तक पहुंचा सकते हैं, चंद्रहास गुप्ता सदैव व्यापारी और आम जन में अपने उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए जाने जाते हैं निश्चित रूप से वे व्यापारियों के हित की बात करेंगे। उपाध्यक्ष प्रदीप रस्तोगी ने कहा कि चुनार के व्यापारियों के लिए हर्ष का विषय है, नगर के व्यापारी नेता को चुनार क्षेत्र के अलावा अन्य के क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

नव नियुक्त अहरौरा मंडल प्रभारी चंद्रहास गुप्ता ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के साथ कदम से कदम मिला कर चलेंगे, सभी के आकांक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। अभिनंदन कार्यक्रम में बृजनंदन कुशवाहा, पवन जायसवाल, दिनेश कुशवाहा, आशीष देववंशी, बीरबल कुशवाहा, अमित गुप्ता, सुनील गुप्ता, पिंटू गुप्ता, अमित गुप्ता, ब्रह्मानंद कुशवाहा, करतार कुशवाहा, महेंद्र रौनियार, महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में नगर के व्यापारी उपस्थित रहे।

## इण्डस टावर्स लि0 सीतामढ़ी रोड समीप नारेपार गाँव में इण्डस टावर से केवल एवं बैटरी बैंक चोरी करने का अभियुक्त गिरफ्तार

● कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में तांबे का तार वजन 7.250 कि0ग्रा0 व दो अदद हेक्सा ब्लेड बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



क्थाना कोईरौना पर आवेदक अरविन्द पाल पुत्र छक्कू पाल ग्राम ठठरा पोस्ट ठटरा जिला वाराणसी थाना मिर्जामुराद, वर्तमान में स्पार्टा सिक्योरिटी (इण्डस टावर लिमिटेड) जिला भदोही में प्रभारी सुरक्षा अधिकारी द्वारा सूचित किया गया कि थाना कोईरौना अन्तर्गत इण्डस टावर्स लि0 सीतामढ़ी रोड समीप नारेपार गाँव में इण्डस टावर्स से DCDB से POWER PLANT तक POWER केबल 35 SQ MM 22 मीटर, SMPS से SPS तक 14 मीटर POWER केबल 35 SQ MM, POWER PLANT से SMPS TO BATTRY बैंक 70 SQ MM 12 मीटर, केबल 70 SQ MM 10 मीटर काटकर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोइरौना पर मु0अ0सं0-87/2026 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में हो रहे अपराधों में त्वरित कार्यवाही एवं पंजीकृत अभियोगों से सम्बंधित वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक-20.05.2026 को थाना कोईरौना पुलिस टीम द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित एक (शातिर चोर) अभियुक्तों को मठहां चौराहे से गिरफ्तार कर कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में तांबे का तार वजन 7.250 कि0ग्रा0 व दो अदद हेक्सा ब्लेड बरामद करते हुए विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान सम्बंधित न्यायालय किया गया।

## पाइप लदी मैजिक पलटी, चालक व खलासी घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अमवा आइडियल स्कूल के पास मंगलवार को पाइप लदी एक माल वाहक मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक और खलासी घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया। बताया गया कि मैजिक गाड़ी संख्या यूपी 66 एटी 9115 पाइप लादकर जा रही थी। इसी दौरान अमवा आइडियल के पास वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले पलट गया। हादसे में चालक सत्तन चौधरी (40) सहित खलासी को चोटें आई। सूचना पर गोपीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। वहीं वाहन मालिक अभय कुमार निवासी गोपीगंज भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने वाहन को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

## पूर्वी लोकगीत हमारी सांस्कृतिक धरोहर- प्रो0 संगीता सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में बुधवार को 'पूर्वी लोकगीत इतिहास, समाज और संगीत (मीरजापुर के विशेष संदर्भ में)' विषयक पाँच कार्यशाला के प्रथम दिन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को पूर्वी लोकगीतों की सांस्कृतिक विरासत,सामाजिकत महत्व एवं संगीत परंपरा से परिचित कराना रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो (डॉ0) माधवी शुक्ला ने किया उन्होंने कहा कि लोकगीत हमारी संस्कृति की आत्मा हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी लोक परंपराओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना एवं भारतीय लोक परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती हैं।

कार्यक्रम की संयोजक भातखण्डे कल्चरल प्रभारी प्रो कुसुम लता ने स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए पूर्वी लोकगीतों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा मीरजापुर क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो संगीता सिंह कला संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने कहा कि पूर्वी लोकगीत हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनमें लोकजीवन, परंपरा, भावनाओं एवं सामाजिक मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति दिखाई देती है। इसी क्रम में उनके शोध छात्र प्रिय मिश्रा, श्रेया मिश्रा,सुधीर कुमार गौतम, हिमांशु, पुजारी एवं सुहासिनी शर्मा ने विद्यार्थियों को लोकगीतों का प्रशिक्षण दिया। वक्ताओं ने पूर्वी लोकगीतों के इतिहास,समाज एवं संगीत से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

इसी क्रम में सुधीर कुमार गौतम ने बाँसुरी पर 'मिर्जापुर कैले गुलजार हो ', 'कचौड़ी गली सून कैले बलमु' एवं 'हरे रामा रिमझिम बरसे पनिया, झूमे राधा रनिया' जैसी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिमांशु वर पुजारी तबले पर प्रभावशाली संगत प्रस्तुत की। संगीत प्रशिक्षक प्रिया मिश्रा एवं श्रेया मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि लोकगीतों में सहजता एवं लोकजीवन की स्वाभाविक अभिव्यक्ति निहित होती है। उन्होंने कहा कि बन्ना-बन्नी, झूमर, कजरी एवं विरह पूर्वी लोकगीतों की प्रमुख विधाएं हैं तथा जो ध्वनि सुनने में मधुर हो वही संगीत कहलाती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ शेफालिका रॉय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अरुणेश कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं 30 विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम व एसपी ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

● ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षा इंतजाम, जागरूकता अभियान और प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनपद स्तर पर तैयार कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) की पहचान कर वहां संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, सड़क चिन्ह एवं स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था कराने को कहा। साथ ही विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों एवं युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। गोपीगंज में जाम की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने रोडवेज एआरएम को बसों के ठहराव के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सड़क दुर्घटना में घायलों को कैशलेस उपचार योजना का लाभ समय से उपलब्ध कराने को कहा गया।

बैठक में राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शुभांगी शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय, उप संभागीय परिवहन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, क्षेत्राधिकारी यातायात सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रीन गुरु जी ने पुत्र अभिनव सिंह के जन्म दिन पर किया अमरूद के पौध का रोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** 20 मई 2026 को 3977 वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक, सचिव, अनिल कुमार सिंह, ग्रीन गुरु जी, मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज, पचोखरा, मीरजापुर, हिमालय उड बैज, स्काउट, नमामि गंगे, जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य, मीरजापुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन, बुलंदशहर एवं संयोजक, विंध्याचल मंडल(मीरजापुर), लोक भारती हरियाली अभियान, लखनऊ, सदस्य, जिला ओलम्पिक संघ, मीरजापुर, ब्रांड अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता, नगरपालिका परिषद, मीरजापुर द्वारा 01 जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3977 वें दिन के क्रम में ग्रीन गुरु जी ने पुत्र अभिनव सिंह के जन्मदिन के अवसर पर एवं ग्रीष्मावकाश प्रारम्भ होने के पूर्व शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज,पचोखरा, मीरजापुर के परिसर में अमरूद के पौध का रोपण परिचारक अनिल कुमार जैसल, महेश सोनकर, प्रदीप सोनकर व पूर्व कर्मचारी राजेश कुमार के साथ किया। इस अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने बतलाया कि लगातार प्रति दिन जगह-जगह पौध रोपण का उद्देश्य हरा - भरा रहे धरा, पर्यावरण शुद्ध रहे लोगो मे पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति फेज-5.0' द्वितीय चरण अभियान के अंतर्गत जनपद पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न गांवों, कस्बों, मोहल्लों और शिक्षण संस्थानों में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही 1090, 112, 181, 1098 और 1930 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## 604 किलो गांजा के साथ चार अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



● कोइरौना पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई

तीन करोड़ से अधिक का माल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपदीय पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 604.20 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 3 करोड़ 2 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई थाना कोईरौना पुलिस एवं स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से की। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम रैयापुर स्थित भावापुर नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर एक ट्रक कंटेनर एवं क्रेटा कार को पकड़ा।



तलाशी के दौरान वाहनों से 604.20 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने मौके से त्रिशूल जायसवाल निवासी माण्डा प्रयागराज, बाबूराम मौर्या निवासी पवई आजमगढ़, सुरेन धरई एवं मोन्टू साहू निवासी देवगढ़ उड़ीसा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर भदोही एवं आसपास के जिलों में ऊंचे दामों पर बेचते थे। गिरोह का संचालन त्रिशूल जायसवाल करता था। पुलिस के अनुसार गिरोह सरगना त्रिशूल जायसवाल के खिलाफ एनडीपीएस समेत विभिन्न धाराओं में पहले से 14 मुकदमे दर्ज हैं। मामले में थाना कोईरौना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं पुलिस अन्य वांछित तस्करों की तलाश में जुटी हुई है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामनगीना यादव, स्वाट प्रभारी राजकुमार पाण्डेय सहित थाना कोईरौना एवं स्वाट टीम के कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## शादी का झांसा देकर युवती का शोषण, गर्भवती होने पर छोड़ा साथ

गोपीगंज। थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक शोषण करने और गर्भवती होने पर साथ छोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि युवक पहले से शादीशुदा होने के बावजूद युवती को धोखे में रखकर वर्षों तक संबंध बनाता रहा। मिर्जापुर जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता का आरोप है कि गोपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बीरनई निवासी युवक ने विवाह का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। बाद में उसे जानकारी हुई कि आरोपी पहले से विवाहित है और उसके बच्चे भी हैं। पीड़िता के अनुसार चार माह की गर्भवती होने पर आरोपी युवक उस पर गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर उसने संबंध समाप्त कर लिया। युवती का आरोप है कि जब वह आरोपी के घर पहुंची और अपने अधिकार की बात कही तो युवक एवं उसके परिजनों ने उसके साथ मारपीट कर घर से भगा दिया। मामले में कार्रवाई न होने से नाराज युवती बुधवार को गोपीगंज थाने के सामने सड़क पर बैठ गई, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर युवती को सड़क से हटाया और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस संबंध में कोतवाल शैलेश राय ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की

● गंभीर अपराधों में प्रभावी पैरवी एवं त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियोजन कार्यों में तेजी लाने तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, समस्त सहायक अभियोजन अधिकारियों एवं अपर शासकीय अधिवक्ताओं को लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम एवं अन्य गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कोर्ट केस रजिस्ट्रेशन, बेल/जमानत निस्तारण, चार्जशीट, चार्ज फ्रेम, फाइनल आर्ग्युमेंट, गवाहों की उपस्थिति एवं अभियोजन स्वीकृति से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि न्यायालय में गवाहों की अनुपस्थिति अथवा शिथिल पैरवी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी अधिकारी समन्वय स्थापित कर समय से कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने विवेचकों को निर्देशित किया कि लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करते हुए चार्जशीट समयबद्ध रूप से न्यायालय में प्रेषित की जाए। अभियोजन एवं पुलिस विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में



आबकारी, खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रवर्तन विभागों की समीक्षा करते हुए शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध खनन, आबकारी, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण, संपत्ति जब्तीकरण एवं जिलाबदर की कार्यवाहियों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शुभांगी शुक्ला, अभियोजन अधिकारी, अधिवक्ता एवम संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय, भदोही द्वारा प्रसारित।

## अभिया बाजार में बाइक से गिरकर महिला की मौत

**सुरियावां।** थाना क्षेत्र के अभिया बाजार में बुधवार को बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम महजूदा निवासी रीता देवी पत्नी महेंद्र प्रजापति उम्र लगभग 35 वर्ष अपनी ननद को देखने के लिए मोटरसाइकिल से हरिपुर जा रही थीं। बताया जाता है कि अभिया बाजार के पास ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे पीछे बैठी रीता देवी सड़क पर गिर गई। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक संजय यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए ज्ञानपुर भेज दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## घर के अंदर फंदे से लटका मिला हाईस्कूल छात्रा का शव

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कटौता बौड़ाई गांव में बुधवार को एक 15 वर्षीय छात्रा का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक का माहौल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कटौता बौड़ाई गांव निवासी गुलाबचंद की पुत्री दीक्षा हाईस्कूल की छात्रा थी। परिजनों के मुताबिक वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान दिखाई दे रही थी, लेकिन किसी से अपनी परेशानी साझा नहीं कर रही थी। बुधवार सुबह परिवार के सदस्य अपने-अपने काम पर चले गए थे और दीक्षा घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब परिजन वापस लौटे तो कमरे के अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। छात्रा का शव फंदे से लटका हुआ था। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही फूलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही परिजनों से पूछताछ भी की। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## प्रयागराज में गांगा नदी पर बनेगा एक और पुल, लोगों को जाम से मिलेगी निजात

**प्रयागराज।** तीर्थराज को एक और पुल मिलने जा रहा है। फाफामऊ पुल के समानांतर गंगा पर एक और ब्रिज बनाया जाएगा। इसके लिए डीएम मनीष कुमार वर्मा ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक कर इसका प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। पुराने फाफामऊ पुल के पास गंगा के अपस्ट्रीम में यह ब्रिज बनेगा। इस पुल के बनने से जनपद में गंगा पर 10 ब्रिज हो जाएंगे। इस ब्रिज के बनने से गंगापार और शहर उत्तरी क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिल जाएगी। पुराने फाफामऊ पुल के पास हर वर्ष माघ मेला के दौरान पांटून पुल बनाया जाता है, जिस पर लाखों रुपये खर्च होते हैं, जो सिर्फ तीन माह तक ही संचालित हो पाता है। पुराने पुल में आए दिन मरम्मत कार्य के चलते अब इसके समानांतर ही एक और ब्रिज बनाने का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। शासन स्तर से प्रस्ताव को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी के बाद डीपीआर तैयार कराया जाएगा। जिला प्रशासन का मानना है कि प्रस्तावित ब्रिज बड़ी आबादी के लिए आवागमन में सुविधाजनक होगा। दरअसल, गंगा पर फाफामऊ के मलाक हरहर से शहर में बेली अस्पताल के पास कलश चौराहे तक बनाया जा रहा सिक्सलेन ब्रिज तो प्रयागराज से लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, अयोध्या, प्रतापगढ़, बरेली, रायबरेली, सुलतानपुर आने-जाने में सुविधाजनक है लेकिन स्थानीय लोगों के लिए प्रस्तावित दो लेन का पुल महत्वपूर्ण होगा। इस नए पुल से मम्फोर्डगज, तेलियरगंज, जार्जटाउन, बैरहना, अल्लापुर, दारागंज, बघाड़ा, शिवकुटी, फाफामऊ बाजार, थरवई क्षेत्र के लोगों के लिए काफी अहम होगा। आजाद सेतु फाफामऊ के बिल्कुल पास में पश्चिम की ओर से यह पुल बनाया जाएगा डीएम ने इस पुल के लिए प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इस ब्रिज के बन जाने से जिले में गंगा पर कुल 10 पुल हो जाएंगे। अभी रामवनगमन पथ के लिए पुल, इनर रिंग रोड के लिए गंगा पर दो पुल तथा सिक्सलेन ब्रिज का निर्माण चल रहा है। यमुनापार के मेजा में भी एक पुल का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। इसके अलावा शास्त्री ब्रिज के समानांतर तथा हेतापट्टी-सलोरी पुल की स्वीकृति मिल चुकी है, जिसका निर्माण शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। वहीं शास्त्री ब्रिज व फाफामऊ पुल पहले से है। वहीं यमुना पर अभी दो पुल हैं तथा एक पुल रिंग रोड के लिए अगले वर्ष से बनाया जाएगा।


## रेलवे में टेक्नीशियन के 6565 पदों पर बंपर भर्ती, 30 जून से करें ऑनलाइन आवेदन

**प्रयागराज।** रेलवे में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने देशभर में टेक्नीशियन के कुल 6565 पदों पर बंपर भर्ती निकालने का फैसला किया है। इस भर्ती के तहत टेक्नीशियन ग्रेड-वन (सिग्नल) और टेक्नीशियन ग्रेड-तीन के पदों को भरा जाएगा। आवेदन प्रक्रिया 30 जून को शुरू होगी और 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन होगा। इस भर्ती के जरिये चयनित होने वाले टेक्नीशियनों की तैनाती सीधे स्टेशनों, यार्डों में होगी, जहां वे सिग्नल की मरम्मत, बोगियों की जांच और ब्रेक-गियर को दुरुस्त कर ट्रेनों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करेंगे। रेलवे के बड़े कारखानों में तैनात होने वाले कर्मी रेल इंजनों और डिब्बों की समय-समय पर होने वाली बड़ी मरम्मत का काम संभालेंगे, जबकि प्रोडक्शन यूनिट्स में यह नई और आधुनिक ट्रेनों (जैसे वंदे भारत) व इंजन निर्माण और असेंबली से जुड़े काम करेंगे। भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है। टेक्नीशियन ग्रेड-तीन के लिए अधिकतम आयु 30 वर्ष तथा ग्रेड-एक (सिग्नल) के लिए 33 वर्ष तय की गई है। शैक्षिक योग्यता के तहत ग्रेड-एक सिग्नल के लिए बीई, बीटेक, इंजीनियरिंग डिप्लोमा या बीएससी डिग्री धारक पात्र होंगे।

# मैनपुरी हिरासत में मौतः हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच के दिए आदेश, पुलिस की भूमिका पर सवाल

● इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मैनपुरी के दन्नाहार थाने में 16 साल पहले हुई दिव्यांग युवक की संदिग्ध मौत की जांच सीबीआई को सौंप दी है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मैनपुरी के दन्नाहार थाने में लगभग 16 वर्ष पहले दिव्यांग युवक की संदिग्ध मौत मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। कोर्ट ने कहा कि वीडियोग्राफी उपलब्ध कराने में पुलिस और राज्य सरकार पूरी तरह विफल रही हैं। एसोसिएशन फार एडवोकेसी एंड लीगल इनिशिएटिव्स, लखनऊ की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थनंदन की खंडपीठ ने सीबीआई को गाजियाबाद स्थित एसीबी कार्यालय के माध्यम से 60 दिन के भीतर घटनास्थल और पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी प्राप्त कर पेश करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सीबीआई को इसके लिए अलग से एफआईआर दर्ज करने की जरूरत नहीं होगी।

मामले की अगली सुनवाई 10 अगस्त को होगी।मामले के अनुसार नौ मई 2009 को 40 प्रतिशत दिव्यांग नहार सिंह उर्फ स्नेह की लाश दन्नाहार थाने के लाकअप के टायलेट में फंदे से लटकी मिली थी। पुलिस ने दावा किया था कि उसने बेल्ट से फांसी लगाकर आत्महत्या की। नहार को एक दिन पहले उसकी कथित प्रेमिका के साथ थाने लाया गया था। पुलिस का कहना था कि लड़की के पिता के शादी से मुकरने की बात पर नहार परेशान हो गया और आत्महत्या कर ली।प्रकरण में कोर्ट ने खुद को पहली विफल संस्था माना। कहा, पीआईएल की गंभीरता देखते हुए लगातार सुनवाई जरूरी थी ताकि साक्ष्य सुरक्षित रहें। पुलिस व राज्य सरकार को दूसरी विफल संस्था बताते हुए कोर्ट ने कहा कि लाकअप कोई एकांत स्थान नहीं होता, ऐसे में दिव्यांग व्यक्ति की आत्महत्या प्रथमदृष्टया संदिग्ध लगती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले पर गांठ का निशान मिला, जबकि बेल्ट से फांसी में बकल का निशान होना चाहिए था। ट्रैकियल रिंग फ्रैक्चर गला घोंटने की ओर इशारा करते हैं, न कि आत्महत्या की ओर। कोर्ट ने एनएचआरसी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए और कहा कि उसने कोई स्वतंत्र जांच नहीं की। मृतक के पिता, प्रेमिका, उसके माता-पिता, पड़ोसियों या थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के बयान तक दर्ज नहीं किए गए। केवल एसडीएम और पुलिस रिपोर्ट के आधार पर केस बंद कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि जनवरी से अप्रैल 2026 तक कई बार वीडियोग्राफी उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए, लेकिन हर बार अलग-अलग दावे किए गए। वर्तमान थानाध्यक्ष ने वीडियोग्राफी एनएचआरसी को भेजने की बात कही, लेकिन उसमें न तारीख थी और न ही स्रोत का उल्लेख।

अदालत ने कहा कि वीडियोग्राफी से ही स्पष्ट होगा कि नहार पूरी तरह फंदे से लटका था या नहीं और उसके शरीर पर चोट के निशान थे या नहीं। इससे यह तय हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का था या हत्या को आत्महत्या का रूप दिया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर 8 साल की मासूम बच्ची की गला रेत कर हत्या



● दादा के घर मिला शव, चार हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक थानाक्षेत्र के व्योहरा गांव में सोमवार की रात पुरानी रंजिश में पड़ोसी चचेरे दादा और उसके परिवार के लोगों ने 8 साल की मासूम बच्ची की हंसिया से गला रेत कर हत्या कर दी, इसके बाद उसके सीने और पेट पर आठ वार किया। शव घर के भूसे वाले कमरे में छुपा दिया। व्योहरा गांव निवासी सुनील कुमार और उसके चाचा मन्नीलाल का घर बगल में स्थित है। सुनील की बेटी जान्हवी सोमवार की शाम घर के बाहर खेल रही थी, लेकिन अचानक लापता हो गई। परिजनों घंटों गांव में तलाश करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। परिजनों ने थक हार कर पुलिस को सूचना दी। औद्योगिक नगर थाना पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ और घरों में तलाशी अभियान चलाया। इसी बीच मनीलाल के घर में भूसे वाले कमरे में जान्हवी का शव पड़ा मिला। पुलिस ने चार को हिरासत में लिया है।

## कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोच्च : डॉ. देवी सिंह पटेल

● संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज–** सोमेश्वर नाथ मंडल की मासिक बैठक का आयोजन मंडल कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी डॉ. देवी सिंह पटेल उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरिकृष्ण पांडेय ने की, जबकि संचालन महामंत्री हरिकृष्ण शुक्ला ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. देवी सिंह पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और सहयोग से ही केंद्र एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना जाति और धर्म का भेदभाव किए सभी वर्गों और समाज के लोगों के विकास के लिए कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो हर समाज और हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलती है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रयासों के कारण ही भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान कायम की है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरिकृष्ण पांडेय, महामंत्री कृष्ण कुमार शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र शुक्ला, पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता लाल बहादुर साहू, मंडल उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, सेक्टर प्रभारी पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी, सुभाष कुशवाहा, गणेश पांडेय, विनोद कुमार यादव, सेक्टर संयोजक आलोक भारती, तारकेश्वर पांडेय, भारत भूषण तिवारी, रमन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भव्य श्री रामचरित मानस पाठ एवं भंडारे का आयोजन



**नैनी,प्रयागराज।** अरैल शिवनगर चौराहा स्थित पीएनटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अरविंद तिवारी की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर भव्य श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया।धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, पत्रकार एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पत्रकार विकास काउंसिल के राष्ट्रीय महासचिव एवं सी न्यूज भारत के स्टेट हेड डी.के. मिश्र विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार हजारी लाल कुशवाहा, अश्विनी तिवारी, पुष्कर नाथ तिवारी, शनि तिवारी, बुंदेलखंड प्रभारी अरुणेश त्रिपाठी एवं मंडल प्रभारी आशीष मिश्र भी उपस्थित रहे।श्रीरामचरितमानस पाठ के उपरांत भजन-कीर्तन, आरती-पूजन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## स्वरूप रानी अस्पताल में अधिवक्ताओं और जूनियर डॉक्टरों के बीच हिंसक झड़प

● महिला अधिवक्ता के परिजन के इलाज को लेकर शुरू हुआ विवाद, अस्पताल परिसर में मची अफरा-तफरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) में मंगलवार को अधिवक्ताओं और जूनियर डॉक्टरों के बीच हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। अस्पताल परिसर कुछ देर के लिए रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जहां दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट, धक्का-मुक्की और हंगामा हुआ। घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक महिला अधिवक्ता अपने परिजन को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल लेकर पहुंची थीं। इसी दौरान किसी बात को लेकर जूनियर डॉक्टरों और अधिवक्ताओं के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते अस्पताल परिसर में मारपीट शुरू हो गई। वायरल वीडियो में सफेद कोट पहने कुछ लोग काले कोट पहने अधिवक्ताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटते दिखाई दे रहे हैं। अस्पताल परिसर में अचानक भगदड़ और अफरा-तफरी मच गई। मरीजों और तीमारदारों में भी दहशत फैल गई। कई लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। काफी देर तक अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया और अस्पताल परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। घटना के बाद अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में अधिवक्ता अस्पताल और आसपास के क्षेत्र में जमा हो गए तथा कार्रवाई की मांग करने लगे। वहीं जूनियर डॉक्टरों की ओर से भी अपने साथ मारपीट और अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो और तहरीर के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद एसआरएन अस्पताल परिसर में देर शाम तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।




# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में प्रयागराज बंद

● मेडिकल दुकानों पर लटके ताले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** ऑनलाइन दवा बिक्री और अवैध ई-फार्मेसी के विरोध में बुधवार को संगम नगरी की अधिकांश मेडिकल दुकानें बंद रहीं। प्रयागराज केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले शहर भर के दवा व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग उठाई। इस बंद का असर शहर के प्रमुख दवा बाजारों से लेकर मोहल्लों तक साफ दिखाई दिया। सुबह से ही शहर की ज्यादातर मेडिकल दुकानों के शटर बंद रहे। बालसन चौराहा, लीडर रोड और अन्य थोक दवा बाजार पूरी तरह सुनसान नजर आए। इन बाजारों में सामान्य से लेकर जीवन रक्षक दवाओं तक की बिक्री होती है, लेकिन बंदी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रयागराज के अलावा आसपास के जिलों से दवा खरीदने पहुंचे लोग भी दिनभर इधर-उधर भटकते रहे और कई लोगों को बिना दवा लिए ही वापस लौटना पड़ा। दवा व्यापारियों ने बैठक कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे और मध्यम स्तर के मेडिकल स्टोर संचालकों का कारोबार तेजी से प्रभावित हो रहा है। उनके अनुसार प्रयागराज में करीब 6 हजार दवा लाइसेंस हैं और लगभग सभी दुकानदारों ने इस विरोध में अपनी दुकानें बंद रखीं। हालांकि मरीजों की सुविधा को देखते हुए स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल परिसर स्थित मेडिकल स्टोर खुले रहे, ताकि इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित न हों। इसके अलावा कुछ निजी फार्मेसी जैसे



Apollo Pharmacy में दवाएं उपलब्ध रहीं, लेकिन शहर के अधिकांश हिस्सों में मेडिकल सेवाएं लगभग ठप रहीं। इस दौरान चेयरमैन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश राणा चावला ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट की भावना के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी कंपनियां भारी छूट देकर ऑनलाइन दवाएं बेच रही हैं, जिससे देशभर के करीब 16 लाख दवा व्यापारियों और केमिस्टों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

## हाईकोर्ट के वकीलों का विरोध उग्र, एकलव्य चौराहे पर बवाल; एसीपी विद्युत गोयल बेहोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकीलों का विरोध प्रदर्शन बुधवार को उग्र हो गया। एसआरएन हॉस्पिटल में एक अधिवक्ता के साथ डॉक्टर द्वारा कथित मारपीट की घटना से नाराज वकीलों ने सिविल लाइंस स्थित एकलव्य चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी। प्रदर्शनकारियों ने चारों ओर बैरिकेडिंग लगाकर यातायात पूरी तरह बाधित कर दिया, जिससे शहर के कई प्रमुख मार्गों पर लंबा जाम लग गया। जानकारी के अनुसार, घटना के विरोध में बड़ी संख्या में अधिवक्ता सुबह से ही एकत्र होने लगे थे। देखते ही देखते प्रदर्शन उग्र रूप ले बैठा। मौके पर नारेबाजी के बीच कुछ उपद्रवियों ने पथराव शुरू कर दिया और सड़क पर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की गई। हालात बिगड़ने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचना पड़ा। इसी दौरान निदेशालय मुद्रण एवं लेखन सामग्री परिसर में भी दो गुट आमने-सामने आ गए, जहां



जमकर धक्का-मुक्की और विवाद हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हंगामे के बीच सिविल लाइंस के एसीपी विद्युत गोयल भी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी और तनावपूर्ण माहौल के बीच उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह मौके पर ही बेहोश हो गए। पुलिसकर्मियों ने तत्काल उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। प्रदर्शन के कारण सिविल लाइंस, हाईकोर्ट मार्ग, मेडिकल कॉलेज रोड और आसपास के इलाकों में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस प्रशासन लगातार प्रदर्शनकारियों को शांत कराने और स्थिति सामान्य करने में जुटा रहा।

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अथर्व श्रीवास्तव ने दिखाया दमखम

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी स्थित एस.एस. इंटर कॉलेज में इलाहाबाद चेस फेडरेशन के निर्देशन एवं के.सी. फाउंडेशन के संयोजन में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का शानदार जमावड़ा देखने को मिला। प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय अंडर-7 विजेता शिवाय सिंह तथा कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड चैंपियन बनी अनुप्रिया यादव सहित कई राज्य एवं जिला स्तरीय खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रयागराज के दो दर्जन से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विद्यालयों का प्रतिनिधित्व किया। इसी क्रम में नैनी स्थित महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के कक्षा 8 के छात्र अथर्व श्रीवास्तव ने भी प्रतियोगिता के सभी राउंड में भाग लेते हुए आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन किया। इस अवसर पर परिवार एवं विद्यालय प्रबंधन ने अथर्व के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं यमुनापार क्षेत्र में भी उनकी सहभागिता को लेकर उत्साह एवं गर्व का माहौल देखने को मिला।

## वकालत के कारण अधिवक्ता पर केसः हाई कोर्ट ने अधिकारियों को किया तलब, गिरफ्तारी पर रोक



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रामपुर के वकील के खिलाफ वकालत के पेशे के कारण डिप्टी कमिश्नर जीएसटी रामपुर द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने, सीओ द्वारा तुरंत चार्जशीट दाखिल करने व मजिस्ट्रेट द्वारा उस पर उसी दिन संज्ञान लेने को गंभीरता से लिया है। कहा है कि डिप्टी कमिश्नर संदेश कुमार जैन, सीओ (अपराध) कीर्ति निधि आनंद तथा विवेचना अधिकारी अनुपम शर्मा के दबाव के कारण ऐसा हुआ। कोर्ट के आदेश पर व्यक्तिगत हलफनामा सहित डिप्टी कमिश्नर हाजिर हुए। उनका पक्ष अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने रखा। अदालत पहले ही याची समर्पण जैन की गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है। याचिका का सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जेजे मुनीर तथा न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने याची को चार्जशीट व संज्ञान आदेश को चुनौती देने का समय दिया और अगली सुनवाई तिथि 21मई नियत की है। साथ ही डिप्टी कमिश्नर, सीओ व विवेचना अधिकारी को बिना विफलता के अगली सुनवाई तिथि पर कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर प्रयागराज से मेरठ के बीच 10 स्थानों पर रुकेगी बस, सोरांव बाईपास से भी बैठ-उतर सकेंगे यात्री

● प्रयागराज से मेरठ के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर 10 स्थानों पर रोडवेज बसें रुकेंगी, जिससे यात्रियों को चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** गंगा एक्सप्रेस-वे के रास्ते प्रयागराज से मेरठ के बीच 10 स्थानों पर बस रुकेगी। यह अधिकृत स्टापेज होगा, यानी यहां से यात्री चढ़ उतर सकेंगे। हालांकि इनका किराया अभी तय नहीं हुआ है। सर्वे टीम ने रास्ते में संभावित स्टापेज का निरीक्षण कर एक प्रस्ताव तैयार किया है। इसके तहत प्रयागराज से बस चलने के बाद सोरांव बाईपास, लालगंज अझारा बाईपास, लालगंज बैसवारा बाईपास, उन्नाव बाईपास, बिलग्राम बाईपास, हरदोई-फर्रुखाबाद बाईपास, जलालाबाद-शाहजहांपुर बाईपास, बदायूं बाईपास, गदगांव बदायूं और अंतिम ठहराव सोहराबगेट डिपो यानी मेरठ में होगा। इन स्टॉपेज पर रोडवेज यात्री सुविधा भी विकसित करने की तैयारी कर रहा है। प्रयागराज से मेरठ की 635 किलोमीटर की दूरी के लिए 839 रुपए किराया है। लेकिन प्रयागराज और मेरठ दोनों के बीच 10 स्टॉपेज के लिए कितना किराया होगा



यह मुख्यालय स्तर से तय होगा। इसके लिए प्रयागराज से क्षेत्रीय प्रबंधक ने स्टापेज की सूची, ट्रायल की रिपोर्ट व अपनी अनुशंसा भेज दी है। इसी सप्ताह मुख्यालय से किराया सूची जारी हो जाएगी, इसके बाद शाम बजे से बसों का संचालन दोनों ओर से शुरू हो जाएगा। अभी इस रूट पर एक-एक बस दोनों ओर से चलेंगी, बाद में लखनऊ मुख्यालय से नई बसें मिलते ही बसों की संख्या और फेरे बढ़ा दिए जाएंगे।

### साढ़े आठ-नौ घंटे में तय होगी दूरी

प्रयागराज-मेरठ रोडवेज बस सेवा का ट्रायल एक दिन पहले ही पूरा कर लिया गया है। ट्रायल में लीडर रोड डिपो की बस ने 10.30 घंटे में मेरठ की दूरी तय की है। वापसी में भी बस को इतना ही समय लगा। सुरक्षा कारणों से एक्सप्रेस-वे पर बस की रफ्तार नियंत्रित रखी गई, लेकिन नियमित संचालन में यह दूरी साढ़े आठ से नौ घंटे में तय हो जाएगी।

## जिलाधिकारी ने ए. डी. एम. तथा एस. डी. एम. के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

● उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को नियमित रूप से कोर्ट में बैठने तथा मुकदमों की निस्तारण किए जाने के दिए निर्देश

लेखपाल और कानूनगों निर्धारित दिन पर तहसील में अवश्य बैठे, नहीं बैठने वाले लेखपाल और कानूनगों के विरूद्ध करें कड़ी कार्रवाई- जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज–** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा मंगलवार को एनआईसी सभागार में अपर जिलाधिकारियों, उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक कर राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को जनशिकायतों की प्राथमिकता पर सुनवाई करते हुए गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर लोगो की शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण होने पर शिकायतकर्ता को मुख्यालय स्तर पर नहीं आना पड़ेगा, इसलिए सभी उपजिलाधिकारी



लोगो की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को नियमित रूप से कोर्ट में बैठने तथा मुकदमों की नियमित रूप से सुनवाई करते हुए निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया है कि लेखपाल और कानूनगों तहसील में बैठने के लिए जो दिन निर्धारित किया गया है, उस दिन अनिवार्य रूप से तहसील में उपस्थित रहें।

उन्होंने कहा कि यदि कोई लेखपाल या कानूनगों निर्धारित दिन पर तहसील में नहीं बैठता है, तो ऐसे लेखपालों एवं कानूनगों के विरूद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने धारा-32 एवं धारा-38 से सम्बंधित प्रकरणों को प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने तहसीलों में साफ-सफाई, पीने के पानी तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को राजस्व से सम्बंधित आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्णढंग से निस्तारण सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। कृषक दुर्घटना बीमा योजना से सम्बंधित प्रकरणों पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए नियमानुसार निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने अंश निर्धारण के कार्य को अभियान चलाकर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जनगणना से सम्बंधित कार्यों को भी समयबद्ध ढंग से किए जाने के लिए भी निर्देशित किया है। इस अवसर पर सभी अपर जिलाधिकारीगणों के अलावा उपजिलाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में जुड़े।

# संक्षिप्त खबरें

## छः वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास एवं पचहत्तर हजार रुपए जुर्माना की सजा



**बेतिया।** व्यवहार न्यायालय, बेतिया में दुष्कर्मि अच्छेलाल साह को आजीवन कारावास एवं पचहत्तर हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई है बता दे कि यह वाद स्पीडी ट्रायल में चयनित था, पचहत्तर हजार रुपए जुर्माना नहीं देने पर नौ महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी, पीड़िता को उसके पुनर्वास हेतु पांच लाख रुपए प्रतिकर देने का आदेश हुआ वहीं आरोप पत्र दिनांक 16 दिसम्बर, 2024 को समर्पित हुआ तथा आरोप गठन दिनांक 17 मई 2025 को माननीय न्यायालय द्वारा किया गया उसके पश्चात अनन्य विशेष लोक अभियोजन जय शंकर तिवारी के द्वारा कुल नौ गवाहों की गवाही विचारण के दौरान कराया गया। यह वाद आरोप गठन के एक वर्ष के अभियुक्त को सजा के रूप में निष्पादित हुआ। बताया जाता है कि दुष्कर्मी उसी के गांव का टैक्टर चालक है जो मासूम 6वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था, 20मई, बुधवार करीब 12बजे दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सजा सुनाई गई है।

## सम्राट सरकार का बड़ा फैसला: एनएच किनारे अवैध ढाबे-होटल हटेंगे, पार्किंग पर भी लगा बैन



**पटना।** राज्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय उच्च पथों (एनएच) के किनारे बने अवैध ढाबा-होटल एवं अन्य अवैध व्यावसायिक संरचनाओं को हटाया जाएगा। इसके साथ ही राज्य सरकार ने एनएच के किनारे किसी भी नए ढाबा, होटल अथवा व्यावसायिक निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। किसी भी नई संरचना के निर्माण से पूर्व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) या पथ निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। एनएच के किनारे ट्रकों-बसों आदि की अनधिकृत पार्किंग को भी पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब वाहनों की पार्किंग केवल निर्धारित ट्रक ले-बाय एवं वे-साइड अमेनिटी स्थलों पर ही की जा सकेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं संचालकों पर जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बुधवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् के सभी पणधारी विभागों की बैठक में इसका निर्णय लिया गया। इसमें नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पकंज कुमार पाल, अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात) सुधांशु कुमार, राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ असहन आदि शामिल हुए। राष्ट्रीय उच्च पथों के किनारे (राइट आफ वे क्षेत्र) में स्थित अनाधिकृत ढाबा, होटल एवं अन्य व्यावसायिक संरचनाओं को 20 दिनों के अंदर हटाने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित अवधि के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में संबंधित जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला हाईवे सुरक्षा टास्क फोर्स संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध संरचनाओं को हटाएगा। इस कार्रवाई में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, एनएचएआइ, पथ निर्माण विभाग एवं स्थानीय निकायों की सहभागिता रहेगी। वैसे ढाबा, होटल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान जिनका प्रवेश सीधे एनएच से है, उन्हें स्वयं वैकल्पिक पहुंच पथ का निर्माण करते हुए प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था करनी होगी। अन्यथा संबंधित अधिनियम कंट्रोल आफ नेशनल हाईवे एक्ट 2002 के तहत कार्रवाई की जाएगी। पथ निर्माण विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय उच्च पथों के राइट आफ वे क्षेत्र के बाहर, किन्तु हाईवे सेफ्टी जोन (आवासीय क्षेत्र के लिए 40 मीटर एवं व्यावसायिक क्षेत्र के लिए 75 मीटर) के भीतर स्थित संरचनाओं को भी संबंधित विभाग से विधिवत अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मालूम हो कि नवंबर 2025 में राजस्थान के फलोदी एवं तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में राष्ट्रीय उच्च पथों पर अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग के कारण हुई भीषण सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इन घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय उच्च पथों को अतिक्रमण एवं अवैध गतिविधियों से मुक्त कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किये थे।

# बिहार STF की सूचना पर पकड़ी गई थी मिनी गन फैक्ट्री, अब साहिबगंज पुलिस ने बुलडोजर चलाकर किया ध्वस्त

● आमगाछी में पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री संचालित हो रहे घर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। बिहार एसटीएफ की सूचना पर 7 मई को इस फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ था।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

झारखंड के साहिबगंज के आमगाछी में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने उस घर पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया, जिसके अंदर मिनी गन फैक्ट्री संचालित हो रही थी। इस मिनी गन फैक्ट्री का बिहार पुलिस ने 7 मई को भंडाफोड़ किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस की किरकिरी हुई थी। साहिबगंज के रांगा थाना क्षेत्र के आमगाछी (केंदुआ) पहाड़ के पास एक बंद घर में संचालित अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ होने के बाद प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए घर को ध्वस्त कर दिया। बिहार एसटीएफ से मिली सूचना के आधार पर साहिबगंज पुलिस ने बीते 7 मई को घर का ताला तोड़कर अवैध हथियार बनाने के कारखाने का खुलासा किया था। इस स्थान से भारी मात्रा में अर्धनिर्मित पिस्टल, मैगजीन और हथियार बनाने वाली आधुनिक मशीनें (जैसे लेथ मशीन) बरामद की गई थीं। यह फैक्ट्री एक बंद मकान के अंदर पूरी तरह छिपे तरीके से चलाई जा रही थी। इस खुलासे के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कारखाना संचालित करने वाले आरोपित परवेज इस्लाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद अवैध गतिविधियों के केंद्र बने इस मकान को बुलडोजर से ढहा दिया गया। मौके पर बरहड़वा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद थे।

**जमीन मालिक गंगा पहाड़िया से दान पत्र के जरिए ली थी जमीन**

बिहार के मुंगेर जिले के जमालपुर रोड कासिम बाजार निवासी इस अवैध कारखाने के आरोपित मालिक परवेज इस्लाम का आपराधिक इतिहास रहा है। बिहार के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं।

इस मामले में वह पहले भी बिहार में जेल जा चुका है। उसकी भतीजी की शादी वर्ष 2016 में इस क्षेत्र में हुई थी, जिसके बाद वह अक्सर यहां आने-जाने लगा। फिर वर्ष 2022 में उसने गंगा पहाड़िया से दान पत्र के जरिए जमीन लेकर घर बनाया। किसी को शक न हो, इसके लिए वह अपनी पत्नी को भी यहां साथ रखता था। वह यहां हथियार बनाकर बिहार ले जाता था।

## त्रिवेणीगंज में दवा दुकानों की बंदी का व्यापक असर, मरीज रहे परेशान



**त्रिवेणीगंज (सुपौल)।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) के आह्वान पर बुधवार को आयोजित देशव्यापी हड़ताल का असर त्रिवेणीगंज प्रखंड क्षेत्र में व्यापक रूप से देखने को मिला। शहर समेत ग्रामीण इलाकों की अधिकांश दवा दुकानों पर पूरे दिन ताला लटका रहा। दवा दुकानें बंद रहने से मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग जरूरी दवाओं के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। त्रिवेणीगंज केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजनंदन चौधरी एवं सचिव सोनू सिंह ने बताया कि ई-फार्मेसी और इंस्टेंट मेडिसिन डिलीवरी ऐप्स बिना स्पष्ट नियमों और निगरानी के संचालित हो रहे हैं, जिससे छोटे मेडिकल स्टोरों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि केमिस्ट संगठन उपभोक्ताओं को सही समय पर उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के पक्ष में है, लेकिन ऑनलाइन कंपनियों के माध्यम से नकली, नशीली, डुप्लीकेट एवं अवैध दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए सरकार को ई-फार्मेसी और ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू कर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना चाहिए।

# मेडिकल स्टोर के अस्तित्व पर संकट, ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मसौढ़ी!** अखिल भारतीय ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट संगठन के आह्वान पर देशभर के दवा व्यापारी 20 मई को अपने प्रतिष्ठान बंद रखा। यह राष्ट्रव्यापी बंद ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग को लेकर किया गया है।इसमें खुदरा और थोक दवा व्यापारी शामिल थे।मसौढ़ी में दवा विक्रेताओं ने आम जनता को 20 मई से पहले आवश्यक दवाइयां खरीदने की सूचना सोशल मीडिया एवं अखबार के माध्यम से दी गई।मसौढ़ी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं सचिव अनिल कुमार ने बताया कि ऑनलाइन ई-फार्मेसी पर रोक लगाने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया गया. उनका आरोप है कि बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री हो रही है,जिससे नशाखोरी और नकली दवाओं का खतरा बढ़ रहा है. दूसरा बड़ा मुद्दा कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट (प्रिडेटर प्राइसिंग) है,जिससे छोटे और स्थानीय दवा दुकानदारों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है.तीसरा कारण सरकारी नीतियों में बदलाव और अवैध ई-फार्मेसी के खिलाफ सख्त कानून की मांग है. संगठन ने सरकार से इस दिशा में ठोस कार्रवाई की मांग की है.ऑनलाइन दवा व्यापार न केवल दवा व्यापारियों के लिए खतरा बन गया है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा पर भी सवालिया निशान खड़े कर रहा है। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट कंपनियां भारी छूट देकर दवा व्यवसाय पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं।इसके चलते फुटकर दवा व्यापारियों के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।दवा व्यापारियों ने बताया कि आज संगठन के आह्वान पर देशभर के व्यापारी अपना कारोबार बंद रखकर केंद्र सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त रोक लगाने और दवा व्यापार के अवैध तरीकों को बंद करवाने की मांग करेंगे।ऑनलाइन ई-फार्मेसी पर रोक लगाने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है. उनका आरोप है कि बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री हो रही है,जिससे नशाखोरी और नकली दवाओं का खतरा बढ़ रहा है. दूसरा बड़ा मुद्दा कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट (प्रिडेटर प्राइसिंग) है, जिससे छोटे और स्थानीय दवा दुकानदारों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है. तीसरा कारण सरकारी नीतियों में बदलाव और अवैध ई-फार्मेसी के खिलाफ सख्त कानून की मांग है. संगठन ने सरकार से इस दिशा में ठोस कार्रवाई की मांग की है.इस मौके पर चंदन कुमार सचिन कुमार टिंकू कुमार आयुष कुमार पिंकू सत्यपाल बेचन सूरज सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## फेसबुक पर बयानबाजी को लेकर धनबाद में ग्रामीणों और आजसू समर्थकों में खूनी संघर्ष, वृद्ध को लगी गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के लोयाबाद थाना क्षेत्र के बांसजोड़ा बस्ती में बुधवार को ग्रामीणों और आजसू पार्टी समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई और गोलियां चलीं। इस खूनी संघर्ष में किशन रवानी नामक एक वृद्ध व्यक्ति को गोली लग गई। गंभीर स्थिति में उन्हें धनबाद के असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना में हीरालाल महतो और धर्मेंद्र महतो सहित तीन-चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। घटना के बाद से पूरे इलाके में स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, फेसबुक पर पिछले कई दिनों से चल रही राजनीतिक और व्यक्तिगत बयानबाजी को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद गहराया हुआ था। बुधवार को आजसू समर्थक आधा दर्जन वाहनों से बांसजोड़ा बस्ती पहुंचे थे। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और लाठी-डंडे व हथियार निकल आए। इस दौरान जमकर पथराव हुआ और गोलियां भी चलीं। आक्रोशित लोगों ने आजसू समर्थकों की आधा दर्जन गाड़ियों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही घायलों के स्वजन बदहवास हालत में अस्पताल पहुंचे।

**छावनी में तब्दील हुई बस्ती, भारी पुलिस बल कैंप**

घटना के बाद बांसजोड़ा बस्ती को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए केंदुआडीह अंचल निरीक्षक जय प्रकाश महतो के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात है। मौके पर केंदुआ थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय, जोगता थाना प्रभारी, लोयाबाद थाना प्रभारी रोहित कुमार, पवन कुमार सिंह, तेतुलमारी थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी, गोंदुडीह ओपी प्रभारी लव चौधरी, मुनीडीह थाना प्रभारी मनीता कुमारी, सोनारडीह थाना प्रभारी दिलीप पाल और बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल कैंप कर रहा है। पुलिस उपद्रवियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## बेतिया में जन सुराज का हमला, '6 महीने में एनडीए सरकार का रोजगार और कानून व्यवस्था का वादा फेल'




**बेतिया।** जन सुराज जिला पार्टी कार्यालय में 2मई, बुधवार करीब 11बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिहार की एनडीए सरकार पर युवाओं, महिलाओं और मजदूरों के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया। जिला अध्यक्ष कुंदन पांडेय ने कहा कि सरकार ने 5 साल में 1 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन 6 महीने बाद भी लाखों युवाओं को नौकरी नहीं मिली और पलायन जारी है। उन्होंने बीपीएससी टिआरई -4 भर्ती में देरी और आंदोलनकारी छात्रों पर कार्रवाई को युवाओं के साथ अन्याय बताया। वहीं मुख्य प्रवक्ता सिकंदर चंद्रा ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बढ़ते अपराध को सरकार की विफलता बताया। महिला अध्यक्ष रंजू देवी ने नीट छात्रा हत्याकांड में आरोपियों को जमानत मिलने पर सरकार को घेरा है।

# धान का एमएसपी 3243 रुपए देना होगा

● अमेरिका में कृषि उत्पादित सामानों का भारत में बाजार बनाना बंद करो

बैरिया अंचल किसान सभा का 38 वा सम्मेलन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बैरिया।** बिहार राज्य किसान सभा का बैरिया अंचल किसान कौंसिल का 38 वां सम्मेलन कामरेड बनारसी शाह नगर आर आर इंटरनेशनल स्कूल लौकरिया में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम शहीदों को नमन करने के बाद सम्मेलन का उदघाटन करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के उपाध्यक्ष प्रभुराज नारायण राव ने बताया कि आज किसान गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। देश की मोदी सरकार किसान और किसानी दोनों को समाप्त कर देना चाहती है। किसानों के जमीनों को छीनकर कॉरपोरेट के हाथों में दे देने पर तूली हुई है। यही कारण है कि गोरखपुर सिलीगुड़ी सिक्स लेन एक्सप्रेसवे में किसानों की जमीन छीनी जा रही है। भागलपुर के नवगछिया में 1050 एकड़ जमीन जिसमें लाखों फलदार पौधे लगे हुए थे।एक रुपए सालाना शुल्क पर किसानों से छीनकर अदाणी को दे दिया गया। कर्ज की बोझ से दबा हुआ 32 किसान रोज आत्म हत्या कर रहा है।खेद की बात है कि वादा करने के बाद भी अभी तक मोदी सरकार किसानों को कर्ज से मुक्त नहीं किया। उन्होंने बताया कि अमेरिका से कृषि सामानों को बेचने का समझौता जो भारत ने किया है। वह बेहद ही शर्मनाक और किसान विरोधी है। अमेरिका का कृषि उत्पादित सामान भारत में बेचने के लिए बिना किसी शुल्क के इजाजत दे दिया गया। लेकिन भारत का कृषि उत्पादित सामान अमेरिका में बेचने के लिए 18% शुल्क किसानों को देना पड़ेगा। यह किसानों की कमर को तोड़ने का समझौता है ।जिसका पूरे देश के किसान जबरदस्त विरोध कर रहे हैं। भारत सरकार ने गन्ना नियंत्रित अधिनियम 1966 को समाप्त कर संशोधित विधेयक 2026 को लाया है। जिसके अनुसार गन्ने की खेती घाटे की होगी और देश के बड़े कॉरपोरेट जगत को तथा मिल मालिकों को लाभ पहुंचाया जाएगा। अखिल भारतीय किसान सभा तथा अखिल भारतीय गन्ना किसान महासंघ इस विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए कृषि मंत्री को अविलंब वापस लेने को कहा है।सम्मेलन की अध्यक्षता हरेश कुमार राव ने की।सम्मेलन में पिछले 3 साल की गतिविधियों का संक्षिप्त रिपोर्ट बैरिया अंचल सचिव सुनील यादव ने पेश किया। जिस पर अशर्फी पटेल,मदन प्रसाद, अशर्फी पटेल, राजरूप यादव, झूलन राव, सत्यनारायण साह, हसनैन, मोहन राव, आजाद मियां आदि ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सम्मेलन को बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार वर्मा, भारत की जनवादी नौजवान सभा के राज्य उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ तथा जिला मंत्री संजीव कुमार राव, सीटू के जिला सचिव शंकर कुमार राव, नौतन अंचल किसान कौंसिल के अध्यक्ष लालबाबू यादव, सचिव प्रेम प्रसाद आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन ने सर्व सम्मति से 13 सदस्यीय अंचल कौंसिल तथा 21 सदस्यीय जिला के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया।जिसके अध्यक्ष संजय राव तथा सचिव काशी साह निर्वाचित हुए।

# गुवाहाटी हाईकोर्ट की स्थायी पीठ की मांग को लेकर बाराक घाटी में अधिवक्ताओं का ज्ञापन


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि :** बाराक घाटी में गुवाहाटी हाईकोर्ट की एक स्थायी पीठ स्थापित किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ता परिषद, कछार जिला इकाई, शिलचर द्वारा गुवाहाटी हाईकोर्ट के माननीय मुख्य न्यायाधीश को एक विस्तृत ज्ञापन डाक द्वारा प्रेषित किया गया है। इस ज्ञापन में दक्षिण असम के लोगों की लंबे समय से चली आ रही न्यायसंगत मांग को प्रमुखता से उठाया गया है। संगठन की ओर से कहा गया है कि कछार, श्रीभूमि (करीमगंज), हैलाकांडी तथा आसपास के डिमा हसाओ जिले भौगोलिक रूप से ब्रह्मपुत्र घाटी से अलग-थलग हैं। बरैल पहाड़ियों और राष्ट्रीय राजमार्ग-6 की अस्थिर यातायात व्यवस्था के कारण विशेषकर बरसात के मौसम में गुवाहाटी से संपर्क अक्सर बाधित हो जाता है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों को उच्च न्यायालय तक समय पर पहुँचने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे रिट याचिका, जमानत आवेदन तथा अन्य महत्वपूर्ण मामलों में न्याय प्राप्ति बाधित होती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गुवाहाटी तक लंबी दूरी की यात्रा, रहने-खाने का खर्च तथा वकीलों की फीस गरीब और सामान्य वादकारियों के लिए अत्यधिक बोझिल है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण कई लोग अपील दायर करने से भी वंचित रह जाते हैं, जिससे न्याय व्यवस्था में असमानता की स्थिति उत्पन्न होती है। संगठन का कहना है कि शिलचर अब असम का दूसरा सबसे बड़ा शहरी केंद्र बन चुका है और यहां व्यापार, शिक्षा तथा प्रशासनिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार हो रहा है। ऐसे में यहां स्थायी हाईकोर्ट पीठ की स्थापना से मामलों के त्वरित निपटारे में सहायता मिलेगी और जनता को उच्च न्यायालय की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 और 39(क) का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि त्वरित न्याय और समान अवसर प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन वर्तमान केंद्रीकृत न्याय व्यवस्था के कारण दक्षिण असम के लोगों के साथ व्यवहारिक असमानता उत्पन्न हो रही है। बाराक घाटी की विशिष्ट भाषाई, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को भी इसमें रेखांकित किया गया है। भूमि विवादों और स्थानीय प्रशासन से जुड़े मामलों में क्षेत्रीय वास्तविकताओं की समझ आवश्यक बताई गई है। शिलचर में स्थायी पीठ स्थापित होने से स्थानीय स्तर पर न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी हो सकेगी। इसके अलावा ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि वर्चुअल सुनवाई की व्यवस्था होने के बावजूद इंटरनेट कनेक्टिविटी की अस्थिरता और डिजिटल असमानता के कारण कई बार ऑनलाइन सुनवाई प्रभावी नहीं हो पाती, इसलिए प्रत्यक्ष न्यायालय की उपस्थिति आज भी आवश्यक है। अंत में मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया गया है कि वे इस लंबे समय से लंबित मांग पर विचार करते हुए शिलचर में गुवाहाटी हाईकोर्ट की स्थायी पीठ स्थापित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएँ तथा इस संबंध में राज्य सरकार एवं केंद्रीय विधि मंत्रालय को सिफारिश भेजें। इस मांग को लेकर पूरे बाराक घाटी में अधिवक्ता समुदाय और आम जनता के बीच नई उम्मीदें जागृत हुई हैं।

## महंगी साइकिल नहीं ले पाया स्टेट गोल्ड मेडलिस्ट हबीबुर, परिवार चलाने के लिए रांची की सड़कों पर चला रहा है टोटो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** झारखंड में प्रतिभाओं को संसाधन नहीं मिल पाने के कारण या तो वो खेल छोड़ देते हैं या फिर पीछे हो जाते हैं। कुछ यही कहानी है झारखंड के पाकुड़ जिले के रडांगा गांव के रहने वाले हबीबुर शेख की। जिला स्तर से राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया और स्वर्ण पदक जीता। लेकिन इससे आगे बढ़ने के लिए उनको महंगी साइकिल की जरूर पड़ी तो वो पीछे हट गये। अब घर चलाने के लिए टोटो (ई रिक्शा) चलाकर गुजारा करते हैं और उनके साइकिल में अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने का सपना पीछे छूट गया। हबीबुर शेख ने 2012 में इन्होंने पुराने स्टाइल की साइकिल के करियर की शुरुआत की। जिला स्तर की सभी प्रतियोगिताओं में हबीबुर ने भाग लिया और सबमें अपना बेस्ट दिया। इसके बाद 2015 में जिला ओलिंपिक संघ की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद 2016 में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और इसमें स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। अलीगढ़ में 2018 में हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में ये 14वें स्थान पर रहे। इनके पास पुरानी साइकिल होने की वजह से ये पीछे रह गये। नयी साइकिल खरीदने के लिए इनके पास पैसे नहीं थे। परिवार का खर्च चलाना था, इसलिए साइकिलिंग का सपना छोड़कर टोटो चलाने लगे और परिवार का खर्च चलाने लगे। टोटो के अलावा ये दूसरे का खेत लेकर खेती भी करते हैं। हबीबुर शेख का कहना है कि मेरे पास इतने पैसे नहीं है कि मैं सात लाख की साइकिल खरीद सकूं। इसलिए इस खेल से बाहर हो गया। लेकिन अभी भी अगर मुझे नयी साइकिल मिलती है तो मैं अपना दम दिखा दूंगा। वह कहते हैं- मैंने हमेशा अपना बेस्ट दिया है राष्ट्रीय स्तर तक भी पहुंचा हूं, लेकिन सिर्फ एक अच्छी साइकिल के कारण ही पीछे हट जाता हूं।

## भीषण गर्मी में पटना जंक्शन पर यात्रियों को बांटे गए शरबत और ठंडा पानी

**पटना।** भीषण गर्मी के बीच रेलवे ने यात्रियों को राहत देने के लिए पटना जंक्शन पर मुफ्त शरबत और शीतल जल की व्यवस्था शुरू की है। दानापुर मंडल की ओर से इस विशेष अभियान की शुरुआत बुधवार को पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या चार से की गई। रेलवे के अनुसार प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर लंबी दूरी की कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव होता है। यात्रियों की बढ़ती भीड़ और गर्मी को देखते हुए यहां सबसे पहले मुफ्त शरबत और ठंडे पानी की व्यवस्था शुरू की गई। यात्रियों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे राहत भरा कदम बताया। दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पटना जंक्शन के सीटीआई Rajesh Kumar के नेतृत्व में डिप्टी एसएस Vijay Kumar और Manish Kumar ने सक्रिय भूमिका निभाई। रेलवे कर्मियों ने यात्रियों को शरबत और ठंडा पानी उपलब्ध कराया। रेलवे प्रशासन ने बताया कि पटना जंक्शन के अलावा अन्य बड़े स्टेशनों पर भी ऐसी व्यवस्था की गई है।

## पटना में 1 जून की रात होगी मॉक ड्रिल, मानसून तैयारियों को परखेगा बुडको

**पटना।** मानसून के दौरान राजधानी को जलजमाव से बचाने के लिए बिहार राज्य शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम (बुडको) ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। शहर के सभी स्थायी और अस्थायी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों (डीपीएस) की स्थिति की जांच के लिए एक जून की रात विशेष मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान रात 11 बजे से सुबह दो बजे तक सभी डीपीएस के पंप एक साथ चलाकर उनकी कार्यक्षमता परखी जाएगी। बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी अंचल और मुख्यालय स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय की है। प्रत्येक प्रमंडल और मुख्यालय के पदाधिकारियों को संबंधित डीपीएस की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। निर्देश दिया गया है कि पंपों की मरम्मत और रखरखाव कार्य केवल एजेंसियों के भरोसे न छोड़ा जाए, बल्कि अधिकारी स्वयं नियमित निरीक्षण करें। कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

# शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** धुर्वा निवासी सत्यप्रकाश से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर साइबर अपराधियों ने 6 लाख 45 हजार 217 रुपये की ठगी कर ली। मामले में पीड़ित ने साइबर अपराध थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित सत्यप्रकाश ने पुलिस को बताया कि जुलाई 2025 में उन्होंने फेसबुक पर आईआईएफएल कैपिटल के नाम से एक वीडियो देखा था, जिसमें शेयर मार्केट में निवेश कर पैसे कमाने की जानकारी दी जा रही थी। वीडियो देखने के बाद उन्होंने अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी साझा किया। इसके बाद इशानी ठाकुर नाम की महिला ने वीडियो कॉल कर खुद को कंपनी से जुड़ा बताया और एक लिंक भेजकर ऑनलाइन अकाउंट खुलवाया। पीड़ित के अनुसार, लिंक के जरिए बने प्लेटफार्म पर शेयर मार्केट की तरह खरीद-बिक्री का पूरा सिस्टम दिख रहा था। उन्हें एक ग्रुप से भी जोड़ा गया, जहां शेयर बाजार से संबंधित जानकारी और बड़े मुनाफे के स्क्रीनशाट साझा किए जाते थे। शुरुआत में छोटे निवेश पर लाभ दिखाकर उनका भरोसा जीता गया। जब उनके खाते में करीब 55 हजार रुपये हो गए तो उन्हें आइपीओ में निवेश करने की सलाह दी गई। बाद में आइपीओ के नाम पर उनसे पांच लाख रुपये जमा करने का दबाव बनाया गया। आरोपित ने कहा कि पैसा जमा नहीं करने पर उनका निवेश डूब जाएगा। दबाव में आकर उन्होंने रकम जमा कर दी। पीड़ित ने बताया कि बाद में उनके आनलाइन खाते में करीब 27.79 लाख रुपये दिखाए जाने लगे, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो निकासी नहीं हो सकी। आरोपित ने मुनाफे का 20 प्रतिशत कमीशन जमा करने की शर्त रखी और करीब 4.40 लाख रुपये मांगे। शक होने पर पीड़ित मुंबई स्थित बताए गए ऑफिस पहुंचे, जहां उन्हें जानकारी मिली कि इशानी ठाकुर नाम का अकाउंट फर्जी है और उनके साथ साइबर ठगी हुई है।


# गुमला में प्रेम प्रसंग विवाद में 18 साल के युवक ने की आत्महत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गुमला।** गुमला और रांची जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।एक 18 वर्षीय युवक भरनो थाना क्षेत्र के चेटो परसा गांव निवासी बिरसा उरांव ने प्रेम प्रसंग में उपजे विवाद के बाद बेड़ो थाना क्षेत्र के कादोजोरा गांव के पास जाकर हाई टेंशन बिजली टावर पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जैसे ही स्थानीय लोगों ने टावर से लटकता हुआ शव देखा,पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान बिरसा उरांव के रूप में हुई है। वह गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत चेटो परसा गांव का रहने वाला था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक युवक का बेड़ों क्षेत्र की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और इसी दौरान प्रेमी-प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद युवक ने अपने प्रेमिका के घर के सामने ही यह खौफनाक कदम उठा लिया। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब सुबह स्थानीय ग्रामीणों की नजर बिजली के टावर पर पड़ी। लोगों ने देखा कि एक युवक का शव टावर से लटका हुआ है।यह दृश्य देखते ही इलाके में हड़कंप मच गया। धीरे-धीरे बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामला हाई टेंशन लाइन से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने पहले बिजली विभाग से संपर्क किया।उसके कई घंटों के बाद विद्युत आपूर्ति बंद करवाई गई,जिसके बाद काफी सावधानी के साथ शव को बिजली टॉवर से नीचे उतारा गया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस युवक के करीबी लोगों और परिचितों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता चल सके कि आखिर किन परिस्थितियों में युवक ने इतना बड़ा कदम उठाया। मृतक युवक अपने गांव में ट्रैक्टर में मजदूरी करने का काम करता था,और बेड़ों थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा है, मृतक युवक युवती से मिलने उसके घर गया था, उसके बाद दोनों के बीच कुछ ऐसा हुआ कि युवक ने हाई टेंशन बिजली टावर में चढ़कर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

# संक्षिप्त खबरें

## उत्तर प्रदेश में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी




### ललितपुर समेत कई जिलों में भीषण लू की चेतावनी

**ललितपुर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आगामी दिनों में भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 19 मई से 22 मई 2026 तक विभिन्न जनपदों के लिए हीटवेव रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नागरिकों, श्रमिकों एवं पशुपालकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। जारी अलर्ट के अनुसार 19 मई से 20 मई तक बांदा, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी में भीषण लू चलने की संभावना है। इसके बाद 20 मई से 21 मई तक बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, ललितपुर, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी को रेड अलर्ट में रखा गया है। वहीं 21 मई से 22 मई तक बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, कानपुर देहात, कानपुर नगर, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा एवं झांसी में लू से भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने तथा ह्क्रस् का सेवन करने की सलाह दी है। श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर छाया, ठंडे पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है। पशुपालकों को भी सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा गया है कि पशुओं को दिन में कई बार ठंडा पानी पिलाएं तथा उन्हें छायादार स्थान पर रखें। दोपहर के समय पशुओं से खेतों में कार्य न कराया जाए और पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था की जाए। प्राधिकरण ने किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता हेतु 112, एम्बुलेंस सेवा 108, राहत आपदा कंट्रोल रूम 1070 तथा जिला आपदा कंट्रोल रूम 1077 पर संपर्क करने की अपील की है।

## बारदाने की कमी और बिजली समस्या



### भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने सरकारी गेहूं क्रय केन्द्रों पर व्याप्त समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जनपद के विभिन्न सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाने की भारी कमी बनी हुई है, जिसके कारण किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान कई दिनों से क्रय केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन बारदाना उपलब्ध न होने से गेहूं की तौल नहीं हो पा रही है। इसके साथ ही किसानों ने दिन के समय विद्युत आपूर्ति न मिलने की समस्या भी जिलाधिकारी के समक्ष रखी। पदाधिकारियों का कहना था कि लगातार दिन में बिजली कटौती होने से किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में बिजली संकट के कारण फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पडने् की आशंका बनी हुई है। ज्ञापन के माध्यम से भारतीय किसान संघ ने मांग की कि सभी सरकारी गेहूं क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए तथा किसानों को दिन में नियमित विद्युत आपूर्ति दी जाए, जिससे कृषि कार्य प्रभावित न हों। इस दौरान संघ के कई पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।




# लगातार बिजली कटौती और ट्रिपिंग से जनता परेशान, मुआवजे की उठाई मांग

**● आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


डीएम सत्य प्रकाश को ज्ञापन सौंपते आप जिलाध्यक्ष

**ललितपुर।** जिले में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, बार-बार विद्युत ट्रिपिंग और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से परेशान नागरिकों ने प्रशासन से राहत की मांग उठाई है। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विद्युत व्यवस्था सुधारने एवं उपभोक्ताओं को मुआवजा दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत विभाग की अव्यवस्थाओं के कारण आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार बिजली गुल होने और वोल्टेज के लगातार घटने-बढने् से लोगों के बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भीषण गर्मी के बीच तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। ऐसे समय में लोग पंखा, कूलर और एसी के सहारे राहत पाने की कोशिश करते हैं, लेकिन बार-बार बिजली कटौती के कारण छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता 2005 का हवाला देते हुए कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही से प्रभावित उपभोक्ताओं को नियमानुसार मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने मांग की कि जब तक विद्युत व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो जाती, तब तक प्रत्येक प्रभावित उपभोक्ता को प्रतिदिन 50 से 500 रुपये तक मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में महेंद्र कुमार पाराशर एड., कैलाश नारायण एड., अजय सिंह राजपूत एड., दीपक सिंह राजपूत एड., अनुराग सिंह एड., भूपेंद्र सिंह एड., शैलेन्द्र सिंह लोधी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे।

## ज्वलंत मुद्दों पर सपाइयों का प्रदर्शन, पुलिस घेराबंदी के बीच सौंपा गया ज्ञापन

**● पूर्व विधायक समेत कई नेताओं को रातभर रखा गया हाउस अरेस्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा गोरखपुर:** सहजनवा विधानसभा क्षेत्र में ज्वलंत जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन से पहले ही प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही सोमवार से ही प्रशासनिक हलचल तेज हो गई थी और मंगलवार रात से पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सख्ती बढ़ा दी। हालात ऐसे रहे कि बुधवार सुबह तक पूरा सहजनवा पुलिस छावनी में तब्दील नजर आया। धरना-प्रदर्शन को देखते हुए समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को रात से ही उनके आवासों पर नजरबंद कर दिया गया। इनमें पूर्व विधायक यशपाल सिंह रावत के साथ जिला महासचिव रामनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष गिरीश यादव तथा दुर्गेश मास्टर समेत कई नेता शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर सपाइयों में नाराजगी भी देखने को मिली। हालांकि पुलिस बंदिशों के बावजूद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता विधान सभा अध्यक्ष मनीष कमांडो और बृजेश यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में तहसील मुख्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नंदन तिवारी एवं सीओ गीडा योगेन्द्र सिंह को छह सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सपाइयों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं को प्रशासन दबाने का प्रयास कर रहा है, जबकि जनता लंबे समय से इन मुद्दों के समाधान की मांग कर रही है। ज्ञापन में गीडा क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। साथ ही गैलेंट टीएमटी और जालान फैक्ट्री से निकलने वाली राख एवं प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई। इसके अलावा भूगर्भ जल के अत्यधिक दोहन पर नियंत्रण, गीडा क्षेत्र की फैक्ट्रियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने, किसानों को वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप उचित मुआवजा देने तथा कालेसर से जिगिना तक बंद पड़े डिवाइडर को दोबारा खोलने की मांग भी रखी गई। पूर्व विधायक यशपाल सिंह रावत ने अलग से तहसीलदार राकेश कन्नौजिया को ज्ञापन देकर इन मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। वहीं पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्म बना रहा।

## ग्राम बिल्ला में आंगनबाड़ी केन्द्र बनवाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** ग्राम विल्ला निवासी एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्राम में नए आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापित किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्राम विल्ला के तालाबपुरा जूनियर हाई स्कूल के पास एवं वन विभाग की चौकी के समीप आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने की आवश्यकता बताई गई। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम के उक्त क्षेत्रों में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे एवं महिलाएं निवास करती हैं, लेकिन आसपास आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दूर स्थित केंद्रों तक पहुंचना ग्रामीणों के लिए कठिन साबित हो रहा है। ग्रामीण ने मांग करते हुए कहा कि तालाबपुरा जूनियर हाई स्कूल के पास तथा वन विभाग चौकी के समीप आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित होने से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो पाएंगी। ज्ञापन में जिलाधिकारी से मांग की गई कि ग्रामीणों की सुविधा एवं बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर दोनों स्थानों पर आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत कराए जाएं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान करेगा।

# पिपरी पुलिस का अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कड़ा प्रहार

**● वाहन सहित लगभग 05 लाख रुपये कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद**

**03 अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा न्यायालय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा मादक पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पिपरी राजेश चौबे के कुशल नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना पिपरी पुलिस द्वारा चेकिंग एवं गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रनटोला क्षेत्र में एक संदिग्ध फिएट कार संख्या BR01AS8250 को घेराबंदी कर पकड़ा गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। मौके से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण मध्य प्रदेश से शराब लाकर बिहार में ऊँचे दामों पर बिक्री करने हेतु परिवहन कर रहे थे।अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना पिपरी पर मु0अ0सं0-93/2026 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर बरामद वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार क्रमशः-** गोलू कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी सोभी चक थाना पिपरा जनपद पलामू (झारखण्ड), उम्र करीब 24 वर्ष, जय प्रकाश कुमार पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी पिठौरा थाना पिपरा जनपद पलामू (झारखण्ड), उम्र करीब 28 वर्ष, हंशराज कुमार पुत्र तारा सिंह निवासी बेनीगढ़ थाना टडवा जनपद औरंगाबाद (बिहार), उम्र करीब 33 वर्ष।

अभियुक्तगणों के पास से बरामद 01 अदद फिएट कार संख्या BR01AS8250 ICONiQ White 180 ML कुल 480 शीशी (10 पेटी) Royal Stag 375 ML कुल 48 शीशी (02 पेटी)

BlenderÓs Pride 375 ML कुल 24 शीशी (01 पेटी) Signature Premier Grain Whisk4 180 ML कुल 48 शीशी (01 पेटी) कुल 14 पेटी लगभग 121.860 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 03 अदद एंड्रॉयड मोबाइल फोन, (वाहन सहित बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत लगभग 05 लाख रुपये।) गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष राजेश जी चौबे, थाना पिपरी, उ0नि0 जितेन्द्र सरोज, हे0का0 राजेश पासवान सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## चार माह के बकाया वेतन को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, कंपनी बाग में गूंजे नारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


कम्पनी बाग में प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकत्रियां

**ललितपुर।** चंद्रशेखर आजाद पार्क कंपनी बाग में आशा महासंघ से जुड़ी आशा कार्यकर्ताओं ने चार माह से लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचीं आशा बहनों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, टीकाकरण अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में लगातार कार्य करने के बावजूद उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है।

चार माह से वेतन न मिलने के कारण उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। आशा महासंघ की पदाधिकारियों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देकर भुगतान की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। मजबूर होकर उन्हें प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य योजनाओं के सफल संचालन का श्रेय तो लेती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली आशाओं की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने नियमित भुगतान व्यवस्था लागू करने और लंबित वेतन जल्द जारी करने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष आशा यादव, महामंत्री ममता झा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजना चौबे, कोषाध्यक्ष गीता पटेल, नीतू रानी, सरोज राजपूत, बेबी राजा, शिरोमणि के अलावा अनेकों आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




### मड़ावरा प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा ने की कार्रवाई

**ललितपुर।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मड़ावरा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना मड़ावरा में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 124/2026 धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 में वांछित अभियुक्त गोलू राजा उर्फ हरदेव सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी ग्राम हंसरी थाना मड़ावरा जनपद ललितपुर को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की उम्र लगभग 23 वर्ष बताई गई है। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक थाना मड़ावरा मनोज मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ मिलकर अंजाम दिया।

## सागोबांध होम्योपैथिक चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नदारद, दोनों हॉस्पिटल एक ही कैंपस में संचालित

**● रसूखदारों के संरक्षण में फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा सागोबांध पीएचसी, होम्योपैथिक चिकित्सालय सागोबांध में लटक रहा ताला, ग्रामीणों ने किया कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**म्योरपुर( बीजपुर)/सोनभद्र-** जनपद के म्योरपुर ब्लॉक अंतर्गत सागोबांध स्थित नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सेवाएं इन दिनों बदहाल नजर आ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र पर एलोपैथिक् व होम्योपैथिक डॉक्टर अक्सर नदारद रहते हैं, जिसके चलते पूरा स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट के भरोसे संचालित हो रहा है और कुछ तथाकथित लोगों के द्वारा उक्त डॉक्टर का बचाव करने का मामला सामने आया जहाँ लोग वर्षो से गायब रहकर घर बैठे वेतन उठा रहे हैं। जिसके क्रम में मौके पर उपस्थित फार्मासिस्ट से जब पूछा गया कि यहाँ होम्योपैथिक चिकित्सालय कहाँ संचालित है जिस पर फार्मासिस्ट अनभिज्ञता जाहिर किया । सबसे बड़ा सवाल कि उसी कैंपस में होम्योपैथिक चिकित्सालय संचालित है तो उसकी जानकारी कैसे नहीं है और किसी भी प्रकार का जबाव देने से साफ इंकार किया बल्कि अपने बचाव पक्ष में स्थानीय लोगों को जरूर बुलाया।

ग्रामीणों का कहना है कि मामूली इलाज से लेकर दवा वितरण तक का कार्य फार्मासिस्ट द्वारा किया जा रहा है, जबकि मरीजों को डॉक्टर से परामर्श नहीं मिल पा रहा। दूर-दराज गांवों से आने वाले मरीजों को कई बार निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र को 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के रूप में विकसित किया गया है, लेकिन डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण लोगों को अपेक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से नियमित डॉक्टर की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर इलाज मिल सके।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो ग्रामीणों को गंभीर परिस्थितियों में निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ेगा, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा। इस बावत सीएचसी म्योरपुर अधीक्षक डॉ. पी.एन. सिंह ने बताया कि संगोबांध के डॉक्टर का 3-3 दिन का ड्यूटी रोस्टर बनाया गया है। डॉक्टर 3 दिन बीजपुर एवं 3 दिन संगोबांध प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को सेवाएं देंगे। वहीं सीएमओ सोनभद्र ने कहा कि मामले की पूरी जानकारी उनके पास नहीं है और उन्होंने कहा कि इस संबंध में म्योरपुर अधीक्षक से बात करें।

## डस्ट प्रदूषण पर सख्त हुए जिलाधिकारी, प्रभावित क्षेत्रों में प्रतिदिन चलेगी स्मोक गन

**● नगर पंचायत डाला, ओबरा व अनपरा में विशेष अभियान शुरू, आर0 ओ0 पी0 सी0 बी0 करेगें मॉनिटरिंग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में डस्ट नियंत्रण एवं प्रदूषण निस्तारण को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कल आयोजित की गई। बैठक में जनपद के डस्ट प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नगर पंचायत डाला, ओबरा एवं अनपरा क्षेत्र के अधिक धूल प्रभावित इलाकों में स्मोक गन के माध्यम से प्रतिदिन नियमित जल का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह अभियान प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक तथा सायं 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक संचालित किया जाए, जिससे आमजन को धूल प्रदूषण से राहत मिल सके।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण शासन की प्राथमिकता में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क किनारे उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित पानी का छिड़काव, साफ-सफाई एवं निर्माण कार्यों में मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी आर0 ओ0 यू0 पी0 पी0 सी0 बी0 को नगर पंचायतों द्वारा कराए जा रहे छिड़काव कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें, ताकि जनपदवासियों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होने आर0ओ0 यू0 पी0 सी0 बी0 को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में संचालित कम्पनियों क्रसर प्लान्टों आदि का नियमित रूप से निरीक्षण टीम द्वारा किया जाये और अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले कम्पनियो/क्रसर प्लान्टों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि फ्लाई एस सड़को के किनारे अनाधिकृत तरीके से फेका हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, आर0 ओ0 यू0 पी0 पी0 सी0 बी अधिकारी आर0 के0 सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## ग्राम सभा की सार्वजनिक सड़क पर कब्जे का आरोप

**● ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण

**ललितपुर।** तहसील महरौनी क्षेत्र के ग्राम जिजयावन के ग्रामीणों ने ग्राम सभा की भूमि से निकली सार्वजनिक सड़क पर कथित अवैध कब्जे और बाड़ लगाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की सार्वजनिक सड़क, जिसका उपयोग वर्षो से आम आवागमन के लिए किया जाता रहा है, उस पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा कर बाड़ लगा दी गई है। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत पत्र में बताया गया कि दिनांक 18 मई 2026 को गांव के कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर निर्माण कार्य कराने और बाड़ लगाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इससे गांव में विवाद की स्थिति बन गई है तथा भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटवाकर रास्ते को पुनः चालू कराया जाए, जिससे गांव के लोगों का आवागमन सुचारु रूप से हो सके। साथ ही दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की अपील की है। पत्र देते समय शेर सिंह, भगवत सिंह, जितेन्द्र, शैलेन्द्र, महेन्द्र सिंह, मयंक, कुन्दन, ऊदल सिंह, अजय पाल के अलावा कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ देखा ईवीएम वेयर हाउस

### निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिये निर्देश

ललितपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने बुधवार को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन परिसर में स्थापित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ईवीएम भण्डार कक्ष में ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा में विधानसभावार सुरक्षित रखा गया है, वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी है। इस पर निर्देश दिये गए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम वेयर हाउस में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायें। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक धर्मेन्द्र मोर्या, चकबंदी कार्यालय व निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मी तथा राजनैतिक दलों में आम आदमी पार्टी से हरदयाल सिंह लोधी, बहुजन समाज पार्टी से अनेक सिंह राजपूत, संजय चौधरी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से जसपाल सिंह, राजा राजपाल सिंह, समाजवादी पाटी से प्रमोद इमलिया आदि उपस्थित रहे।

# गोरखपुरः भलोटिया मार्केट में थमा दवा कारोबार, ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में सड़कों पर उतरे व्यापारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
ब्यूरो/शत्रुघ्न मणि त्रिपाठी




**गोरखपुर।** शहर के प्रमुख दवा व्यापारिक केंद्र भलोटिया मार्केट में बुधवार को देशव्यापी आह्वान के तहत दवा व्यापारियों की एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। सुबह से ही भलोटिया मार्केट की अधिकांश दवा दुकानें बंद रहीं और दोपहर 12 बजे तक पूरा बाजार लगभग ठप नजर आया। दवा व्यापारियों ने अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री, मरीजों की सुरक्षा और छोटे केमिस्टों के संरक्षण की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। दवा विक्रेता समिति गोरखपुर के अध्यक्ष योगेंद्र नाथ दुबे और मंत्री आलोक चौरसिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में दवा व्यापारी एकत्र हुए। व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए 'जनस्वास्थ्य बचाओ,' अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री बंद करो' और 'छोटे केमिस्टों को संरक्षण दो' जैसे नारों के साथ विरोध जताया। इसके बाद व्यापारी जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के लिए रवाना हुए।

दवा व्यापारियों का कहना है कि इंटरनेट के माध्यम से हो रही अनियंत्रित और कथित अवैध दवा बिक्री मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। उनका आरोप है कि बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन और घर-घर दवा वितरण जैसी गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे मरीजों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। व्यापारियों ने ज्ञापन में कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का स्पष्ट प्रावधान नहीं है, इसके बावजूद कई ऑनलाइन कंपनियां वर्षो से दवाओं की बिक्री कर रही हैं। उन्होंने वर्ष 2018 की अधिसूचना ळ्रस्क्र 817(E) तथा कोविड काल में लागू GSR 220(E) के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए इन्हें वापस लेने की मांग की।

दवा विक्रेता समिति ने चार प्रमुख मांगें प्रशासन के सामने रखीं- अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक, बिना सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन दवा बिक्री और होम डिलीवरी पर प्रतिबंध, संबंधित अधिसूचनाओं की वापसी तथा ऑनलाइन कंपनियों की अत्यधिक छूट और प्रीडेटरी प्राइसिंग पर रोक। व्यापारियों ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान दवा विक्रेताओं ने निर्बाध दवा आपूर्ति कर स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा था। ऐसे में छोटे केमिस्टों के हितों की रक्षा और जनस्वास्थ्य सुरक्षा के लिए सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। हड़ताल के दौरान भलोटिया मार्केट में बंदी का पूरा असर दिखाई दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## आंधी तूफान से उद्यान फसलों को क्षति होने पर किसान दें सूचना- जिला उद्यान अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि जनपद में आंधी-तूफान से औद्यानिक फसल में यदि 33 प्रतिशत से अधिक क्षति हुई है यथा बाग में समूह में पेड़ गिर गये हैं और क्षति 33 प्रतिशत से अधिक परिलक्षित हो रही है तो इसकी सूचना मय फोटोग्राफ कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कटरा रोड प्रतापगढ़ में उपलब्ध कराये, जिससे सर्वेक्षण कराकर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

## नगरीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में आयु सत्यापन हेतु नए निर्देश जारी

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत वार्ड/नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे वृद्धजनों को बड़ी राहत दी गई है, जिनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाणपत्र अथवा परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध नहीं है। शासनादेश के अनुसार अब ऐसे आवेदकों की आयु सत्यापन के लिए अन्य वैकल्पिक अभिलेख मान्य होंगे। जारी निर्देशों के अनुसार नगरीय क्षेत्र के आवेदक अपनी आयु प्रमाणित करने के लिए राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट अथवा पैन कार्ड का उपयोग कर सकेंगे। यह व्यवस्था केवल नगरीय क्षेत्र के आवेदकों पर लागू होगी। इसके साथ ही आवेदक को निर्धारित प्रारूप पर स्व-घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, जिसमें यह उल्लेख करना होगा कि उनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं है तथा क्षेत्र में परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर भी नहीं बनाया गया है। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। आवेदकों को उपरोक्त मान्य अभिलेखों में से किसी एक को ऑनलाइन आवेदन के समय अपलोड करना होगा।

## अमरपुर से दैलवारा मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर भाकिसं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने ग्राम अमरपुर से ग्राम दैलवारा तक मंडी समिति द्वारा संचालित सड़क की खराब स्थिति को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सड़क की जर्जर हालत सुधारने की मांग की गई। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अमरपुर से दैलवारा जाने वाला मार्ग पूरी तरह खराब हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे किसानों एवं आम राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात एवं गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक खराब हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी रास्ते से किसान अपनी कृषि उपज मंडी तक पहुंचाते हैं। सड़क खराब होने के कारण वाहनों के खराब होने का खतरा बना रहता है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बढ़ रही है। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने मांग की कि मंडी समिति द्वारा संचालित इस मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और आवागमन सुगम हो सके। इस दौरान भारतीय किसान संघ के कई पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## सिद्धार्थनगर में मार्ग दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंडितपुर निवासी सुजीत कुमार चौहान अपनी पत्नी को ससुराल से विदा कराकर बाइक से घर लौटते समय बाइक रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। बाइक पर दो मासूम बच्चों समेत कुल 5 लोग सवार थे। रास्ते में गड्ढे से बाइक उछली और पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने से उसे जिला स्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार शाम कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुहवा टोला पंडितपुर उत्तरी निवासी सुजीत कुमार चौहान अपनी पत्नी सन्नी चौहान को लेने ससुराल पकड़ी गये थे। बताया जाता है कि वहां सास से उसकी कहासुनी भी हुई थी। बाद में वह पत्नी, दो बच्चों और एक साथी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे । शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के सियांव गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास सड़क पर गड्ढे के कारण बाइक में जोरदार झटका लगा और सन्नी नीचे गिर पड़ी। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और मामले की जांच कर रही है।

# डीसीपी यातायात ने दी बस स्टैंड के बाहर खड़ी बसों के ड्राइवरों को चेतावनी, अतिक्रमण हटवाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** दिनांक 20.05.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के अंतर्गत झकरकटी बस अड्डा व टाटमिल चौराहा का भौतिक निरीक्षण किया गया। बस स्टैंड के बाहर रोडवेज बस ड्राइवर अनाधिकृत रूप से बसों को सड़कों पर खड़ा करके सवारी भरते हैं।

निरीक्षण के दौरान डीसीपी यातायात द्वारा यातायात व्यवस्था, सड़क पर वाहन दबाव, अवैध पार्किंग, ई-रिक्शा एवं ऑटो संचालन , सड़क किनारे अतिक्रमण तथा प्रमुख चौराहों पर यातायात संचालन की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। झकरकट्टी बस स्टैंड के बाहर अनाधिकृत रूप से सड़क पर खड़ी परिवहन निगम की बस चालकों एवं परिचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में निर्धारित स्थानों पर ही बसों को खड़ा करने के निर्देश दिए गए । साथ ही बस अड्डे के बाहर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया, जिससे यातायात संचालन को सुचारु एवं बाधारहित बनाया जा सके। सभी चौराहों/तिराहों से कम से कम 100 मीटर तक ई-रिक्शा एवं ऑटो खड़े ना हो तथा सड़क पर अनावश्यक रुकने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं यातायात कर्मियों को निर्देशित किया गया कि यातायात को सुगम , सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीसीपी यातायात द्वारा बताया गया कि ' Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' का उद्देश्य शहरवासियों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान एआरएम रोडवेज, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, संबंधित जोन टीआई ,SHO रेलबाज़ार व थाना बाबूपुरवा का पुलिस बल मौजूद रहा।

## दोना पत्तल फैक्ट्री में आगजनी से हडकंप, लाखों का हुआ नुकसान



**लालगंज, प्रतापगढ़।** शार्टसर्किट से मिनी फैक्ट्री में आग लगने से बुधवार को इलाके में हडकंप मच गया। लालगंज कोतवाली के अगई गांव में बुधवार की सुबह करीब पौने आठ बजे दोना पत्तल के लिए बनी मिनी फैक्ट्री में अचानक आग फैल गयी। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भी भयभीत हो उठे। अगई गांव के आशीष तिवारी ने दोना पत्तल निर्मित करने के लिए फैक्ट्री लगा रखी है। आगजनी के कारण शार्टसर्किट माना जा रहा है। काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण किया जा सका। पीड़ित आशीष के मुताबिक करीब बारह लाख के उपकरण आदि का नुकसान हुआ है। सूचना पर 112 डॉयल पुलिस भी मौके पर पहुंची। वही फायर बिग्रेड की टीम ने भी आग को काबू पाने के लिए जमकर मशक्कत किया।

## कानपुर में बढ़ती बिजली कटौती पर जनता में नाराजगी, केस्को व्यवस्था पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** कानपुर शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। दिन हो या रात, कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी के बीच बच्चे, बुजुर्ग, नौकरीपेशा लोग और छात्र सबसे ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं।

शहरवासियों का कहना है कि जब से नई केस्को एमडी नेहा जैन ने कार्यभार संभाला है, तब से बिजली व्यवस्था पहले के मुकाबले अधिक खराब हो गई है। लोगों के बीच यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि आखिर अचानक इतनी अधिक कटौती क्यों होने लगी है? स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि दिन में कई-कई घंटे बिजली गायब रहती है, जबकि रात में भी लगातार ट्रिपिंग और कटौती से लोगों की नींद तक पूरी नहीं हो पा रही। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और बुजुर्ग गर्मी में बेहाल हैं।

लोगों का यह भी कहना है कि शिकायत करने पर बिजली विभाग के अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। ऐसे में जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है। कई इलाकों के निवासियों ने सवाल उठाया कि क्या अधिकारी रात में खुद आराम से सोते हैं और आम जनता की परेशानियों से उन्हें कोई मतलब नहीं? शहरवासियों ने मांग की है कि केस्को प्रशासन बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार करे, फॉल्ट और कटौती की सही जानकारी सार्वजनिक करे तथा शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जयंती पर किए गए याद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था द्वारा प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती पर एक संगोष्ठी हुई जिसमें उनके विशाल साहित्यिक प्रदेय पर प्रकाश डाला गया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्रमुख साहित्यकार एवं पूर्व एडीआईओएस डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' ने कहा कि कौसानी अल्मोड़ा में जन्मे महान कवि पन्त ने कालाकांकर के राजप्रासाद को अपना कर्मक्षेत्र बनाया। नक्षत्र कुटिया में रह कर उन्होंने अनेक कालजयी रचनाएं लिखीं। विशिष्ट लेखन से वह साहित्य के सूर्य बन गए। मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि पंत जी ने अपने काव्य में प्रकृति का अनूठा चित्रण किया है। उनको हिन्दी का विलियम वर्ड्सवर्थ कहा जाता है। शिक्षाविद शायरा डॉ. शाहिदा ने कहा कि पंत युगांतरकारी रचनाकार थे। वे साहित्य के मौलिक सृजेता थे।संचालन कवि कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री ने किया। इस अवसर पर श्रीनाथ मौर्य सरस, आनन्द मोहन ओझा, राकेश कनौजिया, राधेश्याम दीवाना ने विचार व्यक्त किया।

## दुष्कर्म व पास्को का वांछित धराया, गया जेल

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुष्कर्म व पास्को के मुकदमे मे वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। उदयपुर थाना के दरोगा नंदलाल यादव बुधवार की सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने क्षेत्र के रामपुर कसिहा तिराहे के पास से दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट के मुकदमे मे वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित सांगीपुर थाना के अमान का पुरवा भोजपुर निवासी विकास सरोज पुत्र फूलचंद्र सरोज को जेल भेज दिया गया।

## गलत ढंग से पार्क किए गए वाहनों पर कानपुर यातायात पुलिस की सख्त कार्यवाही

● सावधानीपूर्वक एवं निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करें, अन्यथा वाहन के विरुद्ध चालान/क्रेन कार्यवाही की जाएगी।

विगत 4 दिनों में 100 से अधिक गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों पर कार्यवाही करते हुए यातायात क्रेन द्वारा वाहनों को हटाया गया। रामादेवी क्षेत्र में अवैध पार्किंग के विरुद्ध ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्यवाही जारी..

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** दिनांक 20.05.2026 को रामादेवी क्षेत्रांतर्गत यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध एवं गलत तरीके से सड़क पर खड़े चार पहिया वाहनों के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान सड़क पर अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों को क्रेन के माध्यम से उठवाकर थाना चकेरी भेजा गया। ज्ञातव्य है कि विगत दिनों में ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क पर गलत ढंग से पार्क किए गए 100 से अधिक वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा चुकी है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा यातायात बाधित करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।

सभी वाहन स्वामी सावधान रहें, निर्धारित पार्किंग स्थलों के अतिरिक्त सड़क पर वाहन खड़ा न करें। अवैध पार्किंग से न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि आमजन को असुविधा एवं दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध वाहन सीज/चालान सहित विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कानपुर ट्रैफिक पुलिस आमजन से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

# राहुल गांधी से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी

● संगठन सृजन अभियान की सफलता व संगठनात्मक कार्यों की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने बुधवार को रायबरेली स्थित भुएमऊ गेस्ट हाउस में नेता विपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जिले की राजनीतिक स्थिति, संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

डॉ. त्रिपाठी ने राहुल गांधी को प्रतापगढ़ में संगठन सृजन अभियान की सफलता, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने और स्मार्ट प्रीपेड मीटर,पेट्रोलियम पदार्थों में बेतहाशा वृद्धि,महंगाई जैसे मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों की जानकारी दी।राहुल गांधी ने प्रतापगढ़ में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए डॉ. नीरज त्रिपाठी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर कांग्रेस का संघर्ष जारी रहना चाहिए और कार्यकर्ता हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाए।

बैठक में प्रदेश और जिले की आगामी राजनीतिक रणनीति पर भी चर्चा हुई।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह प्रिंशु, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर, नूर आलम सहित प्रतापगढ़ कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।



## पत्नी मायके गई तो युवक ने लगा ली फांसी, मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम अलीदापुर के गौराबाजार में मंगलवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पारिवारिक कलह और घरेलू तनाव को घटना का कारण बताया जा रहा है। मृतक अपने पीछे बूढ़े माता-पिता, चार भाई और दो बच्चे को छोड़ गया है। मृतक की पहचान प्रदीप कुमार गुप्ता (30) पुत्र जवाहिर के रूप में हुई है। वह शादी-विवाह कार्यक्रमों में कैटरिंग का काम कर परिवार का जीविका चलता था।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से उसका पारिवारिक माहौल ठीक नहीं चल रहा था। पत्नी नीलम उर्फ गुड़िया से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद वह नाराज होकर अपने रिश्तेदारी में चली गई थी। इस घटना के बाद से प्रदीप मानसिक तनाव में रहने लगा था।मंगलवार रात प्रदीप ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। बुधवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के सदस्यों ने उसे जगाने की कोशिश की। अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उन्होंने दरवाजा खोला। दरवाजा खोलने पर प्रदीप का शव फंदे से लटका



मृतक फाइल फोटो

मिला। यह देखकर परिवार में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर थाना चिल्हिया पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने कमरे और आसपास के हालात का भी निरीक्षण किया। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## मानदेय वृद्धि पर शिक्षक विधायक से मिला प्राथमिक शिक्षामित्र संघ का प्रतिनिधि मण्डल



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यादव के नेतृत्व में बुधवार को संगठन के पदाधिकारीयों के साथ गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन खंड के शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट कर उनका माल्यार्पण एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस दौरान शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस मानदेय वृद्धि से ही बहुत कुछ होने वाला नहीं है। शिक्षामित्र संघ मिशन को और आगे बढ़ाये, और सम्मान जनक मानदेय वृद्धि तक अपनी लड़ाई जारी रखें। हमारे स्तर से जो भी सहयोग होगा सदैव तत्पर रहते हुए तैयार मिलेंगें। इस अवसर पर जिला संरक्षक श्याम नरायण त्रिपाठी, संघ के जिला महामंत्री यशवंत सिंह, ब्लाक अध्यक्ष उसका अवनींद्र वहादुर सिंह, नागेंद्र प्रसाद, अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, पन्नालाल, रामजीत, चन्द्र किशोर, शिव कुमार यादव, रणविजय सिंह, अशोक कुमार यादव, विनय कुमार, अनुपम कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट, लूट और धमकी देने का आरोप

● जगदंबिका पाल व विधायक श्यामधनी राही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र की एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, तोड़फ़ोड़, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। थाना स्तर पर कार्रवाई न होने से नाराज पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता रामदेवी पत्नी मेहरवान सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 16 मई 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपनी सास के साथ घर पर मौजूद थीं। तभी गांव के ही कल्लू सोनी पुत्र सुन्दर सोनी, डोलू सोनी पुत्र सुन्दर सोनी, विजय पुत्र कल्लू सोनी, मधुर सोनी पुत्र डोलू सोनी समेत 10-15 अज्ञात लोग उनके घर पहुंचे और गेट तोड़कर जबरन अंदर घुस आए। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, घर में तोड़फ़ोड़ की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों



ने कमरे का ताला तोड़कर जेवरात भी चोरी कर लिए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल होने की बात कही जा रही है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं तथा आए दिन गांव में विवाद करते रहते हैं। जाते समय उन्होंने धमकी दी कि जहां जाना हो चली जाओ, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। महिला ने बताया कि घटना के तुरंत बाद थाना मड़ावरा में लिखित शिकायत दी गई थी तथा उसके बेटे द्वारा पूरी घटना का वीडियो भी पुलिस को दिखाया गया, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस द्वारा समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता और उसके परिवार ने जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस अधीक्षक से तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## थाना बार पुलिस ने 85 हजार रुपये के खोए मोबाइल बरामद कर लौटाई लोगों की मुस्कान

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में थाना बार पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए दो गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 85 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ितों ने ललितपुर पुलिस एवं थाना बार पुलिस की प्रशंसा की। एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना बार पुलिस को खोए हुए मोबाइल फोन के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नियमानुसार जांच की गई। थाना बार पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण कर भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल पर संबंधित विवरण अपलोड किया। इसके बाद विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त तकनीकी डेटा एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर दोनों मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद कर लिया गया। बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना बार श्री रमेश चन्द्र मिश्रा एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल राय शामिल रहे। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल फोन खोने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करें तथा पोर्टल पर मोबाइल ब्लॉक कराने की प्रक्रिया पूर्ण करें।

# बिजली विभाग का महाघोटाला कागजों पर 11 लाइनमैन, फील्ड में सिर्फ 3! भाकियू के धरने में SDO के उड़े होश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीघापुर (उन्नाव)।** बीघापुर विद्युत उपकेंद्र में चल रहा भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। भारतीय किसान क्रांति यूनियन के धरने के दौरान एक के बाद एक ऐसे खुलासे हुए, जिसने SDO (उपखंड अधिकारी) और पूरे स्टाफ को कटघरे में खड़ा कर दिया। पहले बिजली आपूर्ति का फर्जीवाड़ा और अब लाइनमैनों की संख्या में बड़ा झोल सामने आने से विभाग में हड़कंप मच गया है।

» वरिष्ठ मंडल मीडिया प्रभारी अंकित सिंह ने गरजते हुए विभाग को दिया 5 दिन का अल्टीमेटम » धरने में सबसे मुख्य और आक्रामक भूमिका निभाते हुए वरिष्ठ मंडल मीडिया प्रभारी अंकित सिंह ने बिजली विभाग के भ्रष्टाचार पर जमकर प्रहार किया। अंकित सिंह ने जलते हुए तेवरों के साथ स्डेह को सीधे चेतावनी देते हुए कहा

» 'बिजली विभाग के अधिकारी कान खोलकर सुन लें, किसानों के सब्र का इम्तिहान लेना तुरंत बंद करें! एसी कमरों में बैठकर सरकारी रजिस्टर पर 23 घंटे की फर्जी जादुई बिजली दिखाने वाले इन भ्रष्ट अफसरों को हम सड़कों पर घसीट लाएंगे। जनता को अंधेरे में रखकर और कागजों पर 11 लाइनमैनों की फर्जी फौज खड़ी करके जो भ्रष्टाचार की मलाई खाई जा रही है, उसका एक-एक पाई का हिसाब इसी बीघापुर की धरती पर लिया जाएगा। हमारी सीधी धमकी है कि विभाग को 5 दिन का समय दिया जा रहा है, अगर इन 5 दिनों के अंदर बिजली व्यवस्था और लाइनमैनों की तैनाती का रवैया दुरुस्त नहीं किया गया, तो इसके बाद ऐसा विशाल और उग्र धरना-प्रदर्शन होगा और इस पावर स्टेशन में ऐसा ऐतिहासिक ताला ठोकेंगे कि लखनऊ तक के अधिकारियों की कुर्सियां हिल जाएंगी!

» भारतीय किसान क्रांति यूनियन के इस विशाल धरने में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश महासचिव बृजेंद्र प्रताप सिंह 'राजू', युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कार्तिकेय दीक्षित और जिला प्रभारी अंबुज सिंह चौहान शामिल हुए। इन सभी वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में जब किसानों ने अधिकारियों को घेरा, तो विभाग के रिकॉर्ड खंगालने पर एक सनसनीखेज सच सामने आया।

» सरकारी आंकड़ों और रजिस्टर में बीघापुर क्षेत्र के लिए 11 लाइनमैन तैनात दिखाए गए हैं, ताकि कागजी तौर पर व्यवस्था को दुरुस्त दिखाया जा सके। लेकिन जब पदाधिकारियों ने जमीनी हकीकत पूछी, तो पता चला कि फील्ड में केवल 3 लाइनमैन ही काम कर रहे हैं! बाकी के 8 लाइनमैन कहां हैं और उनके नाम पर क्या खेल हो रहा है, इस पर स्डेह पूरी तरह निरुत्तर हो गए।

» उत्तर प्रदेश महासचिव बृजेंद्र प्रताप सिंह 'राजू' और जिला प्रभारी अंबुज सिंह चौहानसाथ में पूर्व सैनिकवर्तमान शिक्षक संजय पांडे जी ने संयुक्त रूप से कहा यह सीधे-सीधे जनता के पैसों का दुरुपयोग और बड़ा घोटाला है। कागजों पर 11 लाइनमैन दर्ज हैं, लेकिन जब गांवों में तार टूटता है या ट्रांसफार्मर फुंकता है, तो उपभोक्ता लाइनमैन के लिए तरस जाते हैं। सिर्फ 3 लाइनमैनों के भरोसे पूरा क्षेत्र छोड़ दिया गया है। '

**युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कार्तिकेय दीक्षित ने SDO के रजिस्टर की पोल खोलते हुए कहा:** 'अधिकारियों ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए रजिस्टर में 23 घंटे आपूर्ति लिख रखी है, जबकि हकीकत यह है कि चौबीस घंटे में 4 से 5 घंटे और बहुत खींचतान कर 8 घंटे भी बिजली नसीब नहीं हो रही है। इस झूठ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। '

### उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग

इस दोहरे फर्जीवाड़े (23 घंटे की फर्जी बिजली और 11 की जगह सिर्फ 3 लाइनमैन) को पकड़ने के बाद किसान नेताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने मौके पर ही उच्च अधिकारियों से बात कर इस पूरे बिजली घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# चकबंदी विभाग में बड़ी कार्रवाई

» लंबे समय से अनुपस्थित दो चकबंदी लेखपाल निलंबित
» बंदोबस्त अधिकारी राकेश कुमार ने शुरू कराई विभागीय जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** चकबंदी विभाग में अनुशासनहीनता एवं शासकीय कार्यों में लापरवाही पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार सिंह ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे दो चकबंदी लेखपालों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों प्रकरणों में विभागीय जांच भी प्रारंभ कर दी गई है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकुश कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शासकीय कार्यों में लापरवाही, आदेशों की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जनहित प्रभावित करने वाले मामलों में विभाग द्वारा लगातार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चकबंदी लेखपाल शाहनवाज खान को पूर्व में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में संबद्ध किया गया था, लेकिन उन्होंने निर्धारित आदेशों का पालन नहीं किया और बिना अनुमति लंबे समय तक अनुपस्थित रहे। विभागीय जांच के दौरान भी उनके द्वारा आरोपों का कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया तथा जांच में सहयोग नहीं किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर सहायक चकबंदी अधिकारी क्षेत्र मसौराखुर्द से संबद्ध कर दिया गया है। इसी क्रम में चकबंदी लेखपाल सपना गुप्ता के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार श्रीमती सपना गुप्ता द्वारा विभिन्न अवधियों में शिशु देखभाल अवकाश एवं अवैतनिक अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन इसके बाद भी वह 17 फरवरी 2024 से लगातार लंबे समय तक अनुपस्थित रहीं। कार्यालय द्वारा उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, किन्तु उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस संबंध में पूर्व में चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भी आवश्यक पत्राचार किया गया था। प्रकरण को गंभीर मानते हुए बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार सिंह ने श्रीमती सपना गुप्ता को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया तथा निलंबन अवधि में उन्हें सहायक चकबंदी अधिकारी क्षेत्र रजवारा से संबद्ध किया गया है। दोनों मामलों में विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जांच को निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के लिए संबंधित चकबंदी अधिकारियों को जांच अधिकारी नामित किया गया है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि आरोप पत्र जारी कर निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच आख्या प्रस्तुत की जाए। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि चकबंदी विभाग में कार्य संस्कृति को मजबूत करने, जनहित के कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने तथा शासन की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अनुशासनहीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध आगे भी कठोर प्रशासनिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## लोनी में ट्रैक्टर से टक्कर के बाद सड़क पर गिरी स्कूटी सवार शिक्षिका, सिर कुचलते हुए भागा ड्राइवर



**लोनी।** लोनी थाना क्षेत्र में बंथला चिरौड़ी मार्ग पर स्कूल जाते समय स्कूटी सवार शिक्षिका की एक ईट से भरे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपित चालक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। टीला मोड़ की भारत सिटी सोसायटी सोसायटी निवासी 55 वर्षीय चेताली बैनर्जी पत्नी देवाशीष बैनर्जी बंथला चिरौडी रोड़ स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी। बुधवार सुबह वह स्कूटी से स्कूल जा रही थी। जब वह बंथला चिरौड़ी रोड स्थित आईसीडी कंटेनर डिपो के सामने पहुंची इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे ईट से भरे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी।

**सिर को कुचलता निकल गया ट्रैक्टर का पहिया**

संतुलन बिगड़ने से वह रोड पर गिर गई और ट्रैक्टर का पहिया उनके सिर को कुचलता हुआ निकल गया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद चालक मौके से ट्रैक्टर समेत फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पति को हादसे की जानकारी देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गाजियाबाद में उड़ा सीएम योगी के आदेशों का फ्यूज, गर्मी में रात-रात भर बिजली गायब; अंधाधुंध कटौती से बेहाल



**साहिबाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता को 24 घंटे बिजली देने के दावे तक रहे हैं। इसके लिए उन्होंने बीते दिनों विद्युत निगम के अधिकारियों को आदेश भी दिए गए हैं, लेकिन स्थानीय अधिकारी मुख्यमंत्री के दावों को परवान नहीं चढ़ने दे रहे हैं। मुख्यमंत्री के आदेश को ताक पर रख 46 डिग्री सेल्सियस तापमान में अंधाधुंध बिजली कटौती की जा रही है। कहीं रातभर बिजली कटौती हो रही है तो कहीं पूरे दिन बिजली गायब रहती है। टीला मोड की इंद्रप्रस्थ कालोनी में करीब 15 हजार से अधिक लोग रहते हैं। बीते चार दिन से लोग अंधाधुंध बिजली कटौती से जूझ रहे हैं। सोमवार रात करीब 11 बजे भी यहां की बिजली गुल हो गई। लोग रातभर अधिकारियों से गुहार लगाते रहे, लेकिन आपूर्ति सामान्य नहीं हुई। यहां तक की लोग एकत्रित होकर बिजलीघर भी पहुंच गए। वहां से भी लोगों को निराशा ही हाथ लगी। करीब चार घंटे बाद बिजली आपूर्ति सामान्य हुई। इसके बाद सुबह में फिर से बिजली गुल हो गई। बिन बिजली के भीषण गर्मी में यहां के लोगों का बुरा हाल है। लोगों का कहना है कि दिनभर नौकरी करो। इसके बाद कालोनी में आकर बिजली नहीं मिलती।

**लो-वोल्टेज ने किया परेशान**

इंद्रप्रस्थ कालोनी में दिन में बिजली आई, लेकिन वह भी लो-वोल्टेज रहे। करीब 167 से 180 के बीच ही वोल्टेज बने रहे। लो-वोल्टेज के कारण लोग गर्मी से बचाव के उपकरण नहीं चला सके।

**बच्चे, बुजुर्ग हो रहे बीमार**


लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में बुरा हाल है। बची हुई कमी बिजली कटौती ने पूरी कर दी है। बिन बिजली के घरों के एसी, कूलर व पंखे नहीं चल पा रहे हैं। इससे बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी में बच्चे व बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं।

**इन इलाकों में भी खूब हुई बिजली कटौती**

मंगलवार को ट्रांस हिंडन के वसुंधरा, वैशाली, कौशांबी, इंदिरापुरम, लाजपत नगर समेत ज्यादातर इलाकों में खूब बिजली कटौती हुई। दिनभर बिजली का आना-जाना लगा रहा। तमाम शिकायतों के बाद भी लोगों को बिजली कटौती से जूझना पड़ा।

# दुनिया की कोई ताकत भारत को विकसित बनने से नहीं रोक सकती... दक्षिण कोरिया में बोले राजनाथ सिंह

**● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दक्षिण कोरिया दौरे पर हैं. सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के विकास और भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्री भारत के विकास मॉडल को कल्याणकारी राजनीति का नया उदाहरण मान रहे हैं, जिससे लोगों का जीवन बेहतर हो रहा है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दक्षिण कोरिया दौरे पर हैं. सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के विकास और भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत में हुए परिवर्तन ने यह भरोसा दिलाया है कि देश तेजी से विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और दुनिया की कोई ताकत इसे रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्री भारत के विकास मॉडल को कल्याणकारी राजनीति का नया उदाहरण मान रहे हैं, जिससे लोगों का जीवन बेहतर हो रहा है. राजनाथ ने कहा कि बार-बार किसी नेता, किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव जीतना यह केवल एक राजनीतिक जीत नहीं है, लोगों का विश्वास किस हद तक उस नेता के प्रति है इसका यह स्पष्ट संकेत है और इस दृष्टि से हमारे प्रधानमंत्री मोदी ऐसे नेता बन गए हैं जो लंबे समय तक राष्ट्राध्यक्ष बन गए हैं।

**रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए हुए समझौते**

इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियोल में दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री आन ग्यू बैक से मुलाकात की. दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग में साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की. उन्होंने भारत-दक्षिण कोरिया रक्षा, रक्षा उद्योग और रणनीतिक सहयोग को और मज़बूत करने पर चर्चा की.सोशल मीडिया पोस्ट में रक्षा मंत्री ने कहा कि इस अत्यंत उपयोगी बैठक में दोनों देशों ने रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौतों का आदान-प्रदान किया. यह समझौता ज्ञापन भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, कोरिया राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना सहयोग के बीच हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं।

**बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि**

इससे पहले, राजनाथ सिंह ने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी. रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका साहस, समर्पण और देशभक्ति की भावना प्रेरणा का शाश्वत स्रोत बनी रहेगी. उन्होंने कहा कि भारत अपने नायकों की विरासत का सम्मान करने में दक्षिण कोरिया के साथ एकजुटता से खड़ा है।

## दिल्ली सरकार की लॉन्च की 'सपनों की उड़ान', दिल्ली टैलेंट हंट योजना में 25 हजार युवाओं की प्रतिभा को मिलेगा मंच





दिल्ली सरकार ने युवाओं की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने के उद्देश्य से 'दिल्ली टैलेंट हंट योजना' शुरू की है। इस योजना को 'सपनों की उड़ान' नाम दिया गया है। योजना के तहत राजधानी के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। योजना के शुभारंभ के दौरान रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है ताकि दिल्ली के युवा अपनी क्षमता, रचनात्मकता और मेहनत के दम पर नई पहचान बना सकें। सरकार के अनुसार इस योजना में करीब 25 हजार युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिभागियों को गायन, नृत्य, रंगमंच, ललित कला, डिजिटल कला, वाद्य संगीत और संगीत रचना जैसे क्षेत्रों में मंच उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा और संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। सरकार का कहना है कि योजना के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ आगे बढ़ने और करियर के नए अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# क्या 'धुरंधर-2' में सेना के ऑपरेशन की जानकारी उजागर हुई?

**● दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार और सीबीएफसी से मांगा जवाब**

**दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र और सीबीएफसी को रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' के खिलाफ आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और (सीबीएफसी) को निर्देश दिया कि वे अभिनेता रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज (धुरंधर 2) के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच करें। याचिका में दावा किया गया है कि फिल्म में भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशनों से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां दिखाई गई हैं, जिससे देश की सुरक्षा और अखंडता को खतरा हो सकता है।

**गोपनीय सूचनाएं सार्वजनिक करने का आरोप**

यह जनहित याचिका सशस्त्र सीमा बल के हेड कांस्टेबल दीपक कुमार ने दायर की है। उन्होंने अदालत से कहा कि फिल्म में कुछ सैन्य अभियानों के स्थान, उच्च पदस्थ अधिकारियों और शहीद सैन्यकर्मियों से मिलते-जुलते पात्रों को इतने स्पष्ट तरीके से दिखाया गया है कि इससे गोपनीय सूचनाएं सार्वजनिक हो सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ ने कहा कि भले ही फिल्म काल्पनिक हो और मनोरंजन के उद्देश्य से बनाई गई हो, लेकिन सुरक्षा बल के एक कर्मी द्वारा उठाई गई चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सीबीएफसी को निर्देश दिया कि वे याचिका को एक प्रतिनिधित्व के रूप में स्वीकार करें और यह जांचें कि क्या फिल्म ने ऑफिस सीक्रेट्स एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने कहा, 'फिल्म भले ही काल्पनिक हो, लेकिन उसके प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता।'

**राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरा**

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि फिल्म में दिखाए गए कुछ दृश्य और पात्र वास्तविक सैन्य अभियानों से काफी मिलते-जुलते हैं, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। गौरतलब है कि आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर और धुरंधर 2 दोनों ही बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल रही हैं। दोनों फिल्मों ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है और दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से भी सराहना प्राप्त की है।

# दिल्ली-NCR समेत यूपी के कई जिलों में चलेगी भीषण लू, 25 मई तक IMD का ऑरेंज अलर्ट

**● राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने 25 मई तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें दिल्ली में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है और लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर के कई जिलों में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक लू और भीषण लू चलने की चेतावनी जारी करते हुए 25 मई तक ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को घर से बाहर निकलते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**यूपी के भी इन जिलों में भीषण लू की चेतावनी**

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, भदोही, एटा, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हाथरस, कानपुर नगर, मैनपुरी, मथुरा और मिर्जापुर में कई स्थानों पर लू से लेकर भीषण लू चलने की संभावना है।

**दिल्ली में 45 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान**

दिल्ली में गर्मी लगातार तेज होती जा रही है। पूरे सप्ताह राजधानीवासियों को झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार दिनभर आसमान साफ रहेगा और तेज धूप निकलेगी। इसके साथ ही गर्म हवा के थपेड़े लोगों की परेशानी बढ़ाएंगे।

**25 मई तक ऑरेंज अलर्ट**

आईएमडी ने दिल्ली के लिए 25 मई तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब है कि मौसम की स्थिति स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए।

## सिलापथार चीली में भयानक रेल हादसे बचे सोमू भरे यात्री



**असम धेमाजी।** असम धेमाजी जिले की चीली में भयानक रेल हादसे बाल बाल बचे यात्री भरे टाटा सोमू वाहन। खबर अनुसार उन्मुक्त रेल क्रॉसिंग में एक यात्री भरे टाटा सोमू ने चीली में रेल लाइन पार करते समय लाइन के बीच में फस गया। उसी समय मूरकोंग सेलेक से सिलापथार की ओर आ रही तीव्रगती वाली ट्रेन को स्थानीय लोगों ने देखकर ट्रेन रखने की सिगनल दिया । ट्रेन चालक ने दूर से ट्रेन की गती कम कर ट्रेन को क्रॉसिंग के पास रख दिया। लोगों ने मिलकर तुरंत टाटा सोमू को ट्रेन लाइन से बाहर निकलकर एक भयानक हादसे से बचा लिया। ट्रेन को रखने के लिए लोगों ने ट्रेन के पायलट के मनवाता ओर उदारता के लिए आभार व्यक्त किया। घटना के बाद इलाके में आज इस विषय पर सामाजिक माध्यम पर मिश्रित चर्चा होते हुए दिखाई दे रहे है।

# वैभव सूर्यवंशी ने 7 प्लेयर्स को पछाड़कर फिर से ऑरेंज कैप पर जमाया कब्जा

**● राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 93 रन की शानदार पारी खेलकर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राजस्थान रॉयल्स के युवा सेंसेशन वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर से नंबर-1 की स्पॉट पर कब्जा जमा लिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मैच में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स पर 7 विकेट से जीत दर्ज की। 221 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 15 साल के वैभव ने 93 रन की आतिशी पारी खेली और इस पारी के बाद उन्होंने सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट यानी ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाया। इससे पहले लखनऊ की ओर से पहली पारी में मिचेल मार्श ने 96 रन बनाए थे और उन्होंने ऑरेंज कैप की टॉप पोजीशन हासिल की थी, लेकिन कुछ ही घंटे बाद वैभव ने उनसे ऑरेंज कैप छीन ली।

**वैभव के सिर सजी हैं ऑरेंज कैप**

दरअसल, मिचेल मार्श ने लखनऊ के लिए खेलते हुए आरआर के खिलाफ 96 रन की शानदार पारी खेली और इस पारी के साथ ही उन्होंने आईपीएल 2026 में 13 पारी खेलने के बाद 563 रन बना लिए हैं। उन्होंने पहली पारी के दौरान ऑरेंज कैप पर कब्जा जमा लिया था, लेकिन सूर्यवंशी ने शानदार पारी खेलकर अपनी ऑरेंज कैप की टैली को 579 रन तक पहुंचाया और ऑरेंज कैप पर कब्जा किया। इस मैच से पहले वैभव सूर्यवंशी 8वीं पोजीशन पर थे, लेकिन लखनऊ के खिलाफ 93 रन की पारी खेलकर उन्होंने 7 बैटर्स को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। इतना ही नहीं, आआर के युवा ओपनर ने जिस तरह से रन बनाए, उसकी खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने 236.32 के स्ट्राइक रेट से इस सीजन रन बटोरे है, जो कि आईपीएल इतिहास का सबसे बेस्ट रिकॉर्ड है। साथ ही उन्होंने किसी एक आईपीएल सीजन में 53 सिक्स लगाकर इतिहास रचा।

ऐसा करने वाले वो पहले भारतीय बैटर बने हैं। अब उनकी नजरें आईपीएल के किसी एक सीजन में सर्वाधिक सिक्स लगाने के क्रिस गेल (59) के ऑलटाइम रिकॉर्ड पर नजरें हैं।

# अजय देवगन और अक्षय कुमार साथ में मचाएंगे धमाल, रोहित शेट्टी की बड़ी प्लानिंग

**● इस वक्त कई पॉपुलर फ्रेंचाइजी के अगले इंस्टॉलमेंट पर काम चल रहा है. जिनमें से कुछ इसी साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं. तो कुछ अगले साल के लिए अभी से शेड्यूल कर दी गई हैं. इस लिस्ट में अजय देवगन और रोहित शेट्टी की 'गोलमाल 5' शामिल हैं. जिस पर फिलहाल काम चल रहा है. इसी बीच रोहित शेट्टी ने बड़ी प्लानिंग कर ली है. अजय और अक्षय अब गोवा में क्या करेंगे?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

एक तरफ अजय देवगन हैं, तो दूसरी ओर अक्षय कुमार... दोनों का काम करने का स्टाइल एक जैसा है. साल भर में 4-5 फिल्में रिलीज कर देते हैं. वहीं, सुपरफास्ट स्पीड से काम करते हैं. साथ ही कॉमेडी, एक्शन, ड्रामा समेत सभी जॉनर की फिल्मों में दिखते हैं. इस साल दोनों की दो बार बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देखने को मिलेगी, जिस वजह से कई दिनों से चर्चा में हैं. पर फिलहाल साथ-साथ काम कर रहे हैं. जी हां, रोहित शेट्टी की 'गोलमाल 5' में अजय देवगन और अक्षय कुमार एक साथ हैं. जिनकी ऑफिशियल तौर पर फिल्म में एंट्री हो चुकी है. साथ ही 'गोलमाल 5' का शूट शुरू हो चुका है, जो अगले साल रिलीज होगी. अब जानिए गोवा में क्या होगा? अजय देवगन की अबतक इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है. जी हां, 'धमाल 4' के साथ ही एक्टर शुरुआत करने वाले हैं. जिसके बाद 'रेंजर' समेत कुछ और फिल्में भी लाएंगे. वहीं, दूसरी ओर अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' आ चुकी है. जबकि, उन्होंने 'वेलकम टू द जंगल' की तैयारी भी शुरू कर दी है. इसके अलावा 2 और फिल्में लाइन में हैं, जो इसी साल रिलीज होंगी. फिलहाल गोलमाल 5 का अपडेट बता देते हैं।

**'गोलमाल 5' को लेकर क्या अपडेट आया?**

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि 'गोलमाल 5' का अगला बड़ा शेड्यूल जून के तीसरे हफ्ते से शुरू होने की उम्मीद है. फिलहाल मेकर्स ने फिल्म का अब तक का सबसे बड़ा हिस्सा प्लान किया है, जो कि गोवा में होगा. साथ ही इसमें फ्रेंचाइजी के लड़कों के ग्रुप से जुड़े कुछ अहम कॉमेडी सीन भी होंगे. दरअसल इस दौरान अजय देवगन और अक्षय कुमार के भी टीम में शामिल होने की उम्मीद है।





कहा जा रहा है कि मेकर्स ने पूरी कास्ट के साथ एक शानदार डांस सीक्वेंस भी प्लान किया है। जहां मेकर्स का हर शेड्यूल में फिल्म की कहानी पर फोकस है, तो गानों पर भी खास जोर रहेगा। दरअसल गोलमाल 5 की टीम एकदम नए फेज में कदम रखने जा रही है. क्योंकि अब फाइनली गोवा का शूट शुरू होने जा रहा है. वैसे यह लोकेशन लंबे वक्त से गोलमाल फ्रेंचाइजी का हिस्सा रही हैं. जहां पहले भी फिल्म के शूट होते रहे हैं. इस बार फिल्म में अजय देवगन, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू काम करते दिख रहे हैं। साथ ही अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है. इस फिल्म को एक ऐसी कॉमेडी के तौर पर बनाया जा रहा है, जो कन्फ्यूजन, दोस्ती और जिंदगी से भी बड़े मजेदार हालात के इर्द-गिर्द घूमती है।

# कर्नल हिमांशु 5 दिन की सीबीआई रिमांड पर


**● 50 लाख की रिश्वत लेकर घटिया गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स मंजूर करने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने 50 लाख रुपये रिश्वत मामले में गिरफ्तार सेना के आयुध कोर के कर्नल हिमांशु को बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपित कर्नल को पांच दिनों की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। सीबीआई के मुताबिक, कर्नल हिमांशु कोलकाता स्थित पूर्वी कमान में तैनात थे। उन पर कानपुर की एक निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए निविदा प्रक्रिया में हेरफेर करने, घटिया गुणवत्ता वाले उत्पादों को मंजूरी देने और लंबित व बढ़े हुए बिलों के भुगतान को आसान बनाने का आरोप है। जांच एजेंसी के अनुसार, मामले में दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि कर्नल हिमांशु ने एक उद्योगपति से रिश्वत के लिए संपर्क किया था। आरोप है कि रुपये लेकर कंपनी के घटिया उत्पादों को मंजूरी दी गई और सैन्य खरीद प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, शुरुआती जांच में रिश्वत के एवज में 50 लाख रुपये की डील के संकेत मिले हैं। इसी आधार पर एजेंसी ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए कर्नल को गिरफ्तार किया। अब सीबीआई रिमांड के दौरान एजेंसी आरोपित से पूछताछ कर रिश्वत लेनदेन, निविदा प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी और अन्य संबंधित लोगों की भूमिका की जांच करेगी।




## गाजियाबाद के सूर्यनगर में गंदे पानी से लोग परेशान, समाधान की मांग



**साहिबाबाद।** डेल्टा कॉलोनी के सूर्यनगर के लोग दूषित पानी की आपूर्ति से परेशान हैं। बुधवार सुबह भी यहां दूषित पानी की आपूर्ति हुई। लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी समाधान नहीं किया जा रहा है। स्थानीय निवासी जैनेंद्र चौहान व राकेश शर्मा ने बताया कि माह में आठ से 10 दिन गंदे पानी की आपूर्ति होती है। इससे टंकी में जो पानी पहले से स्टोर होता है भी गंदा हो जाता है। इसके बाद टंकी की सफाई करानी पड़ती है।

इस पर 400 से 500 रुपये खर्च होते हैं। वहीं पीने के लिए दुकानों से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। जलकल विभाग में कई बार शिकायत की गई है, लेकिन हर बार आश्वासन मिलता है।

# दिल्ली के वेलकम इलाके में एक युवक की हत्या से सनसनी

**● दिल्ली के वेलकम पुलिस स्टेशन क्षेत्र के केशव चौक के पास एक व्यक्ति की हत्या की घटना सामने आई है। पुलिस और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दिल्ली।** वेलकम थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात बदमाशों ने 22 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान अमानुल्लाह कुरैशी पुत्र मोहम्मद तस्लीम निवासी गुरुद्वारा मोहल्ला, मौजपुर के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, श्याम लाल कॉलेज के पास फायरिंग की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि घायल अमानुल्लाह को स्वजन पहले ही गुरु तेग बहादुर अस्पताल लेकर गए थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद फॉरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने वेलकम थाने में हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# दिल्ली में वकीलों की हड़ताल पर अदालतों का एक्शन, कोर्ट का समय बर्बाद करने पर ठोका जुर्माना; चेतावनी भी जारी

**● जिला अदालतों में वकीलों की हड़ताल के दौरान कई अदालतों ने स्थगन से इनकार करते हुए सख्त रुख अपनाया। न्यायिक समय बर्बाद करने पर पक्षकारों पर 2 हजार से 30 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया गया, जिसमें पटियाला हाउस कोर्ट का एक मामला भी शामिल है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दिल्ली।** जिला अदालतों में सोमवार को वकीलों की हड़ताल के बीच कई अदालतों ने मामलों में स्थगन देने से इनकार करते हुए सख्त रुख अपनाया। विभिन्न अदालतों ने गैरहाजिरी और कार्यवाही में देरी को लेकर पक्षकारों पर दो हजार रुपये से लेकर 30 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया। अदालतों ने आदेशों में कहा कि हड़ताल के कारण न्यायिक समय की बर्बादी और असुविधा हुई है। ऐसे ही एक मामले पटियाला हाउस स्थित जिला सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने एक पक्ष पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

**समयबद्ध सुनवाई के मामलों में नहीं आए वकील**

अदालत ने कहा कि मामला समयबद्ध सुनवाई वाला है और दिल्ली हाई कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद शुरू में प्रतिवादी की ओर से कोई पेश नहीं हुआ। बाद में एक प्रॉक्सी वकील अदालत में उपस्थित हुआ, जब अदालत प्रतिकूल आदेश पारित करने वाली थी। मामले में वादी पक्ष के वकील ने स्थगन की मांग का विरोध करते हुए कहा कि हाई कोर्ट के निर्देशों के बावजूद प्रतिवादी की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। हालांकि अदालत ने प्रतिकूल आदेश पारित करने के बजाय मामले को 30 मई तक के लिए स्थगित कर दिया, लेकिन प्रतिवादी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

**बेवजह नहीं टाली जाएगी सुनवाई**

यह राशि नई दिल्ली जिला के लॉयर्स वेलफेयर फंड में जमा कराने का निर्देश दिया गया। अदालत ने साथ ही चेतावनी दी कि आगे किसी भी पक्ष को अनावश्यक स्थगन नहीं दिया जाएगा। दरअसल, दिल्ली बार कोऑर्डिनेशन कमेटी के आह्वान पर जिला अदालतों में सोमवार को वकीलों ने हड़ताल की थी।

यह हड़ताल 17 मई को दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विसेज एसोसिएशन के उस पत्र के बाद शुरू हुई। जिसमें रोहिणी कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और एक न्यायाधीश के बीच हुई बहस का वीडियो गुप्त रूप से रिकॉर्ड कर वायरल किए जाने की निंदा की गई थी। विवाद के बाद संबंधित न्यायाधीश को न्यायिक अकादमी से संबद्ध कर उन्हें पद से हटा दिया गया था।